# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026


सोने-चांदी की कीमतों में जारी रही तेजी

## 7000 रुपए महंगी हुई चांदी सोने की कीमतों में भी वृद्धि



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे दिन सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1100 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 1,41,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। सोमवार शेष पेज 4 पर







Ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करेंगे शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अगले महीने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करने जा रहे हैं। ये धवन की दूसरी शादी होगी और दोनों अगले महीने यानी फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते है। शिखर धवन और सोफी को पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान एक साथ देखा गया था और इसके बाद दोनों ने खुद ही इस रिश्ते पर मुहर लगाई थी। शादी में शामिल होने के लिए क्रिकेट और बॉलीवुड की कई हस्तियों को निमंत्रण दिया गया है।

### सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को सांस संबंधी परेशानी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सर गंगा राम अस्पताल की ओर से जारी बयान के मुताबिक उन्हें सोमवार रात करीब 10 बजे भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच में सामने आया कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के संयुक्त असर के कारण उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था।

### नीट यूजी 2026 परीक्षा को लेकर एनटीए की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** इस साल जो उम्मीदवार नीट यूजी 2026 परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। उनके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एडवाइजरी जारी की है। जारी की गई एडवाइजरी में उम्मीदवारों से कहा गया है कि वो आवेदन से पहले अपना आधार कार्ड अपडेट करवा लें। इसी तरह से कैटेगरी सर्टिफिकेट को भी अपडेट करने को कहा है। एनटीए ने कहा है कि उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि उनका आधार कार्ड पूरी तरह से अपडेट हो।

इंदौर दूषित पानी मामले में हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट पर जताई गहरी नाराजगी

# कोर्ट को मौतों का गलत आंकड़ा बताया दाखिल जवाब को कहा-असंवेदनशील

- इंदौर में दूषित पानी से 18 लोगों की मौत हुई। पर हाई कोर्ट में जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, उसमें केवल 4 मौतें ही बताई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले को लेकर हाई कोर्ट में मंगलवार को अहम सुनवाई हुई। कुल 5 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पिछली सुनवाई में सरकार ने कोर्ट में अपनी स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें दूषित पानी से सिर्फ 4 मौतों की जानकारी दी गई थी, जबकि मौत का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है।

इस पर हाई कोर्ट ने रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी भी तय की जाएगी। साथ ही संकेत दिए कि अगर पीड़ितों को मुआवजा कम मिला है तो उस पर भी अदालत उचित निर्देश जारी करेगी। इस दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि इस घटना ने इंदौर शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर अब दूषित पानी की वजह से पूरे भारत में चर्चा का विषय बन गया है। अब तक दूषित पानी पीने से मौत का आंकड़ा 18 पहुंच चुका है। 18वीं मृत महिला भागीरथपुरा के समीप की बस्ती कुलकर्णी नगर में रहती थी। वह अपनी बेटी के यहां रहने आई थी। 1 जनवरी को 70 वर्ष से अधिक उम्र की महिला हरकू बाई कुंवर की मौत हो शेष पेज 4 पर

**जरूरत पड़ी तो अफसरों पर तय होगी क्रिमिनल जिम्मेदारी**




इंदौर हाईकोर्ट

- *साफ पानी जनता का हक, घटना से शहर की छवि को पहुंचा नुकसान*
- *इंदौर प्रशासन दूषित पानी से फैली बीमारी का रोजाना अपडेट दें*
- *अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय*

### हाईकोर्ट ने इस मामले को 7 श्रेणियों में बांटा

- प्रभावित लोगों के लिए तत्काल और आपात निर्देश
- रोकथाम और सुधारात्मक उपाय
- जिम्मेदारी तय करना
- अनुशासनात्मक कार्रवाई
- मुआवजा
- स्थानीय निकायों को निर्देश
- जन-जागरूकता और पारदर्शिता

### मुख्य सचिव को वर्चुअली पेश होने के आदेश

हाई कोर्ट ने पूरे प्रदेश के पीने के पानी की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर पीने का पानी ही दूषित हो, तो यह बेहद गंभीर विषय है। यह समस्या सिर्फ शहर के एक हिस्से तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इंदौर में पीने के पानी की सुरक्षा पर सवाल है। कोर्ट ने इस मामले में मुख्य सचिव को वर्चुअली पेश होने के निर्देश दिए हैं।

अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय की गई है। कोर्ट ने साफ कहा है कि वह इस गंभीर मामले में सीधे मुख्य सचिव की बात सुनना चाहता है। प्रशासन से कहा गया है कि जिस तरह से कोरोना महामारी का मेडिकल बुलेटिन जारी करते थे उसी तरह दूषित पानी से फैली बीमारी का भी अपडेट दे।

### नई स्टेटस रिपोर्ट पेश करें

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि वे इस मामले में अपना विस्तृत जवाब दाखिल करें और एक नई स्टेटस रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल का अधिकार भी शामिल है और इसकी अनदेखी गंभीर विषय है।

कांग्रेस ने पूछा-क्या छिपा रही है सरकार?

## भागीरथपुरा पहुंचे कांग्रेस के 8 नेता उमंग सिंघार की पुलिस से हुई झड़प



पीड़ित परिजनों से मुलाकात की

- *पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा जल त्रासदी को लेकर मंगलवार को इंदौर में भारी राजनीतिक गहमागहमी देखी गई। प्रशासन द्वारा धरना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद कांग्रेस नेताओं ने बस्ती में दाखिल होने की कोशिश की। लंबी जद्दोजहद और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस ने कांग्रेस के केवल 8 वरिष्ठ नेताओं को ही भागीरथपुरा की प्रभावित बस्ती में जाने की अनुमति दी। जब कांग्रेस नेताओं का काफिला भागीरथपुरा पहुंचा, तो भारी पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। काफी देर तक चले हंगामे के बाद प्रशासन ने सीमित संख्या में नेताओं को अंदर जाने दिया, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। बस्ती में पहुंचने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं और पापों को छिपाने के लिए कांग्रेस को जनता से मिलने से रोक रही है।



लोगों से बात करते पटवारी



स्कूलों को अगले 48 घंटे के लिए बंद किया गया

दूसरे दिन भी कुए से आग का निकलना जारी रहा

आंध्र प्रदेश ओएनजीसी के कुए में गैस रिसाव

## दूसरे दिन भी 'धधकती' रही आग दिल्ली-मुंबई से बुलाई विशेष टीमें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले में ओएनजीसी की मोरी-5 गैस कुए में भयंकर धमाका हुआ है। सोमवार दोपहर से शुरू हुई यह आग मंगलवार को भी धधकती रही है। लपटें आसमान को छू रही हैं और आसपास के इलाके काले धुएं से ढंक गए हैं। रेजोल शहर के कुछ हिस्सों में घना काला धुआं छा गया है। फायर फाइटिंग टीमें रातभर जुटकर काम करती रहीं। उनका ध्यान कुए के शेष पेज 4 पर

### 1 किलोमीटर दायरे में सख्त नो-गो जोन

जिला प्रशासन ने कुए के 1 किलोमीटर दायरे में सख्त नो-गो जोन की पाबंदी लगा रखी है। इरुसुमांडा और आसपास के गांवों से करीब 600 लोग यानी 300 परिवारों को राहत शिविरों शेष पेज 4 पर

राजधानी में हिट एंड रन का ऐसा मामला

नशे में धुत युवक वाहनों व लोगों को कुचलता गया... आखिरकार लोगों ने ही उसे पकड़ा

# लिंक रोड नंबर 1 से रंग महल तक कार से 15 लोगों को रौंदा, इनमें से 7 अस्पताल में

- *आरोपी युवक का जेपी में नशे का टेस्ट कराया गया वह धुत पाया गया*
- *आरोपी कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था इसका अब तक पता नहीं*
- *आरोपी ड्राइवर है, वह किसी से कार मांगकर लाया था, उसने कहां शराब पी, यह पता नहीं*
- *इस रूट में 3 चेकिंग ट्रैफिक पॉइंट-नानके, रोशनपुरा व रंगमहल लेकिन ट्रैफिक पुलिस पकड़ नहीं सकी*



इसी कार से तांडव मचाया। इसके सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया ( इनसेट में) आरोपी चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की व्यस्ततम सड़क पर मंगलवार दोपहर 2 बजे एक तेज रफ्तार ग्रैंड विटारा कार काल बनकर दौड़ी। नशे में धुत एक युवक ने लिंक रोड नंबर एक से पेट्रोल पंप से होते हुए रंग महल चौराहे तक रास्ते में आए करीब 15 लोगों को रौंद डाला। इसमें 7 लोग घायल हैं जिनका पुलिस पता लगा रही है।

कार सबसे पहले ई रिक्शा और उसके बाद एसयूवी और दो स्कूटी सवार को टक्कर मारते हुए जाकर डिवाइडर से जा टकराई। कार की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। घटना के बीच लोग भी उसके पीछे-पीछे दौड़ने लगे। जैसे ही कार डिवाइडर टकराकर रुकी। लोगों उसे चालक को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि कार किसी रिश्तेदार की है। हादसे में युवक को गंभीर चोटें नहीं आई है। एसआई राघवेंद्र सिंह सिकरवार के मुताबिक शेष पेज 4 पर

### घायलों से कहा- हम लोग तो मरते-मरते बचे

हादसे में घायल लोगों ने कहा कि हमारी जान जाते हुए बची है। महिलाओं ने कहा कि ऐसा लगा कि हार्ट ही फेल हो जाएगा। एक महिला ने कहा कि मेरे वाहन को टक्कर मारते हुए कई और लोगों को हादसे का शिकार बनाया गया है। वो टक्कर मारकर भाग ही जाता लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया।

### आरोपी को पिलाना पड़ा नींबू पानी

पुलिस ने बताया कि आरोपी इतने नशे में था कि वह कुछ बात बात नहीं पाया। पुलिस को उसे होश में लाने के लिए नींबू पानी पिलाना पड़ा। लॉकअप थाने के भीतर इसलिए नहीं रखा। क्योंकि वह नशे की हालत में शेष पेज 4 पर



एक छात्रा और बुजुर्ग महिला कार की टक्कर में घायल हुईं। एक अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हालत में।

दो साल में क्या किया और आगे 2 साल का क्या होगा रोडमैप?

योजनाओं और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन का तय होगा लक्ष्य

## मुख्यमंत्री ने आज बुलाई मंत्रियों की बैठक, एसआईआर पर करेंगे चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे मंत्रालय में मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों की बैठक बुलाई है। इसमें एसआईआर पर तो चर्चा होगी ही क्योंकि लगभग 42 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने से भाजपा और सरकार दोनों सकते में हैं। इसके अलावा बैठक में मंत्रियों से विभागवार दो साल में किए गए कार्यों और आगामी 2 साल के रोडमैप पर



चर्चा की जाएगी। डॉ. यादव बैठक में मंत्रियों से सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन पर बात कर लक्ष्य तय कराएंगे। सरकार का दो साल का शेष पेज 4 पर

### एसआईआर पर मंत्रियों को मिलेगी जवाबदारी

जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में 42 लाख मतदाताओं के नाम कटने की स्थिति में मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह सभी संभाग और जिलों में बैठकें कर समीक्षा करेंगे। मंत्रियों से कहा जाएगा कि वे विधायकों से चर्चा कर बूथ स्तर पर समीक्षा करें। एसआईआर के तहत प्रथम चरण की प्रक्रिया होने के बाद मतदाता सूची का प्रारूप जारी किया गया था। जिसके मुताबिक, 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के नाम कम हुए हैं। इसे लेकर मंत्रियों को समीक्षा करने के लिए कहा जा सकता है। कोशिश की जाएगी कि मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### दिग्दर्शिका-आयाम के बच्चों को मेले का कराया भ्रमण

**भोपाल।** सामाजिक सरोकार की विगत तीन दशकों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भोपाल उत्सव मेला समिति ने इस वर्ष भी दिग्दर्शिका और आयाम के 125 स्पेशल बच्चों को मेले का भ्रमण कराया। बच्चों ने अपनी पसंद के झूलों का आनंद लिया। साथ ही बच्चों को मेले प्रबंधन की ओर से स्वल्पाहार और रिटर्न गिफ्ट प्रदीप गोल्डन, सुनील जेनाविन और अशोक गुप्ता ने प्रदान की। गिफ्ट पाकर बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे। इस सेवाभावी पहल का कॉर्डिनेशन ऊषा उपाध्याय, वीवा जोशी और मम्तेश शर्मा के द्वारा किया गया।

### एनआईडी एआईएफडी बेंगलुरु और मप्र के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**भोपाल।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, मध्यप्रदेश और आर्मी वेलफेयर एजुकेशनल सोसाइटी के अंतर्गत संचालित आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन एआईएफडी बेंगलुरु के बीच सोमवार को समझौता ज्ञापन एमओए पर हस्ताक्षर किए गए। यह समारोह एनआईडी एमपी परिसर में आयोजित किया गया। समझौते पर एनआईडी एमपी के निदेशक एवं एआईएफडी बेंगलुरु के प्राचार्य ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनआईडी एमपी के रजिस्ट्रार और संस्थान के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### माशिमं ने बढ़ाई परीक्षा फार्म में सुधार की तिथि

**भोपाल।** राजधानी स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र ने मंगलवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा आवेदन में सुधार के लिए अंतिम तिथि में इजाफा किया है। एमपी बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के लिए ऑनलाईन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि सुधार के लिए 21 दिसंबर 2025 तक रुपए 500/- प्रति विषय अर्थदण्ड के साथ विषयों में त्रुटि सुधार की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई थी। अब छात्रहित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाईन विषयों में त्रुटि सुधार के लिए 10 जनवरी 2026 तक सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही विषय संशोधन के लिए 10 जनवरी 2026 के बाद परीक्षा केन्द्र अथवा मंडल स्तर पर किसी प्रकार के विषय संशोधन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। शेष नियम और निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे।

### लायंस क्लब रीजन 4 व रीजन 5 के बीच प्रतियोगिता

**भोपाल।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 G 2 के रीजन 4 एवं रीजन 5 के संयुक्त तत्वावधान में बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रन आउट शाहपुरा भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में 7 मुकाबले खेले गए। संचालन के लिए लायन गगन कांत त्रिपाठी एवं लायन राहुल जैन को संयोजक नियुक्त किया गया।

तिलवा चौथ के नाम से जाना जाता है यह त्यौहार

# संकट चतुर्थी पर विधि-विधान से गणेश पूजन संपन्नः सौभाग्य और संतान की मंगल कामना के साथ तिल-गुड़ का लगाया भोग

## गणेश मंदिरों में सुबह से लगा श्रद्धालुओं का तांता, देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए भगवान से की प्रार्थना



गणेश मंदिर का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तिल चतुर्थी पर मंगलवार को सुबह से ही राजधानी के गणेश मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का जमावड़ा लगाना शुरू हो गया था। इस बार मंदिरों में तिल चतुर्थी पर भगवान के दर्शन कर सौभाग्य व संतान व परिवार के लोगों के अच्छे स्वस्थ्य की कामना की।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि संकट चतुर्थी पर राजधानी के विभिन्न गणेश मंदिरों व घरों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से श्रीगणेश पूजन किया गया। दिनभर उपवास रखा, रात में चंद्र उदय पर भगवान श्री गणेश व चंद्रदेव की पूजा की। काले तिल व गुड़ का भोग लगाया गया। पुजारी दुबे ने बताया कि इस त्योहार को तिलवा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। उत्तर भारत के लोग यह त्योहार धूमधाम से मनाते हैं। महिलाओं ने तिल के लड्डू के साथ शकरकंद व गाजर का हलवा भी प्रसाद में बनाया। विनायक की पूजा कर व्रती महिलाओं ने अपना उपवास खोला।

### मोती जड़ित वस्त्र पहनाए गए



गणेश मंदिर में आराधना का दृश्य।

संकट चतुर्थी के अवसर पर राजधानी के गुफा मंदिर, छोला गणेश मंदिर, पिपलानी गणेश मंदिर, कोलार गणेश मंदिर में भगवान श्रीगणेश, रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ को मोती जड़ित वस्त्र पहनाए गए और स्वर्ण आभूषणों से भगवान का श्रृंगार किया गया। मंदिर को भी विशेष रूप से सजाया गया।

### महाराष्ट्र मंडल ने की पूजा



गणेश मंदिर में मौजूद भक्त।

संकष्टी चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को महाराष्ट्र मंडल द्वारा आदर्शनगर, तुलसी नगर, पिपलानी, आदि मंदिरों में विशेष पूजा पाठ की गई। इस मौके पर अभिषेक, सामूहिक आवर्तन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

18 एकड़ में लघु उद्योग विभाग करा रहा डेवलपमेंट, बनी अंतिम सहमति

# 48 साल बाद आरा मशीनों की शिफ्टिंग, हटाई जाएंगी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले 48 साल से शहर के लिए मुसीबत बनीं आरा मशीनों की शिफ्टिंग पर फाइनली सहमति बन गई है। फरवरी माह में बरखेड़ी फाटक से भारत टॉकीज की तरफ बनीं करीब 40 मशीनों को शिफ्ट किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक आरा मशीन संचालक को न्यूनतम दाम पर पांच हजार वर्गफीट का प्लॉट दिया जा रहा है। यह मशीनें शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर परवलिया के छोटा रातीबड़ में शिफ्ट किया जा रहा है। मंगलवार को शहर एसडीएम दीपक पांडे के यहां हुई बैठक में मशीन संचालकों को फरवरी माह से शिफ्ट करने पर सहमति बन गई है। रातीबड़ में 40 प्लॉट भी तैयार कर लिए गए हैं। यहां 18 एकड़ में फर्जीचर कलस्टर भी बनाया जा रहा है।

राजधानी में पहले चरण में एम्स से करोंद के बीच मेट्रो रूट पर आ रहीं 40 मशीनें फरवरी तक शिफ्ट होंगी। अब इन्हें उद्योग में शामिल कर लिया गया है। इससे इन्हें सब्सिडी का फायदा भी मिलेगा। एम्स से करोंद तक 14.99 किमी लंबे मेट्रो रूट में से एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी रूट पर कमर्शियल रन शुरु कर दिया गया है। इसके आगे यानी सुभाष नगर से करोंद तक 8.77 किमी के रूट पर काम चल रहा है।

*बरखेड़ी फाटक से भारत टॉकीज तक मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की बाधा होगी दूर*



आरा मशीनों की शिफ्टिंग कार्य की तैयारी।

### कारोबारियों ने रखी एक साथ शिफ्टिंग की मांग

*टिंबर मर्चेंट एंड आरा मशीन एसोसिएशन के अध्यक्ष बदर ए आलम का कहना है कि कारोबारियों की मांग है कि छोटा रातीबड़ में एक साथ सभी आरा मशीनों को शिफ्ट किया जाए, जिससे कारोबार की रफ्तार निरंतर बनी रहे। फिलहाल प्रशासन*

### आग लगने के बाद तेज हुई कवायद

पिछले दो महीने में आरा मशीनों में लगातार लगी बड़ी आग के बाद से शिफ्टिंग की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए आरा मशीन संचालक भी प्रशासन से लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन छोटा रातीबड़ में काम की गति बहुत धीमी होने की वजह से शिफ्टिंग का काम नहीं हो पा रहा है। हालांकि आग की घटना के बाद से तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं।

### इसी महीने कर देंगे शुरु

दो चरणों में योजना तैयार की गई है। पहले चरण में लिए 40 आरा मशीनों को शिफ्ट किया जाएगा, इसके बाद दूसरे चरण में शेष आरा मशीनों को हटाया जाएगा।

### ऐसे चल रही शिफ्टिंग की कवायद

- ▶▶ छोटा रातीबड़ में सड़क निर्माण कर प्लॉट डेवलप किए
- ▶▶ 108 आरा मशीनें हैं शहर में
- ▶▶ 50 बार चर्चा हो चुकी इनकी शिफ्टिंग पर
- ▶▶ 5.50 करोड़ रुपए दिए हैं मेट्रो प्रशासन ने
- ▶▶ पहले 40 मशीनें बाहर होंगी

रास्ता खोलने की मांग, रांग साइड आने वालों पर सख्ती की मांग

सदर मंजिल होटल के लिए बंद किया मोती मस्जिद चौराहा

# जाम खत्म करने बंद किया रास्ता रास्ता बंद होने से जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



इब्राहिमपुरा से हमीदिया जाने वाली सड़क को किया बंद।

ट्रैफिक पुलिस ने मोती मस्जिद चौराहे के आसपास लग रहे जाम को लेकर इब्राहिमपुरा से हमीदिया जाने वाली सड़क को बेरिकेडिंग से बंद कर दिया था, जिससे पुराने शहर से हमीदिया जाने के लिए वाहन चालकों को मोती मस्जिद चौराहे से रेत घाट होते हुए इकबाल मैदान से हमीदिया जाना पड़ रहा है। इधर हमीदिया से पुराने शहर को आने वाले वाहन चालक अब भी आ रहे हैं, जो रेत घाट चौराहे से रांग साइड होकर पुराने शहर को जा रहे हैं। ऐसे में यहां रोजाना घंटों जाम के हालात बन रहे हैं। लोग बोल रहे हैं कि जाम को खत्म करने के लिए सड़क को बंद किया गया है, जबकि सड़क बंद होने से जाम लग रहा है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आए सुधीर श्रीवास्तव ने इस बंद सड़क को खोलने की मांग की है।

जिसको लेकर अपर कलेक्टर इला तिवारी ने मामले की जांच डीसीपी ट्रैफिक बसंत कौल को सौंपी है। इधर कलेक्टर की जनसुनवाई में मंगलवार को 143 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। शिकायतकर्ता ने बताया कि इकबाल मैदान वाली सड़क पर सदर मंजिल में हेरिटेज बाय एडमोसफियर होटल खोली गई है, जिसे फायदा पहुंचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मोती मस्जिद चौराहे को बेरिकेडिंग से बंद कर दिया है, जबकि यह रास्त सालों पुराना है। ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि जो वाहन चालक रांग साइड वाहन लाता है, उस पर चालानी कार्रवाई की जाए।

### फायनेंस कंपनी ने बेचा मकान

*देवमाता अस्पताल अयोध्या बायपास निवासी रमा चौरसिया ने बताया कि उन्होंने 28 फरवरी 2017 को शुभम फायनेंस से प्रेमनगर कालोनी में एक मकान निर्माण के लिए चार लाख 24 हजार 352 रुपए का लोन लिया था। जिसे बाद में आधार फायनेंस को ट्रांसफर किया था। उन्होंने किस्त भी जमा कि और वह सेटलमेंट को तैयार थी, इसके बाद भी बिना बताए मकान तीन लाख में 30 दिसंबर को अतिश्रेय ठाकुर को बेच दिया गया है।*

### ट्यूबवेल में पानी नहीं, कुआं दान करने की पहल

*राकेश मीणा निवासी मूंडला चट्टा बैरसिया ने बताया कि पांच सौ लोगों की आबादी वाला गांव है। यहां पर पीएचई ने ट्यूबवेल कराया था, लेकिन उसमें पानी नहीं मिला था। विभाग ने पानी की टंकी भी बना दी थी, लेकिन बोर में पानी नहीं होने से गांव के लोग पानी के लिए परेशान होते हैं। मीणा ने आवेदन देकर कहा है कि मेरे कुएं में पर्याप्त पानी है। ऐसे में इस कुएं से गांव में पानी सप्लाई कर समस्या को दूर किया जा सकता है।*

## आयुरप्रवेशिका इंडक्शन समारोह में विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

*आयुर्वेद का है भविष्य, आयुर्वेद ही मुख्य चिकित्सा पद्धति होगी*




2025-26 बीएएमएस बैच का शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के मार्गदर्शन में इंडक्शन समारोह के अंतर्गत आयुर प्रवेशिका ट्रांजिक्शनल करीकुलम सत्र 2025-26 बीएएमएस बैच का शुभारंभ हुआ।

मां सरस्वती व भगवान धंवंतरि की पूजा-अर्चना व हवन के पश्चात समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैद्य डॉ गोपालदास ऊद्धवदास मेहता, डॉ अरुण श्रीवास्तव, डॉ हर्षवर्धन सिंह, डॉ राकेश पाण्डेय, डॉ आर गुप्ता, डॉ नितिन तिवारी, डॉ सत्यप्रकाश पाठक की उपस्थिति में हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ गोपालदास मेहता ने कहा कि भविष्य आयुर्वेद का है और आयुर्वेद ही मुख्य चिकित्सा पद्धति होगी। सीईओ सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय ने कहा कि हम हर संभव मदद छात्रों की एकेडमिक रूप में करेंगे। वीसी डॉ अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि आयुर्वेद में टेस्टिंग व रिसर्च बढ़ जावे तो नंबर वन बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह में नवीन छात्रों के अभिभावकगण, समस्त टीचिंग, नॉनटीचिंग, हॉस्पिटल स्टॉफ, छात्र-छात्राएं व सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय ने छात्रों को शपथ दिलाई।

## मध्यप्रदेश में 15 लाख स्कूली बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेट

**भोपाल।** 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' पहल के अंतर्गत अब तक 15 लाख से अधिक छात्रों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। यह अभियान स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा केंद्र तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यूआईडीएआई और भारत सरकार के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सहयोग से यूडाईस प्लस पोर्टल के माध्यम से स्कूलों को छात्रों के आधार में लंबित एमबीयू की स्थिति देखने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल की शुरुआत 15 अगस्त 2025 को की गई थी। बीते चार महीनों में, 31 दिसंबर 2025 तक, 2000 से अधिक स्कूलों में विशेष एमबीयू शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों तथा आधार सेवा केंद्रों के माध्यम से 15 लाख से अधिक छात्रों ने अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराया। सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी सभी सीबीएसई स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

## सभी कॉलेजों को 15 तक स्वयं पोर्टल पर पाठ्यक्रम मैपिंग कार्य के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने मंगलवार को मंत्रालय में स्वयं पोर्टल के संबंध में 35 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण करने वाले केंद्रीय अध्ययन मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्वयं पोर्टल की प्रगति तथा पाठ्यक्रमों की मैपिंग की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राजन ने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की स्वयं पोर्टल के साथ अनिवार्य रूप से मैपिंग 15 जनवरी तक पूरी की जाए, जिससे इन पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को क्रेडिट का लाभ मिल सके। स्वयं पोर्टल पर संचालित नए एवं अन्य रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को समूह बनाकर शामिल किया जाए, जिससे विद्यार्थियों का कौशल संवर्धन हो सके और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दौड़ में अपने आपको साबित कर सकें।

### प्रदेश गैर-तकनीकी विषयों में पंजीयन में अव्वल

मध्यप्रदेश, देश में एकलौता राज्य है जहां गैर-तकनीकी विषयों में तकनीकी विषयों से ज्यादा पंजीयन है। गैर-तकनीकि विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रदेश के करीब 2 लाख (57 प्रतिशत) विद्यार्थियों ने तथा तकनीकि विषयों के पाठ्यक्रमों में करीब 1.5 लाख (43 प्रतिशत) विद्यार्थियों ने पंजीयन किया है। एक साल में राज्य के पंजीयन में 350 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि राज्य द्वारा योजनाबद्ध रूप से प्रयास किए गए हैं। स्वयं का पूरा नाम स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स है, जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य शिक्षा नीति के तीन प्रमुख सिद्धांतों, अर्थात पहुंच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करना है।

खुदाई के चलते क्षतिग्रस्त हुई थिंक गैस लाइन

## पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद थिंक गैस ने बहाल की गैस सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अवधपुरी क्षेत्र में स्थित रीगल सिविक सेंटर के पास सीवेज का काम कर रहे एक ठेकेदार द्वारा की गई गहरी और असुरक्षित खुदाई के कारण थिंक गैस की सिटी गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क का एक हिस्सा और भारी पत्थर पाइपलाइन पर गिरने से यह घटना हुई। घटना की जानकारी मिलते ही थिंक गैस की इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभावित हिस्से की गैस सप्लाई बंद की गई और सुरक्षित तरीके से दोबारा गैस आपूर्ति शुरू कर दी गई, जिससे लोगों को अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

पाइपलाइन के रास्ते पर पहले से चेतावनी बोर्ड, निशान और इमरजेंसी संपर्क नंबर लगे होने के बावजूद, संबंधित ठेकेदार ने खुदाई शुरू करने से पहले थिंक गैस को कोई सूचना नहीं दी और न ही घटना के बाद कोई रिपोर्ट सौंपी। सरकारी नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति



क्षतिग्रस्त गैस पाइप लाइन।

या एजेंसी अगर खुदाई का काम करने जा रही है तो उसे पहले नगर निगम या सिटी गैस कंपनी को 'डायल बिफोर यू डिग' नंबर पर सूचना देना जरूरी है। इस मामले में बिना सूचना दिए खुदाई की गई, जिस पर थिंक गैस ने संबंधित पार्टी के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। थिंक गैस ने ठेकेदारों, एजेंसियों और आम लोगों से अपील भी की है कि खुदाई करने से पहले सुरक्षा नियमों का पालन करें। खुदाई से पहले थिंक गैस से संपर्क करें।

## अच्छा स्पर्श, बुरा स्पर्श विषय पर कार्यशाला का आयोजन

*कार्यक्रम के दौरान 65 छात्राओं ने दर्ज कराई उपस्थिति*



कार्यशाला का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षितिज थियेटर एंड वेलफेयर सोसाइटी 6 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला अकबरपुर कोलार रोड में अच्छा स्पर्श बुरा स्पर्श विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे 65 छात्राएं उपस्थित थीं।

कार्यशाला में किरती बौरा द्वारा छात्राओं को अच्छा स्पर्श बुरा स्पर्श के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। गीता अग्निहोत्री द्वारा छात्राओं की जिज्ञासा का उत्तर प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान निष्कर्ष के लिए अंत में प्रश्न उत्तर दौर में प्रतिभागियों को सही उत्तर देने पर उपहार दिया गया। प्राचार्य मीना जैन द्वारा उद्बोधन दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मंजू गुप्ता, विधि वर्मा, मधुबाला तिवारी, सुशीला प्रसाद शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

शहर में 40 से ज्यादा प्लेन पार्किंग, लेकिन 30 बंद हैं, स्मार्ट पार्किंग भी बदहाल

एक माह पूर्व ननि आयुक्त ने दिए थे सभी पार्किंग को सुचारू रूप से शुरू करने के दिशा-निर्देश

# सभी पार्किंग शुरू करने के निर्देश के महीने भर बाद भी व्यवस्था सुधारने का काम नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में लंबे समये से बदहाली से घिरीं नगर निगम की पार्किंग को शुरू करने के लिए एक माह पहले निर्देश देने के बावजूद सुधार का काम शुरू नहीं हुआ।

प्लेन और स्मार्ट पार्किंग बदहाल हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 40 से ज्यादा प्लेन पार्किंग हैं जिनमें से 30 अव्यवस्था से घिरी हैं। स्मार्ट पार्किंग के चेक पोस्ट टूटे पड़े हैं। जबकि निगम आयुक्त ने सभी पार्किंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शहर के एमपी नगर, जहांगीराबाद, इतवारा, घोड़ा नक्कास, संत नगर, कोलार, भेल क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर 40 से ज्यादा प्लेन पार्किंग हैं। अधिकांश बंद हैं। यहां लोग वाहन तो खडे कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा के लिए कोई कर्मचारी नहीं है। यही हालात एमपी नगर सहित नए शहर में स्मार्ट पार्किंग के हैं। जहां लबे बूम बैरियर और चैक पोस्ट टूटे पड़े हैं। एक माह पूर्व नगर निगम आयुक्त ने सभी पार्किंग को शुरू करने और व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन के निर्देश दिए थे। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि सभी पार्किंग जल्द ही शुरू होंगी। इसके अलावा नए पार्किंग स्थल भी देखे जा रहे हैं।



स्मार्ट पार्किंग का दृश्य-1




स्मार्ट पार्किंग का दृश्य-2

### कहीं 100, कहीं 150 वाहनों की है क्षमता

*एमपी नगर में तीन स्मार्ट पार्किंग हैं। कहीं 100 तो कहीं 150 दुपहिया और चार पहिया वाहनों के खड़े होने की क्षमता है। इसी तरह पुराने शहर के जहांगीराबाद में 50 से दुपहिया वाहनों की प्लेटन पार्किंग बदहाल है। सभी 40 पार्किंग में 2500 से ज्यादा वाहनों की क्षमता है। कुछ जगह पर अवैध वसूली की शिकायतें भी हैं। इन्हें देखते हुए पार्किंग व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए थे।*

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# राजगढ़ में 2... भोपाल में 3.8 डिग्री

## भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में दृश्यता शून्य के करीब, राजगढ़ में जमी कोहरे की बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार को मौसम कुछ साफ होते ही रात के तापमान में तेजी से गिरावट रही। भोपाल में सीजन का सबसे कम रात का पारा 3.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 6.4 डिग्री कम है। पिछले साल 8 जनवरी को 3.6 डिग्री तक रहा है।

यहां सीवियर कोल्ड वेव के साथ रात से सुबह तक घना कोहरा रहा। भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में विजिबिलिटी शून्य तक रही। पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ने से गुरुवार से भोपाल सहित अधिकांश जिलों में तेज सर्दी और घने कोहरे से कुछ राहत रहेगी। लेकिन कुछ जिलों में कड़ाके की सर्दी जारी रहेगी। बर्फीली हवाओं के असर से प्रदेश में सबसे कम रात का पारा राजगढ़ में 2 डिग्री रहा, जबकि शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री दर्ज हुआ। राजगढ़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल में सीवियर कोल्ड वेव, घना कोहरा, सीजन की सबसे ठंडी रात कल के बाद राहत

शहडोल में 2.8, शाजापुर में 3.7, मंदसौर में 3.8 व सीहोर में 3.9 डिग्री पर रहा पारा

### यहां दृश्यता शून्य के करीब

भोपाल, राजगढ़, रायसेन, दतिया, ग्वालियर, खजुराहो, नौगांव और रीवा में सुबह घने से अति घना कोहरा रहने से दृश्यता 50 से 200 मीटर तक रही। इसके साथ ही प्रदेश के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में कोहरे का असर अधिक रहा है।

### यहां डेंस फॉग, कोल्ड डे, कोल्ड वेव

बुधवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, टीकमगढ़, निवाड़ी में डेंस फॉग, छतरपुर में अति घना कोहरा और शीतलहर, भोपाल में घना कोहरा और शीतलहर रहेगी। राजगढ़, ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल की कमला पार्क रोड जहां आमतौर पर वाहनों का भारी ट्रैफिक दबाव रहता है, लेकिन शाम 4:25 बजे वाहनों की संख्या कम रही।

### भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनें 16 घंटे तक लेट

घने कोहरे और खराब मौसम का असर मंगलवार को भी रेल यातायात पर बना रहा। भोपाल से होकर गुजरने वाली ज्यादातर लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से पहुंची। इसमें जहां प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें दुरंतो एक्सप्रेस 16 घंटे तो शताब्दी व राजधानी एक्सप्रेस श्रेणी कई ट्रेनें भी 3 से चार घंटे की देरी से पहुंची।

## खबर संक्षेप

### कटियार ने अयोध्या से चुनाव लड़ने के दिए संकेत



**अयोध्या।** उप्र में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के फायर ब्रांड नेता और पूर्व सांसद विनय कटियार ने बड़ा सियासी संकेत दिया है। अयोध्या में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ हुई लंबी बैठक के बाद कटियार ने चुनाव लड़ने की तैयारी का ऐलान किया। यह बैठक बंद कमरे में घंटों तक चली। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन हुआ।

### रेलवे का बड़ा बदलाव: 1 मार्च से यूटीएस बंद, अब रेल वन



**नई दिल्ली।** 1 मार्च से अनारक्षित टिकट की बुकिंग के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप पर सेवा बंद कर दी जाएगी। इसकी घोषणा रेलवे बोर्ड ने कर दी है। इसकी जगह पर केवल 'रेलवन' ऐप ही अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए एकमात्र अधिकृत मोबाइल एप्लीकेशन के रूप मे काम करेगा। रेलवे का लक्ष्य यात्रियों को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप से झंझट से मुक्ति दिलाना है।

### पुलिस पर हमला मामले में 29 लोगों पर केस दर्ज



**गुना।** चांचौड़ा क्षेत्र के पेंची गांव में सोमवार को पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने 29 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, अन्य की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। एसपी अंकित सोनी ने मंगलवार अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का हाल जाना।

## मद्रास हाईकोर्ट ने लगाई डीएमके सरकार को फटकार- राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करें

# तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने की इजाजत बरकरार

### राज्य सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया


*मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन से जुड़े मामले में डीएमके सरकार को झटका दिया है*

एजेंसी ▶▶ मदुरै

तमिलनाडु की डीएमके सरकार को मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित दरगाह के पास पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन की अनुमति से जुड़े मामले में सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया है। दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम साल में एक बार कार्तिक मास में होता है।

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने मंगलवार को उस आदेश को सही माना, जिसमें तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर दरगाह के पास बने पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने को कहा गया था। अदालत ने साफ कहा कि राज्य सरकार और हजरत सुल्तान सिकंदर बदूशा अवुलिया दरगाह की ओर से ऐसा कोई मजबूत सबूत पेश नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक है। राज्य सरकार की दलीलों पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने कहा कि यह मानना हैरान करने वाला और समझ से परे है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए। गौर ▶▶ शेष पेज 4 पर

170 पन्नों का फैसला दिया- किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक नहीं



फाइल फोटो

***अदालत ने कहा** कि यह मानना हैरान करने वाला और समझ से परे है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए*

***सिंगल बेंच के** जज स्वामीनाथन के खिलाफ डीएमके व कांग्रेस मिलकर 120 सांसदों के दस्तखत से महाभियोग का प्रस्ताव लाई थी*



### ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे

*कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे। अदालत ने यह उम्मीद भी जताई कि कोई भी सरकार किसी राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करेगी। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि पत्थर के स्तंभ को दरगाह की संपत्ति बताने के दावे से अदालत के सामने बताई गई सुलह या मध्यस्थता की कोशिशों पर भी शक पैदा होता है। कोर्ट ने फैसले के शुरु में बाइबिल का जिक्र किया और फैसले के अंत में भी बाइबिल का जिक्र किया।*

### नहीं माना गया था आदेश

यह मामला 1 दिसंबर 2025 को सिंगल जज के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें तिरुपरनकुंद्रम स्थित अरुल्मिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के लोगों को कार्तिगई दीपम के दिन पहाड़ी की चोटी पर बने दीपथून पर दीप जलाने को कहा गया था। लेकिन उस दिन इस आदेश का पालन नहीं हो सका। इसके बाद उसी दिन सिंगल जज ने भक्तों को खुद पहाड़ी पर जाकर दीप जलाने की इजाजत दे दी, फिर भी दीप नहीं जलाया गया। इसके बाद अदालत की अवमानना से जुड़ी कार्रवाई शुरू की गई, जो अभी चल रही है। सिंगल जज के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार, पुलिस, दरगाह प्रबंधन और तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील की। राज्य सरकार का कहना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# इतने अधिक आवेदन तो इंसानों के मामलों में भी कभी नहीं आते

***इस मामले** में आज भी होगी सुनवाई, तीन जजों की विशेष पीठ सुनेगी*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं, जब दो वकील ने उनके सामने आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक वकील ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर जस्टिस मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इंसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारी की तीन जजों वाली विशेष पीठ बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

### पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने दिए थे ये निर्देश

शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में 'चिंताजनक वृद्धि' को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 7 नवंबर को आवारा कुत्तों को उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। कोर्ट ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया।

## तेलंगाना से अयोध्या जा रहे थे श्रद्धालु

# उज्जैन में तेज रफ्तार कार ट्रॉले में घुसी, 3 की मौत

ट्रॉले वाले ने अचानक लगा दिए थे ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



क्षतिग्रस्त कार

उज्जैन में देवास रोड पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेलंगाना से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की टैंपो ट्रैक्स पाइप से भरे ट्रॉले से जा भिड़ी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक बालक सहित 5 लोग घायल हो गए। पुलिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मंडला में नाबालिग से 7 ने किया गैंगरेप

# अलग-अलग जगह होटलों में लेकर गए, 5 आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

■ 5 आरोपियों में 2 नाबालिग भी शामिल

मंडला में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में कुल 7 आरोपी हैं। इसमें से 2 नाबालिग हैं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र की 15 साल की एक किशोरी 26 दिसंबर को ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो


## प्रमोशन में आरक्षण पर डेढ़ घंटे तक चली हाईकोर्ट में बहस

# अजाक्स की दलील...नए नियम में एससी एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन का प्रावधान नहीं

प्रमोशन नियम 2025 के नियम को बताया असंवैधानिक अगली सुनवाई 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए बनाए नियम को चुनौती देने वाले मामले में मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अजाक्स की ओर से तर्क दिया गया कि इस नियम में एससी एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन से संबंधित कोई ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### प्रमोशन के नियमों में क्रीमिलेयर का सवाल ही नहीं

यह तर्क भी दिया गया कि प्रमोशन के नियमों में क्रीमिलेयर न तो सैद्धांतिक के रूप से और न ही व्यवहारिक रूप से लागू किया जा सकता है। इस संबंध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में मौजूद ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कलमाड़ी का 81 साल की उम्र में निधन

# एयरफोर्स में पायलट थे, कॉमनवेल्थ गेम्स में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जेल भी जाना पड़ा

एजेंसी ▶▶ पुणे

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे।

कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा गया। उनका शाम 5.15 बजे पुणे के वैकुंठ श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। वे भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष थे। 2010 में दिल्ली में हुए ग्लोबल इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के चेयरमैन भी थे। कलमाड़ी ने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था। एयरफोर्स में वे 1964 से 1972 तक पायलट रहे। कलमाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स भ्रष्टाचार के ▶▶ शेष पेज 4 पर

पुणे के वैकुंठ श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया



सुरेश कलमाड़ी

## मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- जयपुर में बनेगा बड़ा डेटा सेंटर, जल्द होगा भूमिपूजन

### राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में बोले

# भारत में 365 दिन में तैयार होंगे 'एआई' के 10 लाख धुरंधर

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर में बड़ा डेटा सेंटर बनेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- इसका जल्द ही भूमि पूजन किया जाएगा।

वैष्णव ने कहा कि लघु उद्योग भारती के माध्यम से 5 हजार युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। वैष्णव जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राजस्थान डिजिफेस्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर



अश्विनी वैष्णव

### स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स में भारत टॉप-3 में शामिल

वैष्णव ने कहा- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से जारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंडेक्स में भारत को टॉप-3 देशों में शामिल किया गया है। इस इंडेक्स में चीन, अमेरिका और भारत को एआई के इनोवेशन, उपयोग, डेवलपमेंट व रिसर्च के लिए दुनिया के प्रमुख देशों के रूप में पहचाना ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोबाइल की तरह एआई का इस्तेमाल हर कोई करेगा

केंद्रीय राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जितिन प्रसाद ने कहा कि एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसकी लोगों ने पहले कल्पना भी नहीं की थी। आज गांव-गांव, हर हाथ में मोबाइल है। उसी तरह एआई भी बहुत तेजी से लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन रहा है। उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ बड़े शहरों या बड़े लोगों ▶▶ शेष पेज 4 पर

# नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के अनुरूप किया जाए क्रियान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया जाए। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, नगरीय क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ाने, नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा संचालक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कंपनी के प्रबंधकीय, वित्तीय और लेखा परीक्षा तथा अंकेक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। 'नमामि गंगा अभियान' के समान ही 'नमामि नर्मदे परियोजना' पर कार्य आरंभ कर नर्मदा नदी तट की नगरीय बसाहटों के ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार और उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरती जाए।

**खास बातें**

- जनहित में नगरों में निजी निवेश को प्रोत्साहन, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग और अन्य गतिविधियों को प्राथमिकता से करें: डॉ. यादव
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की हुई बैठक

### व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई


संचालक मंडल की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसमें सोलर प्रोजेक्ट्स, हरित बांड, अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के वैकल्पिक उपयोग जैसे नवाचार भी प्रस्तावित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के अंतर्गत ई-नगर पालिका प्रणाली, सीसीटीवी-जीआईएस आधारित निगरानी व्यवस्था, नागरिक सेवा प्लेटफार्म के उन्नयन, टोल संग्रह ई-पोर्टल एवं ऑनलाइन राजस्व संग्रहण जैसी स्मार्ट सिटी प्रणालियां संचालित की जाएंगी।

### 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों के आस-पास के क्षेत्रों के नियोजित विकास के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' के समान 'नमामि नर्मदे परियोजना' का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा

बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संजय दुबे, दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, पी नरहरि, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास संकेत भोंडवे तथा कंपनी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेपर लेस बूथ से चुनी जाएगी ग्राम सरकार

**भोपाल।** डिजिटल मतदान प्रक्रिया के लिए पेपरलेस बूथ के नवाचार को मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत उपनिर्वाचन के रिकॉर्ड 77 मतदान केंद्रों पर किया गया। मतदाताओं को इस नवीन प्रक्रिया के बारे में आयोग की ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू द्वारा जागरूक किया गया। सारिका ने इन गतिविधियों की रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त को सौंपी। इस अवसर पर उपसचिव डॉ. सुतेश कुमार शाक्य, प्रियांशी भंवर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ननि में गठित होगी टाउन वेंडिंग कमेटी

**भोपाल।** राज्य सरकार अब नगरीय निकायों में पथ विक्रेताओं के लिए बने पथ विक्रेता अधिनियम 2014 को ध्यान में रखकर टाउन वेंडिंग कमेटियों का गठन निर्वाचन प्रक्रिया से कराने जा रही है। इसको लेकर संचालनालय द्वारा 5 जनवरी को राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं सहित जिला शहरी विकास अभिकरण को पत्र लिखा गया है। बता दे कि देश भर में सड़क किनारे, हाट बाज़ारों, ठेलों पर रोजमर्रा का सामान, सब्जी आदि बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए 2014 में पथ विक्रेताओं की आजीविका संरक्षण एवं विनियमन अधिनियम लागू किया गया था।

### नगर निगम पर लगाई 35 हजार रुपए पेनाल्टी

**भोपाल।** कंज्यूमर फोरम ने नगर निगम पर 35 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई है। साथ ही हितग्राही को मुआवजे के भुगतान का आदेश दिया है। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय पर आवास न दिए जाने का बताया जा रहा है। हितग्राही ने अरेरा कॉलोनी के 12 नंबर स्थित मल्टी में आवास बुक किया था। 2021 में फ्लैट बुक करने के बाद भी अब तक नगर निगम हितग्राहियों को फ्लैट हैंडओवर नहीं कर पाया। हितग्राही ने कंज्यूमर फोरम में आवेदन लगाया, जिस पर यह पेनाल्टी लगाई गई है। हालांकि इसकी पुष्टि निगम प्रशासन की ओर से नहीं की गई है।

### कांग्रेस की नीति मुस्लिम तुष्टीकरण की: शर्मा

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरजिल इमाम को जमानत न देने को लेकर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर



शर्मा ने दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के पाकिस्तान प्रेम की बात कही। रामेश्वर ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह आप आतंकवादियों को अनेक बार जी लगाकर सम्मान दे चुके हो। इसका मतलब कांग्रेस और दिग्विजय सिंह, उनकी चाटुकारिता की नीति, मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति यह देश को धोखा देने का काम कर रहे हैं। इसलिए हिंदुस्तानियों सतर्क और सावधान हो जाओ। कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह और राहुल गांधी पाकिस्तान के एजेंट के रूप में वो काम कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निरंतरता के लिए 17,196 करोड़ 21 लाख रुपए मंजूर

# बुरहानपुर जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,598 करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी

ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के लिए 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपए

▶▶ सिंचाई परियोजनाओं को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की स्वीकृति


कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रस्तावों पर मंत्रियों से चर्चा करते हुए।

### पीएम जनमन योजना की निरंतरता की स्वीकृति

कैबिनेट ने मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक निरंतरता की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना में अनुमानित व्यय 795 करोड़ 45 लाख रुपए होगा। इसके तहत 1,039 किमी सड़क का निर्माण एवं 112 पुल निर्माण किया जाएगा। यह योजना 22 जिलों में निवासकरने वाली 3 विशेष जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के लिए लागू है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना में अनुमानित व्यय 17,196 करोड़ 21 लाख रुपए खर्च होगा। इसके तहत 20 हजार किमी सड़क और 1200 पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील की झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना लागत 922 करोड़ 91 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

परियोजना से खकनार तहसील के 42 ग्रामों की 17 हजार 700 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी, जिससे 11 हजार 800 कृषक परिवार लाभांवित होंगे। कैबिनेट ने नेपानगर तहसील की नावथा वृहद सिंचाई परियोजना लागत 1,676 करोड़ 6 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी। इस परियोजना से खकनार तहसील के 90 ग्रामों की 34 हजार 100 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी और 22 हजार 600 कृषक परिवारों को लाभ मिलना अनुमानित है।

### सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत सिंचाई परियोजनाओं को त्वरित क्रियान्वयन के लिए नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की ओर से शुरू की गई, वे परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड की ओर से वित्तीय व्यवस्था कर पूर्ण कराया जा रहा हैं, उसका सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का होगा। इन परियोजनाओं में राज्य शासन से बजट प्रावधान के माध्यम से व्यय की गई राशि के समतुल्य अंश पूजी कंपनी की ओर से राज्य शासन को जारी किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्राप्त राजस्व, कंपनी की आय के रूप में ग्रहण किया जाएगा। कंपनी से वर्तमान में 2 परियोजनाएं वित्त पोषित की जा रही है, जिसमें नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना लागत 2,489 करोड़ 65 लाख रुपए और बदनावर माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन परियोजना लागत 1,520 करोड़ 92 लाख रुपए शामिल है।

### ग्रामीण सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन की स्वीकृति

कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के लिए 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता की स्वीकृति प्रदान की गई। योजनांतर्गत अनुमानित व्यय 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपए है। योजना में 88 हजार 517 किमी मार्गों का नवीनीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा।

## कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों को मिले टैबलेट, नवाचार से खुश हुए सदस्य



- पारदर्शिता, समय की बचत के लिए सभी मंत्री नई व्यवस्था का लें लाभ
- मध्यप्रदेश में ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के संबंध में हुआ महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में एक नए नवाचार करते हुए कैबिनेट की बैठक में सभी मंत्रियों को टैबलेट वितरण किया। उन्होंने बताया कि कैबिनेट से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से कैबिनेट की कार्य सूची देखने, ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के जरिए पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन-प्रतिवेदन देखने में सुविधा होगी।

मंत्रालय में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कैबिनेट के सदस्यों और उनके भारसाधक सचिवों को टैबलेट प्रदाय करने की शुरूआत हुई। कैबिनेट के सदस्यों ने टैबलेट प्राप्त किए और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना।

### अब कैबिनेट के सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पारदर्शिता और समय की बचत के लिए कैबिनेट के सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे। शुरू में कैबिनेट की बैठक का एजेंडा भौतिक एवं डिजिटल रूप दोनों फार्मेट में भेजा जाएगा, बाद में यह पूर्णता डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। इस पेपरलैस व्यवस्था अर्थात ई-कैबिनेट एप्लीकेशन प्रारंभ होने से फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की बचत हो सकेगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि वर्ष 1960 से लेकर अब तक कैबिनेट के निर्णयों को डिजिटलाइज किया गया है। 2 वर्ष के कैबिनेट के निर्णय एक क्लिक पर देखे जा सकते हैं। बैठक के अंत में प्रेजेंटेशन के जरिए मंत्रियों को टैबलेट के उपयोग को शुरू करने के उद्देश्य बताए गए।

### कलेक्टर सिंह ने किया स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को आनंद नगर हाई सेकंडरी स्कूल एवं ट्रांसपोर्ट नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने हाई सेकंडरी स्कूल में जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रायोजित परीक्षाओं की व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 492 में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम रविशंकर राय, सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास सुब्रा श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग के उपस्थित थे।

### सरकार हर गांव तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी ने मंगलवार को मप्र मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनजातीय बाहुल्य जिलों में सिंचाई परियोजनाओं के जरिए हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। मंत्रि-परिषद ने बुरहानपुर जिले के लिए दो सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन सिंचाई परियोजनाओं से जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों की 51800 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर गांव, गरीब बस्तियों तक सड़क बनाने के अभियान में जुटी हैं।

### 'नमो ड्रोन दीदी' योजना से आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जाग्रत

## मध्यप्रदेश में 89 नमो ड्रोन दीदियों ने प्राप्त किया सफल पायलट प्रशिक्षण: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ की गई 'नमो ड्रोन दीदी' योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बन रही है। यह योजना महिलाओं को आधुनिक ड्रोन तकनीक से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश में अब तक 89 ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन पायलट का सफल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। नमो ड्रोन दीदियां कृषि कार्यों में उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव जैसी सेवाएं प्रदान कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योजना प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है, जो ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं। प्रदेश में इस योजना का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे कई महिलाएं लाभान्वित होंगी।

### एक हजार महिलाओं को ड्रोन दिलाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजना अंतर्गत प्रदेश में एक हजार से अधिक महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण एवं ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। नमो ड्रोन दीदीयां किसानों के खेतों में आधुनिक तकनीक से उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कर रही हैं, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ रही है और परिचालन लागत कम हो रही है। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ महिलाओं को नई आजीविका के अवसर प्रदान कर रही है।

## सहकारिता में सीपीपीपी मॉडल के माध्यम से विकसित करें नए अवसर: मंत्री सारंग

सारंग ने सभी सहकारी बैंकों के सीईओ से की वन-टू-वन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने प्रदेश के सभी सीईओ से वन-टू-वन चर्चा कर बैंकों की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सारंग ने मंगलवार को अपेक्स बैंक, भोपाल में सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की।

बैठक में बताया गया कि पिछले नौ महीनों में सहकारी बैंकों के माध्यम से लगभग 50 हजार नए बचत खाते खोले गए हैं। वहीं 1 अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में गत वर्ष की तुलना में 300 करोड़ रुपए अधिक ऋण वितरण किया गया है, जो सहकारी बैंकिंग व्यवस्था में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सभी सहकारी बैंकों के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में नियमित करें। जिन जिलों में कृषि क्षेत्र का विस्तार अधिक है, वहां सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड वितरण एवं नई सदस्यता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने प्रत्येक बैंक को अपनी वर्क प्लानिंग रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। सारंग ने निर्देश दिए कि पारंपरिक बैंकिंग के साथ सहकारी बैंक अल्टरनेटिव बिजनेस मॉडल की ओर भी कदम बढ़ाएं। को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से नए अवसरों एवं आय के नए आयाम विकसित किए जाएं।

### जनवरी के अंत तक सभी पैक्स बनेंगी ई-पैक्स



बैठक में बताया गया कि मप्र देश का पहला राज्य होगा जो पैक्स के शत-प्रतिशत कंप्यूटरीकरण कार्य को पूर्ण करेगा। वर्तमान में प्रदेश की 2409 पैक्स ई-पैक्स में परिवर्तित हो चुकी हैं तथा शेष 2427 पैक्स को 31 जनवरी 2026 तक ई-पैक्स के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा। सारंग ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के ऋण उत्पादों के मूल्यांकन के लिए तैयार मैन्युअल एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीन मास्टर परिपत्रों के संकलन से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया। इसके साथ ही प्राथमिक सहकारी साख संस्था (पैक्स), राज्य के एक प्रमुख क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक सहकारी समितियां (विपणन), प्राथमिक सहकारी संस्था (सहकारिता मंत्रालय की पहल), प्राथमिक महिला सहकारी संस्था (महिला) एवं कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) विभिन्न श्रेणियों में में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों को सम्मानित किया।

### योजना में अब तक 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

# मप्र सरकार की समाधान योजना के अंतर्गत अब 31 जनवरी 2026 तक मिलेगा सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि में विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 लाख 39 हजार 637 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 383 करोड़ 96 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 210 करोड़ 89 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं, जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे।

### समाधान योजना 2025-26 : एक नजर में

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है, जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम हो जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। इसके बाद द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, दूसरे चरण में 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के लिए **portal.mpcz.in** पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय एप एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) तथा एमपी ऑनलाइन पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

## संविदा कर्मचारियों ने कहा: संविदा नीति में संशोधन कर रिक्त पदों पर करें संविलयन


उप मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात कर विभागों में रिक्त पदों पर संविदा कर्मचारी-अधिकारी को संविलियन किए जाने और 22 जुलाई 2023 को जारी संविदा नीति में संशोधन की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से संविदा कर्मचारियों को वरिष्ठता के हिसाब से विभागों में रिक्त पदों पर नियमित कर संविलियन करने की आग्रह किया। साथ उपमुख्यमंत्री से संविदा कर्मचारियों के वेतन भत्ते, वरिष्ठता के आधार पर निर्धारित किए जाने की मांग की। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में 50 प्रतिशत पदों के आरक्षण का उल्लेख किया गया है, जिसमें संविदा कर्मचारियों को परीक्षा देनी होगी, लेकिन चतुर्थ श्रेणी तथा वाहन चालक के जो पद है, उन पदों पर मप्र शासन ने भर्ती पर प्रतिबंध लगा रखा हुआ है। जिससे चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती नहीं होगी।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

7 पुलिस ने फुटेज के आधार पर दो आरोपी को...



12 शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग, डीपीआई पहुंचे...





### इंदौर की घटना के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने नहीं ली सुध, हालत जस की तस

## कब सुधरेगा जेपी अस्पताल का सिस्टम?: पानी की टंकी में गंदे कपड़े, मकड़ी के जाले, खुले ढक्कन बयां कर रहे सच्चाई

### जिन टंकियों का पानी अस्पताल के मरीज व परिजन को पिलाया जा रहा, उनकी एक साल से नहीं हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी में मरीज ठीक होने आते हैं, लेकिन लापरवाह अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य बिगाड़ने का जैसी स्थिति बना दी है। जिस टंकी का पानी अस्पताल के मरीज व परिजन को पिलाया जा रहा है उनकी एक साल से सफाई नहीं हुई है। टंकी के अंदर गंदगी का आलम यह है कि टंकी के ढक्कन खुले होने के साथ ही उसमें गंदे कपड़े पड़े हुए हैं। जब इस संबंध में जेपी अस्पताल के प्रबंधक प्रेमचंद्र गुप्ता ने पूछा तो उन्होंने बताया कि हाल ही में 26, 27 और 28 दिसंबर को ही पानी टंकियों की सफाई की गई थी। अब आप ही अंदाजा लगाएं कि अस्पताल प्रबंधक सही बोल रहे हैं या फिर सिर्फ नौ दिन में टंकियां गंदी हो गई। वहीं अस्पताल की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। अस्पताल की छत पर रखी पानी की टंकियां बदहाल हैं। कई बिना ढक्कन की हैं, जिनमें कपड़े, गंदगी और कचरा भरा है और कुछ तो क्षतिग्रस्त पड़ी हैं। दिसंबर माह में ही इन कार्यों को पूरा बताया गया था। ऐसे में यह सवाल उठता है कि लाखों रुपए का यह बजट कहां गया और जनता के पैसों का क्या हुआ? वहीं अस्पताल में काम करने वाले एक आउटसोर्स कर्मचारी ने बताया कि वर्ष 2025 में तो एक बार भी टंकियों को साफ नहीं किया गया।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है, 28 दिसंबर में को ही कराई थी सफाई

सवाल यही कि 9 दिन में ही टंकियों की हालत हो गई इतनी गंदी

### काटजू अस्पताल: कर्मचारी ने मिटाई टंकी की सफाई डेट






काटजू अस्पताल में पानी की टंकियों का मुआयना करने जब हरिभूमि की टीम पहुंची तो फोटोग्राफर और रिपोर्टर को गार्ड ने छत पर जाने नहीं दिया। करीब दो घंटे बाद मरीज के परिजन बनकर धूप सेंकने के बहाने अस्पताल की छत पर आए तो एक कर्मचारी टंकी पर लिखी सफाई की डेट मिटा रहा था। जब कर्मचारी से पूछा तो उसने बताया कि वह टंकी की सफाई का कार्य करता है। सफाई ठेकेदार का फोन आया और सफाई के दौरान जो तिथि लिखी की गई थी उसको मिटाने के लिए कहा है।

**रोजाना एक हजार लोग पीते है पानी**

*जेपी अस्पताल के सभी वार्ड मिलाकर करीब 100 मरीज भर्ती रहते हैं। इनके दो परिजन इस दौरान रहते हैं। मरीजों से मिलने परिचित भी आते रहते हैं। इसके अलावा ओपीडी में आने वाले मरीज के परिजन भी इसी टंकी का पानी पीते हैं। औसतन करीब एक हजार लोग यह पानी पी रहे हैं।*

**20 जुलाई 2025 को हुई थी टंकियों की सफाई**

जेपी अस्पताल की छत पर रखी टंकियों की सफाई 20 जुलाई 2025 को कराई गई थी। जबकि अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद्र गुप्ता का कहना है कि दिसंबर महीने में ही अस्पताल की टंकियों की सफाई की गई थी। सफाई डेट 20 जुलाई लिखा है और प्रबंधक का कहना है कि दिसंबर में सफाई हुई थी।

### छह महीने में हो टंकी की सफाई

ओवरहेड टैंक की सफाई कम से कम छह महीने में होनी चाहिए। अगर गंदा पानी आने लगे तो तीन महीने में सफाई करानी चाहिए। समय-समय पर पानी की जांच भी जरूरी है, जिससे अस्पताल में मरीजों को दूषित पानी से संबंधित बीमारियां न हों।

**डॉ. धीरज शुक्ला, मेडिसिन विशेषज्ञ**

### पानी में बदबू, नलों से निकलते हैं चिड़ियों के पंख

अस्पताल में रखी पानी टंकियों की साफ-सफाई नहीं कराई गई। पानी में अजीब सी दुर्गंध आती है। इसका स्वाद भी ठीक नहीं है, लेकिन मजबूरन इसी को पीना पड़ता है। कभी-कभी तो नल से पानी के साथ चिड़ियों के पंख निकल कर आते हैं।

**राजेश डोंगरे, मरीज के परिजन**

## श्यामला हिल्स फिल्टर प्लांट पहुंचा कांग्रेस पार्षद दल, पानी की गुणवत्ता की जांच प्रक्रिया जानी, रजिस्टर चैक किए, प्रोसेस देखी, लगाए आरोप

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों का मामला सामने आने के बाद राजधानी में भी पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रोजाना कहीं न कहीं दूषित पानी सप्लाई होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्षद दल श्यामला हिल्स स्थित निगम के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचा। इस दौरान दल के सदस्यों ने प्लांट में प्रोसेस देखी और रजिस्टर चैक किए। मौके पर मौजूद प्रभारी कार्यपालन यंत्री जेडए खान पार्षदों के सवालों के बीच घिरे रहे। नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि उनके सवालों का जवाब अधिकारी नहीं दे पाए। उन्होंने कहा, पानी की गुणवत्ता के मानकों का पालन क्यों नहीं हो रहा? रॉ वाटर सीधे बडे तालाब में किसके आदेश से मिल रहा है? एलम को उनके सामने क्यों ढंका गया? इसके जवाब उन्हें नहीं मिले।

कांग्रेस के पार्षद दल का आरोप है कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी का शुद्धिकरण तय मानकों के अनुसार नहीं हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष और मौके पर अधिकारी व कर्मचारियों से तीखी बहस भी हुई। नगर निगम परिषद में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों निरीक्षण के बाद आरोप लगाया कि फिल्ट्रेशन के बाद निकलने वाला रॉ वाटर नियमों के खिलाफ सीधे बड़े तालाब में छोड़ा जा रहा है, इसका उन्हें जवाब नहीं मिला। मौके पर कोई भी वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचा। पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में दूषित पानी की बात भी अधिकारियों को बताई। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि जहीर खान व अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### नेता प्रतिपक्ष बोलीं- रॉ वाटर के लिए अलग टैंक जरूरी



नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के दिशा-निर्देशों के अनुसार रॉ वाटर के लिए अलग टैंक होना चाहिए, लेकिन श्यामला हिल्स प्लांट में ऐसा नहीं है। किसके आदेश से यह पानी सीधे बड़े तालाब में छोडा जा रहा है और इसके लिए नगर निगम के पास कोई वैध अनुमति या प्रमाण पत्र भी मौजूद नहीं है।

**पानी में गंदगी की मोटी परत भी नजर आई**

प्लांट के निरीक्षण के दौरान पानी में गंदगी नजर आने पर उन्होंने कहा कि फिल्टर किया गया पानी भी पूरी तरह साफ नहीं है। पानी में गंदगी की मोटी परत साफ दिखाई दे रही है, जो वापस तालाब में जा रही है।

### केमिस्ट नहीं होने के आरोप

कांग्रेस पार्षद दल ने आरोप लगाया कि निरीक्षण के दौरान प्लांट में कोई केमिस्ट मौजूद नहीं था। पानी की गुणवत्ता की जांच कौन करता है, इसका भी स्पष्ट जवाब अधिकारियों के पास नहीं था। केवल दो कर्मचारियों के नाम बताए गए, लेकिन मौके पर कोई मौजूद नहीं था।


### प्लांटों का तकनीकी ऑडिट कराया जाए

कांग्रेस पार्षद दल की मांग है कि रॉ वाटर के लिए अलग टैंक बनाया जाए। सभी प्लांटों का तकनीकी ऑडिट हो और और प्रत्येक प्लांट में केमिस्ट की नियमित तैनाती की जाए।

**स्वास्थ्य से खिलवाड़**

### कांग्रेस नेता पानी की टंकी पर चढे, टंकी के भीतर मिली गंदगी

एक व्यक्तह मंगलवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी के पास स्थित पानी की टंकी का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान वे पानी की टंकी पर सीढियों से चढ़ गए। उन्होंने जब पानी देखा तो उसमें गंदगी साफ नजर आ रही थी। उन्होंने आम लोगों के स्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह निरीक्षण किसी औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े एक गंभीर और संभावित ख़तरे को उजागर करने के उद्देश्य से किया है। उन्होंने कहा कि जहां से पानी की



सप्लाई की जाती है, वहां भारी गंदगी है। शराब पीने वालों का जमावड़ा बना रहता है और सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि पानी की टंकी के भीतर भी गंदगी पाई गई। इसी टंकी से रोजाना हजारों लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि सुधार के लिए कदम नहीं उठाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## 347 सैंपल लिए, 227 लीकेज सुधारे

नगर निगम के जल कार्य विभाग की अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को 347 स्थानों से पानी के सैंपल लिए। निगम की टीमें अब तक 1453 नमूनों की शुद्धता की जांच कर चुका है। जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि झुग्गी बस्तियों में 347 स्थानों सहित 1453 स्थानों पर पानी के नमूने लेकर पानी की शुद्धता की जांच की गई, जिसमें पूरी तरह से गुणवत्तायुक्त पानी पाया गया साथ ही विभिन्न स्थलों पर 227 लीकेज सुधार का कार्य किया गया।

### कुए में सीवेज का पानी मिलने की शिकायत, पार्षद प्रतिनिधि ने बनाया वीडियो

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित खानूगांव में एक कुएं में सीधे सीवेज मिलने और लोगों को दूषित पानी पीने का आरोप पार्षद प्रतिनिधि जहीर खान ने लगाते हुए वीडियो जारी किया है जो इन दिनों वायरल हो रहा है। उन्होंने बताया कि खानूगांव में दो हजार से ज्यादा लोग गंदा पानी पी रहे हैं। खानूगांव क्षेत्र में सीवेज का पानी कुए में जा रहा है। इसकी शिकायत भी नगर निगम में की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि निगम के अधिकारी मोबाइल तक अटैंड नहीं कर रहे हैं। जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## शहर के सभी फिल्टर प्लांट, संपवेलों और टंकियों पर बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

महापौर मालती राय ने शहर के सभी जलशोधन संयंत्रों, सम्पवेलों व उच्च स्तरीय टंकियों पर पानी की जांच किए जाने और बिना अनुमति के किसी भी स्थिति में इन परिसरों में बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न दिए जाने के निर्देश दिए हैं। वे मंगलवार को पानी और सीवेज के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं। उन्होंने जलकार्य विभाग द्वारा शहर भर में की जा रही पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार और पाइप लाइन की मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पानी और सीवेज के अधिकारियों को पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार व पाइप लाइनों की मरम्मत के कामों में तेजी लाने और शहर के सभी जलशोधन संयंत्रों, सम्पवेलों और उच्च स्तरीय टंकियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने जलकार्य विभाग में महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति के साथ अधिकारियों से जल प्रदाय एवं सीवेज संबंधी कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी भी हासिल की। बैठक में जलकार्य विभाग एवं सीवेज शाखा के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री मौजूद रहे।

महापौर ने जलकार्य और सीवेज के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कहा- पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार व पाइप लाइनों की मरम्मत के कामों में तेजी लाएं

महापौर ने जलकार्य और सीवेज के अधिकारियों के साथ बैठक की, महापौर परिषद के सदस्य भी हुए शामिल



### दूषित पानी की शिकायत मिले तो तुरंत करें निराकरण

महापौर ने निर्देशित किया कि कहीं से भी दूषित पानी की शिकायत प्राप्त हो, उसका तत्काल निराकरण किया जाए एवं सभी क्षेत्रो से जल नमूने एकत्रित किए जाएं एवं परीक्षण हों। स्लम क्षेत्रों में भी नियमित रूप से जल परीक्षण करने के साथ ही सर्विस सेंटर, बोरिंग, होटल, रेस्टोरेंट, शादी हॉल आदि में भी नल कनेक्शन की जांच कर पानी की गुणवत्ता चेक करने की बात कही।

---

## मृतक मरीज के परिजनों को उपलब्ध नहीं कराया शव वाहन तो डॉ. वैश्य को हटाया

### डॉ. लोकेंद्र दवे बने टीबी अस्पताल के अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शव वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर ईदगाह हिल्स स्थित टीबी अस्पताल के अधीक्षक पद से डॉ. रतन वैश्य को हटा दिया गया है। उनकी जगह डॉ. लोकेंद्र दवे को अधीक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई है।

■ ऑटो में शव घर ले गए थे परिजन

जानकारी अनुसार डॉ. रतन को इसलिए हटाया गया है क्योंकि उन्होंने एक मरीज की मौत के बाद उसके शव को घर तक पहुंचाने के लिए परिजनों को शव वाहन उपलब्ध नहीं कराया था। जबकि मप्र सरकार द्वारा प्रदेश में निःशुल्क शव वाहन सेवा की शुरूआत की गई है। इस योजना का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी अस्पताल प्रमुख को दी गई है। गत दिवस टीबी अस्पताल में शव वाहन की मांग करने के बाद भी तत्कालीन अधीक्षक डॉ. रतन परिजनों को शव वाहन नहीं दे सके। इसके अभाव में परिजन अपने शव को ऑटो से लेकर घर रवाना हो गए।


डॉ. रतन वैश्य


डॉ. लोकेंद्र दवे

डॉ. रतन के इस कृत्य की जानकारी जब सरकार को मिली तो स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गांधी मेडिकल कॉलेज को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलने पर जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने अधीक्षक पद से डॉ. रतन को हटा दिया। उनके स्थान पर टीबी एवं चेस्ट रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. लोकेंद्र दवे को अधीक्षक पद का प्रभार दिया गया है।

## निगम की सिविल शाखा को 6 दिन बाद भी नहीं मिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की सिविल शाखा बीते छह दिन से बिना प्रभारी के चल रही है। दरअसल, अधीक्षण यंत्री सुबोध जैन यांत्रिक शाखा में तीन विधानसभा (गोविंदपुरा, नरेला और हुजूर) के प्रभारी थे वे 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके बाद से निगम प्रशासन सिविल विभाग का दायित्व किसी को नहीं सौंपा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने किसी अधिकारी को प्रभार नहीं दिया है। जबकि उत्तर, मध्य और दक्षिण पश्चिम विस के प्रभारी अधीक्षण यंत्री आर आर जारोलिया को विभाग ने डिप्लोमाधारी होने के चलते अधीक्षण यंत्री पर प्रमोशन नहीं दिया है। हालांकि निगम प्रशासन जल्द ही सिविल शाखा का प्रभार किसी अन्य अधिकारी को सौंपने की तैयारी में है।

### प्रीमियम श्रेणी की टीमें 13 घंटे तक देरी से पहुंची भोपाल

## राजधानी, शताब्दी के यात्री भी झेल रहे कोहरे का कहर, ट्रेनें 16 घंटे तक लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आती नहीं दिखाई दे रही है। मंगलवार को तो ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला जारी रहा। भोपाल आने वाली ट्रेनें 16 घंटे तक की देरी से पहुंची। इसमें जहां प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें 13 घंटे तक की देरी से भोपाल पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



### कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें लेट

कोहरे का सबसे ज्यादा असर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों पर तो देखने मिल रही है। इससे प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें वंदेभारत एक्सप्रेस, दुरंतो,राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस के यात्री भी परेशान हैं। भोपाल से गुजरने वाली 70 फीसदी ट्रेनें देरी से पहुंची।

### राहत की उम्मीद कम

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनों की गति सीमित रखनी पड़ रही है। जब तक मौसम साफ नहीं होता, तब तक ट्रेनों की लेटलतीफी जारी रहने की संभावना है। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी गई है।

### यह ट्रेनें भोपाल आई देरी से

- 12191 निजामुद्दीन जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 16.14 घंटे देरी से आई।
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 8: 42 घंटे
- 12626 - केरल एक्सप्रेस 10.47 घंटे।
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 5.49 घंटे।
- 12002- शताब्दी एक्सप्रेस 2.11 घंटे।
- 12138 पंजाब मेल 2.00 घंटे।
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 1.34 घंटे।
- 20104 गौरखपुर एलटीटी सुपरफास्ट 2.40 घंटे।
- 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 45 मिनट।
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 4.03 घंटे देरी से आई।
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 5:04 घंटे
- 20424 पातालकोट 2.36 घंटे
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 6:53 घंटे
- 22692 बंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 3:32 मिनट
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 6:39 घंटे
- 12622 तमिलनाडू एक्सप्रेस 7.03 घंटे देरी से आई।
- 12286 हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद दुरंतो एक्सप्रेस 13.33 घंटे देरी से आई।
- 12628 कर्नाटका एक्सप्रेस 6.38 घंटे देरी से आई।
- 20806 एपी एक्सप्रेस 6.28 घंटे देरी से आई।
- 20172 वंदेभारत एक्सप्रेस 1.53 घंटे देरी से आई।

### हवाई सेवा भी बाधित... पुणे फ्लाइट दूसरे दिन भी रही कैंसिल

**संतनगर।** मंगलवार को प्रातः घने कोहरे के कारण राजा भोज विमानतल पर दृश्यता न्यूनतम 100 मीटर तक कम हो गई थी। इस दौरान एटीसी एयरलाइनों के बीच समन्वय बनाए रखा। इस कारण इंडिगो एयरलाइंस की एक पुणे–भोपाल–पुणे उड़ान को दूसरे दिन भी रद्द किया गया। वहीं इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-662 (हैदराबाद–आगरा) को आगरा में भोपाल डायवर्ट किया गया। यह दोपहर 1:51 बजे सुरक्षित रूप से भोपाल उतरा तथा3 बजे आगरा के लिए रवाना हुआ।

### 3 बसों से 1 लाख 44 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया

## देर रात खामी मिलने पर दो बसों के फिटनेस व तीन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल द्वारा पहली बार देर रात बसों की चेकिंग के लिए आरटीओ अमला चेकिंग पर सड़कों पर उतरा। इस दौरान खामी मिलने पर आरटीओ अमले ने दो बसों की फिटनेस व तीन बसों को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार आरटीओ जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सोमवार देर रात अयोध्या बायपास पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा यात्री वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते पाए गए 5 बस मिली। इनमें 2 यात्री बसों की फिटनेस निरस्त की गई, 3 बसों को जप्त किया। साथ ही 3 बसों से 144000 शमन शुल्क वसूल किया गया है।



### बस के अंदर का हाल: चलना तक मुश्किल

आरटीओ सूत्रों के अनुसार चेकिंग अमले ने जब मॉडिफाइड वीडियो कोच स्लीपर बसों का जायजा लिया, तो हालात बेहद चिंताजनक नजर आए। बस के बर्थ इतने पास-पास लगाए गए हैं कि एक व्यक्ति को करवट बदलने में भी परेशानी हो रही है। गलियारे इतने संकरे हैं कि दो यात्री आमने-सामने से निकल ही नहीं सकते।

### आग से सुरक्षा के इंतजाम नदारद

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश यह चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सबसे गंभीर लापरवाही आग से सुरक्षा को लेकर सामने आई है। नियमों के मुताबिक हर बस में फायर एक्सटिंग्विशर और इमरजेंसी एग्जिट अनिवार्य हैं, लेकिन इस दौरान कुछ बसों में ये इंतजाम या तो मौजूद नहीं हैं।

## जैकेट का शेष

### 7000 रुपए ...

को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,40,400 रुपए पर बंद हुई थी। सोने के अलावा, चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन बढ़त देखी गई। मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 7000 रुपए की बंपर तेजी के साथ 2,51,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### कोर्ट को मौतों ...

गई। परिजनों का आरोप है कि दूषित पानी पीने के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 110 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। अब तक कुल 421 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया, जिनमें से 311 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। जबकि 15 मरीज आईसीयू में इलाजरत हैं।

### दूसरे दिन भी ...

मुहाने को ठंडा रखने और आग को पास के नारियल के बागानों तथा मछली तालाबों तक फैलने से रोकने पर है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति गंभीर बनी हुई है। दिल्ली-मुंबई से क्राइसिस मैनेजमेंट की विशेषज्ञ टीमें सुबह पहुंची। यह टीम वेल कंट्रोल ऑपरेशन की अगुवाई करेगी। फिलहाल फायरफाइटिंग टीम नरसापुरम से लाए गए हाई-प्रेशर पाइपों का इस्तेमाल कर रही है। वे चारों तरफ से पानी छिड़ककर 'वाटर अम्ब्रेला' बना रहे हैं। कुए के नीचे एक इंसुलेटेड लेयर है जिसमें अनुमानित 30 से 40 मिलियन टन रिजर्व है। अगर दोपहर तक दबाव कम नहीं हुआ तो मैकेनिकल कैपिंग का विकल्प अपनाया जाएगा। इसमें भी कई दिन लग सकते हैं।

### 1 किलोमीटर दायरे ...

में पहुंचाया गया है। 5 किलोमीटर के दायरे में लाउडस्पीकर से चेतावनी दी जा रही है कि लोग बिजली के उपकरण, गैस चूल्हा या कोई आग न जलाएं, क्योंकि हवा में ज्वलनशील गैस के होने की आशंका है। इलाके की स्कूलों को अगले 48 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने ...

कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभागवार समीक्षा कर चुके हैं और सभी मंत्री अपने विभागों के कामों को मीडिया के जरिए लोगों के सामने रख चुके हैं। इसकी समीक्षा भी बैठक में की जाएगी।

### एसआईआर पर ...

नाम जुड़वाए जाएं। इसीलिए प्रदेश में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने का अभियान चलेगा।

### लिंक रोड नंबर 1...

(एमपी 04 जेडए 2299) कार को हरीश मालवीय चला रहा था। नशे की हालत में हरीश ने नानके पेट्रोल पंप से जवाहर चौक की ओर जाते समय करीब आधा दर्जन वाहनों को टक्कर मारी है। जिसमें 7 लोग गंभीर घायल हुए हैं। अत्यधिक नशे में होने के कारण आरोपी युवक स्वयं के संबंध में कोई खास जानकारी नहीं दे सका है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक का जेपी में नशे का टेस्ट कराया गया, वह धुत पाया गया। आरोपी की कार भी डैमेज हुई है। उसे जब्त कर लिया गया है। खासबात ये है कि इस रूट में नानके, रोशनपुरा व रंगमहल 3 चेकिंग ट्रैफिक पॉइंट हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस को सौंपा। पुलिस से टीटी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे में इस कार को देखा है। घटना के बाद कई पीड़ित वाहन चालकों ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### आरोपी को पिलाना....

था। देर शाम तक वह कई बार कोशिश करने पर भी होश में नहीं आया। फिलहाल मेडिकल कराया गया है। जिसमें वह पाया शराब के नशे में था। इधर, पुलिस का कहना है कि वह किसी व्यक्ति का ड्राइवर है। आरटीओ से कार मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है, साथ ही यह भी पता किया जा रहा है कि कार चोरी की तो नहीं है।

## पेज एक का शेष

### राजगढ़ में 2...

में अलसुबह कोहरे की बूंदें बर्फ की तरह जम गईं। कुछ जिलों में कोल्ड डे के साथ कोल्ड वेव रहने से कुछ जिलों में अब पाला भी पड़ सकता है। भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में दृश्यता शून्य के करीब रही। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद कुछ राहत रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ जो उत्तरी पाकिस्तान पर सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय था, वह अब पूर्वी यूपी की ओर बढ़ा है, जिससे प्रदेश में मौसम कुछ साफ रहा है। इससे रात में सर्दी बढ़ी है।

### यहां डेंस फॉग,...

शाजापुर में कोल्ड वेव और कोल्ड डे, मंदसौर, सिंगरौली, सिवनी में शीतलहर, नरसिंहपुर में हल्का कोहरा और कोल्ड डे के साथ शहडोल में कोल्ड वेव रहेगी। सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना और मैहर में घना कोहरा रहेगा।

### तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी ...

हो कि सिंगल बेंच के जज स्वामीनाथन के खिलाफ डीएमके व कांग्रेस मिलकर 120 सांसदों के दस्तखत से महाभियोग का प्रस्ताव लाई थी।

### नहीं माना गया ...

था कि दीप जलाना कोई कानूनी अधिकार नहीं है और हाईकोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत किसी पुराने रिवाज में बदलाव नहीं कर सकता।

### उज्जैन में तेज ...

ने बताया कि तेलंगाना राज्य स्थित फारदीपुर केबी नरसिम्हा (20 ) और उसके सात दोस्त टैंपो ट्रैक्स से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। उनकी गाड़ी मंगलवार सुबह देवास रोड स्थित ग्राम चंदेसरी से गुजर रही थी। इसी दौरान बायपास पर आगे चल रहे पाइप से भरे ट्रॉले के चालक ने ब्रेक लगा दिया। इससे ट्रैक्स ट्रॉले में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्स बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी युवक घायल हो गए।

### अलग-अलग जगह...

घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसी दिन कोतवाली थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने 27 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर बालिका को बरामद कर लिया। किशोरी के बयान 28 दिसंबर को न्यायालय में और 29 दिसंबर को बाल कल्याण समिति के समक्ष दर्ज किए गए। इन बयानों में पीड़िता ने सात युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि आरोपी किस प्रकार बालिका के संपर्क में आए और दुष्कर्म की वारदात किन-किन स्थानों पर हुईं, इसकी जांच की जा रही है। घटनाक्रम कई अलग-अलग स्थानों से जुड़ा है और बालिका ने काफी समय तक की आपबीती बताई है। इनमें कुछ आरोपियों के घर और होटल भी शामिल हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और होटलों के रजिस्टर खंगाल रही है। बालिका के मिलने के स्थान के बारे में पूछे जाने पर एसपी ने कहा कि उसकी पहचान उजागर होने की आशंका के चलते फिलहाल उस जगह का खुलासा करना उचित नहीं होगा।

### अजाक्स की दलील...

भी प्रावधान मौजूद नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायदृष्टांतों का हवाला देते हुए करीब डेढ़ घंटे तक दलीलें रखी गईं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने शेष बहस के लिए अगली सुनवाई 13 जनवरी को तय की है। अजाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. केएस चौहान एवं रामेश्वर सिंह ठाकुर ने प्रमोशन नियम 2025 के नियम 11 (1,2,3) सहित अन्य नियम को पूर्णतः असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि इन नियमों में आरक्षित वर्ग की ग्रेडेशन लिस्ट बनाने का प्रावधान है। आरक्षित वर्ग के कर्मचारी जो मेरिट के आधार पर पदोन्नत हुए हैं उनको भी आरक्षित वर्ग में गणना करने का प्रावधान किया गया है। दलील दी गई कि भारत का संविधान एवं सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी के फैसलों में यह स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि सर्वप्रथम अनारक्षित वर्ग में प्रमोशन होंगे। इसके बाद आरक्षित वर्ग के जो कर्मचारी मेरिट के आधार पर अनारक्षित में चयनित होंगे उनकी गणना आरक्षित वर्ग में किए जाने का भी नियमों मे प्रावधान है। अजाक्स की ओर से कहा गया कि न्यायिक प्रक्रिया के कारण प्रमोशन बाधित नहीं होना चाहिए।

### प्रमोशन के नियमों ....

कर्मचारी के प्रस्तुत डेटा के मुताबिक आरक्षित वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। एससी एसटी की कुल आबादी मध्य प्रदेश में 36 प्रतिशत है जिनका उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व 7 से 18 प्रतिशत की है।

### एयरफोर्स में पायलट...

आरोपों के कारण विवादों में भी घिरे रहे। सीडब्ल्यूजी कॉन्ट्रैक्ट्स को लेकर 15 साल तक केस चला। कलमाड़ी को अप्रैल 2011 में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। उन्हें 10 महीने दिल्ली की तिहाड़ जेल में रखा गया था। कलमाड़ी पर खेलों के लिए स्विस टाइमकीपिंग को टाइमिंग-स्कोरिंग-रिजल्ट सिस्टम का ठेका 141 करोड़ की लागत पर देकर फायदा पहुंचाने का आरोप था।

### भारत में 365...

टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की थीम एआई - सबकी पहुंच में, सबके लिए रखी गई।वैष्णव ने कहा- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) स्किलिंग के लिए 10 लाख युवाओं को ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम राजस्थान की धरती से शुरू किया गया है। इसका लाभ सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के सभी युवाओं को मिलेगा।

### स्टैनफोर्ड एआई ...

गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई से जुड़ी पढ़ाई, रिसर्च और इनोवेशन के लिए दुनिया भर के लोग इन देशों की ओर रुख करेंगे।

### मोबाइल की ....

तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका फायदा समाज की आखिरी पंक्ति तक खड़े लोगों तक पहुंचेगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

*लॉस एंजिल्स। ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड, प्लेटिनम प्लाजा, नियर माता मंदिर के पास, टी. टी. नगर, भोपाल में स्थित व्यवसायिक हाल क्रमांक 1 ए, पाँचवा तल मण्डल द्वारा श्री राघव चन्द्रा आत्मज स्व. श्री जे. पी. चन्द्रा के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का हक त्याग विलेख दिनांक 24/02/2007 को पंजीकृत है। श्री राघव चन्द्रा द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तार आम श्री देवेन्द्र मेहता आत्मज श्री कन्हैयालाल मेहता के पक्ष में दिनांक 28/03/2022 को नियुक्त किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरला शर्मा पत्नी श्री चन्द्रहास शर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 31/03/2022 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरला शर्मा पत्नी श्री चन्द्रहास शर्मा के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकोसे)
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल



## फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।

## ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी



लॉस एंजिल्स। मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा) भोपाल

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 131/यां.वि./2025 भोपाल, दिनांक - 29.12.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_471474_1 | CONST. OF C.C ROAD AT SLUM BASTI PANCHPEER NAGAR W-57, ZONE-14 | 835272 | 12.01.2026 | 05:30 PM |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

नि.क्र. : 2924/025/026

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal, District Bhopal

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6101

(वर्ग संख्याएं: 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38)

**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6100 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 6111

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक ने किया 'सेफ्टी सेंटर' लांच

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप 'ओपन' पर नया 'सेफ्टी सेंटर' लांच करने की घोषणा की है। यह सुरक्षा केंद्र ग्राहकों को रियल-टाइम और उनके नियंत्रण में रहने वाली सुरक्षा सुविधाएँ देता है, जिससे वे बिना कस्टमर केयर कॉल किए या शाखा जाए, अपने खातों को अनधिकृत या संदिग्ध गतिविधियों से सुरक्षित रख सकते हैं। सेफ्टी सेंटर डिजिटल बैंकिंग के अहम फंक्शनों पर पूरा नियंत्रण देता है।

### सात्विक ग्रीन को 16.74 करोड़ का ऑर्डर मिला

**मुंबई।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से एक अतिरिक्त ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर महाराष्ट्र के चिह्नित किसान स्थलों पर ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवोल्टिक वाटर पंपिंग सिस्टम के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए है। जिसका अनुमानित मूल्य 16.74 करोड़ (जीएसटी के बिना) है।

### क्यूपिड का राजस्व 335 करोड़ रुपए पहुंचा

**मुंबई।** क्यूपिड का ऑर्डर बुक ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जिससे आने वाली तिमाहियों के प्रदर्शन को लेकर स्पष्ट दृश्यता मिलती है। प्रबंधन को वित्त वर्ष 2026 के लिए पहले दिए गए 335 करोड़ रुपए के राजस्व और 100 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ मार्गदर्शन से आगे निकलने का भरोसा है, जिसे परिचालन दक्षता, स्थिर मांग और बेहतर निष्पादन का समर्थन प्राप्त है।

### टूरिज्म फाइनेंस बनेगी एआईएफ की सह-प्रायोजक

**नई दिल्ली।** टूरिज्म फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वैकल्पिक निवेश क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके तहत कंपनी दो कैटेगरी-II ऑल्टरनेटिव इंवेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) में सह-प्रायोजक और एंकर निवेशक की भूमिका निभाएगी। नियामक सूचना में कंपनी ने बताया कि वह हॉलीस्टोन हॉस्पिटैलिटी फंड, एक इक्विटी-केंद्रित कैटेगरी-II एआईएफ, में सह-प्रायोजक और एंकर निवेशक के रूप में कार्य करेगी।

### डीएसपी के दो नए पैसिव इंवेस्टमेंट लांच

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने दो नए पैसिव इंवेस्टमेंट के प्रस्तावों, डीएसपी निफ्टी 500 इंडेक्स फंड और डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ को लांच करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य इंवेस्टर्स को अच्छी तरह से स्थापित बेंचमार्क सूचकांकों के ज़रिए भारत के इक्विटी बाज़ारों में विविध, पारदर्शी और लागत प्रभावी ऐक्सेस देना है। डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड के निरंतर ध्यान को मज़बूत करता है।

### आईआईएचएमआर ने किया एनएचएम से करार

**जयपुर।** आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम), राजस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में पब्लिक हेल्थ सेवाओं को मजबूत करने के लिए हेल्थकेयर स्टार्टअप्स को साझा रूप से सपोर्ट देना और उन्हें बढ़ावा देना है। मिशन डायरेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर में स्टार्टअप्स इनोवेटिव और स्केलेबल समाधान उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### कैपिटल गेंस अकाउंट स्कीम लांच

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने कैपिटल गेंस अकाउंट स्कीम को लांच करने की घोषणा की। इस स्कीम के तहत ग्राहक निर्दिष्ट पूंजीगत परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्त, अभी निवेश न की गई दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ या बिक्री राशि जमा कर सकते हैं। यह लांच भारत सरकार द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को सीजीएएस जमा संभालने के लिए अधिकृत संस्था के रूप में मंजूरी दिए जाने के बाद किया गया है।

# मप्र-सीजी में सबसे ज्यादा मोबाइल ग्राहक रिलायंस जियो के पास

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में रिलायंस जियो ने सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की नवंबर 2025 की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को जोड़ा है।

नवंबर 2025 में रिलायंस जियो से 2.3 लाख नए मोबाइल ग्राहक जुड़े है। वहीं, जियो फाइबर और एफडब्ल्यूए और यूबीआर जियो एयर फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस को 65 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने अपनाया है। जबकि समान अवधि में एयरटेल के 97 हजार और बीएसएनएल के 13 हजार मोबाइल ग्राहक बढ़े लेकिन सबसे ज्यादा वाडाफोन-आईडिया के 1 लाख से ज्यादा मोबाइल ग्राहक कम हुए है।

### जियो ने नवंबर 2025 में जोड़े सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक : ट्राई

#### जियो की उन्नत स्टैंडअलोन टू 5जी सेवा गांव-गांव तक




जियो के पास मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में मौजूद कुल 5जी क्षमता का 70 फिसदी से ज्यादा हिस्सा है।जो कि दोनों प्रदेश के सभी 88 जिलों में उपलब्ध है। रिलायंस जियो की उन्नत स्टैंडअलोन टू5जी सेवा की पहुंच दोनों राज्यों के शहरी क्षेत्र के साथ गांव-गांव तक है। इसी वजह से उद्यमियों के साथ सुदूर इलाके में रहने वाले ग्रामीण उपभोक्ता की ब्रॉडबैंड सेवा के लिए पहली पसंद रिलायंस जियो की फाइबर और एयर फाइबर सर्विस है।

### कंपनी कर रही एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान

साल 2025 भारत के डिजिटल सफर में एक निर्णायक मोड़ के रूप में दर्ज हुआ, जहां 5जी टेक्नोलॉजी ने न केवल नेटवर्क स्पीड बढ़ाई, बल्कि देश के डेटा उपयोग के तौर-तरीकों को ही बदल कर रख दिया। इस बदलाव के केंद्र में रहा रिलायंस जियो, जिसने बड़े पैमाने पर 5जी माइग्रेशन के जरिए भारत को एक नए डेटा युग में पहुंचा दिया। रिलायंस जियो ने एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) तकनीक को हर भारतीय तक पहुंचाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। कंपनी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों को गूगल जेमिनी एआई, जियो एआई क्लासरूम और अन्य उन्नत एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

#### जियो के मोबाइल ग्राहक 4.7 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक संख्या 15 लाख से अधिक

*ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.2 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। वहीं,फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) और वायरलाइन ब्राडबैंड उपभोक्ता 29.7 लाख से ज्यादा है। इसमें जियो के मोबाइल ग्राहक 4.7 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक संख्या 15 लाख से कहीं अधिक है। साथ ही मार्केट शेयर पर गौर करें तो मोबाइल उपभोक्ता में बाजार हिस्सेदारी 60.6 फिसदी और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में मार्केट शेयर 59.6 प्रतिशत है।*

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एजेंसियों एवं डीसीएस को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए

# दुग्ध संघ सीईओ ने पचामा संयंत्र पहुंचकर 'सुदाना' पशु आहर ट्रक को दिखाई झंडी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने क्षेत्रांर्गत पशु आहार संयंत्र, पचामा पहुंचकर सुदाना काटल फीड के एक रेंटेड ट्रक को झंडी दिखाते हुए कहा कि दुग्ध संघ के अब तक अनकवर्ड एवं कम कवर किए गए क्षेत्रों में पशु आहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी और विपणन नेटवर्क का विस्तार होगा।

इस अवसर पर उन्होंने किसानों तक सुदाना पशु आहर की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एजेंसियों एवं डीसीएस को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी है।

*किसानों को संतुलित एवं उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार उपलब्ध कराने में निरंतर अग्रसर*

#### विपणन व वितरण की समीक्षा बैठक ली

पशु आहार संयंत्र पचामा में पशु आहार उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन गतिविधियों की समीक्षा करके संयंत्र की कार्यप्रणाली, कच्चे माल की गुणवत्ता, परीक्षण व्यवस्था तथा वितरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। पशु आहार संयंत्र प्रशासन ने सीईओ को अवगत कराया कि दिसंबर 2025 में पचामा पशु आहर संयंत्र द्वारा 3200 मीट्रिक टन से अधिक सुदाना पशु आहार की बिक्री की गई, जो वर्ष 2025 की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। समीक्षा बैठक में संयंत्र प्रबंधन, कर्मचारियों, एजेंसी मालिकों एवं दुग्ध संग्रहण समितियों (डीसीएस) के प्रयासों की सराहना की।



### टैक्स लॉ बार एसो.का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री से मिला

# संबंधित प्रकरणों के लिए एक समाधान योजना लाने की मांग



मुलाकात

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के तत्वापधान में एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मिला और ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी के पूर्व के कर अधिनियमों में जो कर की राशि बकाया है तथा जिनमें विभिन्न स्तरों पर अपीलें लंबित है उससे संबंधित प्रकरणों के लिए एक समाधान योजना(एमनेस्टी स्कीम)लाने की मांग की। जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो और करदाताओं को लंबित प्रकरणों से मुक्ति मिले।

#### योजना का खाका कैबिनेट में प्रस्तुत करने का दिया आश्वासन

*उन्होनें बताया कि पंजाब राज्य में ऐसी योजना वर्तमान में चल रही है एवं उस सरकार को लगभग 65 करोड़ की राशि प्राप्त हो चुकी है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री ने भी आश्वासन दिया की, इस तरह की योजना से व्यापरियों को राहत मिलेगी। वे जल्द इस योजना का खाका केबिनेट के सामने प्रस्तुत करेंगे। साथ ही उन्हें बताया गया कि राज्य कर विभाग में नए अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति हो चुकी है परंतु उन्हें जीएसटी के प्रकरण अभी तक नहीं मिले हैं जिस कारण कर सलाहकारों को अपील की सुनवाई का मौका नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल और वरिष्ठ सीए संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।*

### थिंक गैस ने मध्यप्रदेश में पीएनजी और सीएनजी के दाम घटाए

# सीएनजी की कीमत 2.50 रुपए प्रति किलोग्राम तक घटकर 88.25 रुपए प्रति किलोग्राम हुई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

- घरेलू पीएनजी की कीमत घटकर 44 रुपए प्रति एससीएम पर

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा एकीकृत शुल्क में संशोधन के बाद थिंक गैस ने मध्य प्रदेश में पीएनजी और सीएनजी के मूल्यों में कटौती की घोषणा की है जिससे इस क्षेत्र में परिवारों के लिए स्वच्छ कुकिंग एवं परिवहन ईंधन कहीं अधिक किफायती हो जाएगा। संशोधित कीमतें प्रभावी होंगी। संशोधित शुल्क लागू होने से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें घटकर 5 रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) तक घटकर 44 रुपये प्रति एससीएम पर आ जाएंगी। कीमतों में कमी से परिवारों को अधिक बचत होगी और प्रतिदिन खाना पकाना अधिक किफायती हो जाएगा। थिंक गैस के चीफ मार्केटिंग एवं कॉमर्शियल ऑफिसर विनुकुमार बालकृष्णन ने कहाकि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड द्वारा एकीकृत शुल्क संशोधन से हम उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य उपलब्ध करा सकेंगे। इससे परिवारों को कहीं अधिक कुशलता से खाना पकाने का खर्च संभालने में मदद मिलेगी और सीएनजी यूज़र्स को ईंधन पर अधिक बचत होगी। शुल्क की नई रूपरेखा के तहत मध्य प्रदेश में सीएनजी की कीमतें भी घटेंगी जिससे रोजाना दफ्तर, दुकान आने जाने वालों, ऑटो ड्राइवरों, टैक्सी ऑपरेटरों और सार्वजनिक परिवहन के ऑपरेटरों को लाभ होगा। संशोधित मूल्य निर्धारण के तहत सीएनजी 88.25 रुपए प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध होगी जिससे मूल्य में कटौती का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को सुनिश्चित होगा।

## बोर्ड का सर्वे : वजन कंट्रोल कर सही पोषण देते हैं कैलिफार्निया बादाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कैलिफ़ोर्निया आलमंड बोर्ड के सहयोग से किए गए नए यूगोव सर्वे से पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता अब धीरे-धीरे स्वास्थ्यपूर्ण विकल्प अपनाना अधिक पसंद कर रहे हैं।

इसमें नियमित व्यायाम करना और ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर भोजन चुनना शामिल है, जो रोज़मर्रा की भलाई और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। इन सभी में कैलिफोर्निया बादाम अभी भी सुबह की दिनचर्या और नाश्ते में प्रमुख रूप से शामिल हैं। भारत के 16 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि लोग अब स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं। अधिकांश लोग स्वास्थ्य और पोषण में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, जबकि 51 फीसदी लोग रोज़ाना व्यायाम जैसी सक्रिय जीवनशैली अपना रहे हैं। न्यूट्रीशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी कहती हैं कि अधिक से अधिक लोग ऐसे व्यावहारिक और भरोसेमंद मार्गदर्शन की तलाश कर रहे हैं, जिसे वे वास्तविक रूप में अपनाएं। अब लोग जल्दी नतीजे देने वाले उपायों की बजाय न्यूट्रिशनिस्ट, डायटिशियन पर भरोसा करने लगे हैं। रितिका समद्दार, रीजनल हेड – डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने कहाकि साल की शुरुआत में मैं देखती हूँ कि मेरे कई दोस्त और क्लाइंट स्पष्ट स्वास्थ्य और वजन प्रबंधन के संकल्प बनाते हैं।

## बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों के सानिध्य में मना यूको बैंक का 84वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अंचल कार्यालय में यूको बैंक का 84वां स्थापना दिवस अंचल प्रमुख लोकेश कुमार की अध्यक्षता, प्राचार्य राजीव कुमार गंगवार के मार्गदर्शन एवं बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर भोपाल अंचल में 2 नई शाखाओं नर्मदापुरम एवं कजलीखेड़ा का शुभारंभ भी किया गया।

अंचल कार्यालय में स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया । अंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि भोपाल अंचल अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है । बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर अंचल कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । स्टाफ सदस्यों के लिए स्वास्थ्य एवं



नेत्र जांच शिविर तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत अंचल प्रमुख द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को सहयोग प्रदान किया गया । स्थापना दिवस के अवसर पर स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र भोपाल द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया । अंचल की शाखाओं में भी बैंक का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का सफल आयोजन एचएम नेमा,अरविंद अग्रवाल, ओपी गुनानी, सुमन, अरुण सिंह, आरएन सिंह, कुमार गौरव तथा अंचल कार्यालय व क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के स्टाफ सदस्यों की मौजूदगी में संपन्न हुआ ।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में बाल प्रतिभाओं का उत्सव 'नवोदित 2025–26' का आयोजन



**भोपाल।** यूथ फॉर सेवा द्वारा एलएनसीटी परिसर में उत्तर भारत के सबसे बड़े बाल उत्सव 'नवोदित 2025–26' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालयों, सेवा बस्तियों एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े 578 बच्चों सहित कुल 1031 प्रतिभागियों एवं सहयोगियों ने सहभागिता की। बच्चों ने रंगोली, चित्रकला, नृत्य, गायन, नाट्य मंचन, विज्ञान मॉडल सहित विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नंदा भालावे, डॉ. दीपक पालिवाल, अश्विनीकुमार बेल्लुटागी एवं विक्रम सिंह मुख्य अतिथि रहे। आयोजन का समन्वय अतर साहू, यूथ फॉर सेवा भोपाल चैप्टर द्वारा किया गया। एडवाइजरी बोर्ड से डॉ. अनुराग राय, अभिनव गौर, अतुल विश्वकर्मा एवं डॉ. प्रशांत सिंह, कलचुरी एलएन सिटी इनक्यूबेशन सेंटर के डायरेक्टर आकाश राय, तथा विक्रम सिंह, वरिष्ठ अभियंता, बीएचईएल उपस्थित रहे।

### इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस ने किया युवा अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन



**भोपाल।** इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन (आईईएचई ) द्वारा सेवा संकल्प समिति के तत्वावधान में एवं युवाम सेवा भारती के सहयोग से "युवा अभ्युदयः एक बेहतर कल के लिए युवाओं को सशक्त बनाना३ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर अतिथि सुरेंद्र सिंह सोलंकी , विशेष अतिथि संकल्प दीक्षित एवं अतिथि कार्तिक सक्सेना का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पुष्पा एम. रावतानी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक सेवा के महत्व को रेखांकित किया। आईईएचई के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से सेवा के वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन आकांक्षा सिमोलिया द्वारा किया गया।

### एफएचआरएआई ने किया डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर शिखर सम्मेलन का आयोजन

**इंदौर।** फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन वेस्टर्न इंडिया के सहयोग से, इंदौर के ओमनी रेजिडेंसी में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियम 2025 पर इंडस्ट्री जागरूकता शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित हुए। यह शिखर सम्मेलन डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के तहत अधिसूचित आयोजित किया गया था, जो डेटा गवर्नेंस के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। चर्चाओं में इस बात पर प्रकाश डाला गया। इंडस्ट्री के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व एफएचआरएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल, एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष जिमी शॉ, एफएचआरएआई के मानद सचिव गिरीश ओबेरॉय और एचआरएडब्ल्यूआई के कार्यकारी समिति सदस्य और इंदौर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी ने किया।



### एनआरआई इंस्टीट्यूट कॉलेज में डॉ.प्रशांत त्रिपाठी का मोटिवेशनल लेक्चर

**भोपाल।** एनआरआई इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने छात्रों को एक मोटिवेशनल लेक्चर दिया, जिसमें उन्होंने आयुर्वेद की महत्ता और इसके भविष्य के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉक्टर त्रिपाठी ने अपने लेक्चर में छात्रों को आयुर्वेद के सिद्धांतों और इसके अनुप्रयोगों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता पर जोर दिया। एनआरआई इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एल एस पाणीग्रही ने डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।

### स्टीलबर्ड हेलमेट्स ने की 93 लाख हैलमेट की बिक्री

**नई दिल्ली।** एक बार फिर स्टीलबर्ड ने भारत और दुनिया भर के दो पहिया वाहन चालकों का अटूट विश्वास जीता है। वर्ष 2024 और 2025 में विश्व का नंबर-1 हेलमेट निर्माता बनने के बाद स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड वर्ष 2026 में ऐतिहासिक हैट-ट्रिक की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। कंपनी ने इस वर्ष 93 लाख हैलमेट की बिक्री की है। यह उपलब्धि नई दिल्ली में मिली उस आधिकारिक घोषणा के बाद आई है, जब स्टीलबर्ड को विश्व का सबसे बड़ा हेलमेट निर्माता घोषित किया गया था। उस समय कंपनी ने रिकॉर्ड 87.5 लाख हेलमेट की बिकी की थी। कंपनी द्वारा प्रतिदिन 60,000 हेलमेट के उत्पादन विस्तार की योजना तीसरे वर्ष वैश्विक नेतृत्व हासिल करने की उसकी मजबूत तैयारी को दर्शाती है।

### महिंद्रा ने पेश की एक्सयूवी 7एक्सओ, शुरुआती कीमत 13.66 लाख रुपए

**जैसलमेर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने नई एक्सयूवी 7एक्सओ लांच की, जो कंपनी की लेटेस्ट ट्रेंडसेटर है। 13.66 लाख रुपए(एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर, एक्सयूवी 7एक्सओ ने गेमचेंजर एक्सयूवी 700 द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क को और ऊपर उठाया है, जिसके 2021 में लांच होने के बाद से 300000 से ज़्यादा ग्राहक हो चुके हैं। एक्सयूवी 7एक्सओ एक ऐसा अनुभव देती है जो हाई-एंड एसयूवी के नियमों को फिर से लिखता है, जिसमें सोफिस्टिकेशन और टेक्नोलॉजी को पहले से कहीं ज़्यादा बेहतर बनाया गया है। बुकिंग और डिलीवरी 14 जनवरी 2026 से शुरू होगी।

### होंडा ने दिसंबर में दर्ज की 4.46 लाख यूनिट बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दिसंबर 2025 में कुल 4,46,048 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो मजबूत मांग और कंपनी के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है मिलियन ग्राहकों के लिए गतिशीलता को सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में। इसमें 3,92,306 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 53,742 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। एचएमएसआई ने दिसम्बर 2024 की तुलना में 45 फीसदी वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल–दिसम्बर 2025) की अवधि में एचएमएसआई ने कुल 46,78,814 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 42,04,420 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 4,74,394 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। दिसम्बर 2024 की तुलना में यह 3 फीसदी वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है।

## फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत की अमेजन पे ने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अमेजन पे ने फिक्स्ड डिपॉज़िट की शुरुआत की घोषणा की, जो भारत में उसके वित्तीय सेवा इकोसिस्टम के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है।

दो प्रमुख एनबीएफसी श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस और पांच बैंकों शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक, स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी के ज़रिए, अमेजन पे देशभर के लाखों ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट विकल्प उपलब्ध करा रहा है। अब ग्राहक अमेज़न पे पर सिर्फ 1,000 रुपए से फिक्स्ड डिपॉज़िट खोल सकते हैं और इसके लिए उन्हें हर बैंक में अलग.अलग सेविंग अकाउंट खोलने की जरूरत नहीं होगी। साझेदार संस्थान 8 फीसदी प्रति वर्ष तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहे हैं । सभी साझेदार वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.5 फीसदी ब्याज प्रदान करते हैं। वहीं श्रीराम फाइनेंस महिला निवेशकों को 0.5फीसदी तक अतिरिक्त ब्याज देता है।

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**केनफिन होम्स लिमिटेड**
प्रथम तल, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, गोपालगंज, सागर- 470001, फोन : 07582-2220456
E-mail-sagar@canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **केनफिन होम्स लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग सूचना में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर से देय ब्याज उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित प्रत्येक उधारकर्ताओं की संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।

| क्र. | ऋणी का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : श्री गोरेलाल एवं श्रीमती सावित्री देवी | मकान नं. सी-8, सागर इस्टेट कालोनी, खसरा नं. 232/1, 233/1 प.ह.नं. 75, सबरी वार्ड मौजा बडतुमा सागर (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर- मकान सी-9, दक्षिण- मकान सी-7, पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम- 20 फिट चौड़ी रोड | 30/10/2025 | ₹ 2575344/- | 01/01/2026 |
| 2. | ऋणी : श्री विनय कुमार दुबे एवं श्री प्रेमनारायण दुबे | खसरा नं. 629 का भाग, प.ह.नं. 30/15, खमरिया बंदबस्त नं. 552, वार्ड नं. 02, जवाहर वार्ड तहसील रेहली, सागर (म.प्र.) 470227, चर्तुसीमाएं-उत्तर-14 फिट चौड़ी रोड, दक्षिण- उमाशंकर तिवारी का मकान, पूर्व- चौरसिया जी का प्लाट, पश्चिम- मालिक प्रेमनारायण का प्लाट | 30/10/2025 | ₹ 1655324/- | 01/01/2026 |

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनफिन होम्स लिमिटेड (CFHL)** के अधीन होगा।


दिनांक: 01/01/2026
स्थान: सागर

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि., सागर

चिंतन

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिर्टी एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।



विदेश नीति
अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

(लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता।

वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी।

एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।


## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़यिाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## सटाका





## आज की पाती

### तेल की राजनीति और सत्ता का खेल

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भाषा कभी बाधा नहीं



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेजे से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### पैसे और ज़मीन की भूख




यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन

ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी।




ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू,



दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### एयरपोर्ट सीआईएसएफ ने बांटे गर्म वस्त्र

**संतनगर**। सीआईएसएफ इकाई, भोपाल एयरपोर्ट द्वारा कमांडेंट अतुल भनोत्रा के निर्देशन में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए दो दिवसीय शीतकालीन वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें कंबल, शॉल, जूते एवं अन्य आवश्यक शीतकालीन सामग्री का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य ठंड से राहत प्रदान करना था, जिसे लाभार्थियों ने सराहा और इसे स्थानीय समाज में सकारात्मक पहल के रूप में देखा गया।

### कांग्रेस नेता अनिल का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज**। कांग्रेस नेता एवं नगर परिषद के अध्यक्ष के दावेदार अनिल प्रजापति का जन्मदिन पूजा-पाठ कर मनाया। अनिल प्रजापति ने पूजा पाठ कर मां भगवती से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर राहुल प्रजापति, वचन लोधी, राजेश सैनी, पार्षद एवं कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।

### सकल हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को

**औबेदुल्लागंज**। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को दशहरा मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जन जागरण के लिए सोमवार सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी प्रारंभ हो गई है। संघ के अशोक मित्तल, द्विज चौरसिया, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, गजेंद्र नागर आदि ने ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होने की अपील की है।

### संत हिरदाराम नगर में 10 से होंगे हिन्दू सम्मेलन

**संतनगर**। संत हिरदाराम नगर में 10 जनवरी से 25 जनवरी तक विभिन्न स्थानों पर विशाल सकल हिन्दू सम्मेलन होंगे जिसके लिए पालक बनाए गए है एवं सभी हिन्दू समाज से अपील की गई कि इन सम्मेलनों में उपस्थित होकर सफल बनायें। आरआरएस के नगर संघ चालक बसंत चेलानी, नगर कार्यवाहक मुकेष कराड़े, सह नगर कार्यवाहक मनीष जैन ने बताया कि अय्यपा बस्ती, पूजा श्री नगर, बाल्मिकी बस्ती मैथली पार्क, धनाराम बस्ती सहित विभिन्न के क्षेत्रों में सम्मेलन अलग अलग दिनों में आयोजित किये गए हैं। इन क्षेत्रों के अलग अलग प्रभारी भी बनाए गए हैं।

**शुभांक**

| कल्याणः | 5027 | | |
|---|---|---|---|
| दिनः | 338 | 46 | 600 |
| रातः | 270 | 95 | 230 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 550 | 01 | 128 |
| रातः | 469 | 97 | 340 |

# कॉरपोरेट स्ट्रेस... गुरुग्राम के इंजीनियर की मसूरी में मौत, पिता को बताया-माइंड फ्रेश करने जा रहा हूं, लौटकर नई जॉब तलाश करूंगा

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट गुरुग्राम में औसतन हर महीने 8 से 10 युवाओं की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुग्राम में कॉपोर्रेट जॉब स्ट्रेस एक और युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर के लिए जानलेवा बन गया। इस बार 26 साल के हर्ष बिजौरे शिकार हुए। हर्ष मूलतः भोपाल के रहने वाले हैं। गुरुग्राम में मल्टी नेशनल कंपनी से रिजाइन किया था। 30 दिसंबर को लास्ट वर्किंग डे था। आखिरी बार पिता जितेंद्र बिजौरे को फोन पर कहा-पापा अभी माइंड फ्रेश करने मसूरी जा रहा हूं, लौटकर नई जॉब तलाश करूंगा। हालांकि वो कभी लौट नहीं पाया। अगली सुबह ही पिता को हर्ष की मौत की खबर मिली। बताया गया कि उसे हार्ट अटैक आया। जवान बेटे की मौत से टूट चुके पिता जितेंद्र कहते हैं- हमें किसी पर शक नहीं, लेकिन इतनी कम उम्र में हार्ट अटैक हैरान करने वाला है। इस मौत से हजारों आईटी प्रोफेशनल्स को झकझोर दिया है।

> गुरुग्राम में प्रति महीने 25 से 30 लोग सुसाइड करते हैं। इसमें से कम से कम 5 लोग अच्छी सैलरी पैकेज वाले युवा होते हैं



स्वास्थ्य विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक गुरुग्राम में औसतन हर महीने 8 से 10 युवाओं की हार्ट अटैक से मौत हो रही है। इनमें से 50 फीसदी कॉपोर्रेट के होते हैं। ये वो आंकड़ा है, जिनका पोस्टमॉर्टम करवाया जाता है। बिना पोस्टमॉर्टम वालों की संख्या तो इससे ज्यादा है। हार्टअटैक के अधिकतर मामलों में परिजन पोस्टमॉर्टम नहीं करवाते। गुरुग्राम में प्रति महीने 25 से 30 लोग सुसाइड करते हैं। इसमें से कम से कम 5 लोग अच्छी सैलरी पैकेज वाले युवा होते हैं।

**30 दिसंबर को अंतिम ड्यूटी की**

- हर्ष ने दिसंबर की शुरुआत में अपना रिजाइन डाल दिया था। 30 दिसंबर तक नोटिस पीरियड पर था। 30 दिसंबर को अंतिम दिन अपने सहकर्मियों के साथ मुलाकात कर जॉब छोड़ कर चला गया। वह कुछ दिन स्ट्रेस फ्री होकर रहना चाहता

**कई महीने से स्ट्रेस में था हर्ष**

पिता जितेंद्र बिजौरे जो रेलवे में चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर हैं, के मुताबिक हर्ष कई महीने से काम के दबाव में था। लंबे ड्यूटी आवर्स, डेडलाइन और कॉपोर्रेट कल्चर से परेशान होकर उसने रिजाइन दिया था। न्यू ईयर पर माइंड रिफ्रेश करने के लिए वह 3 दोस्तों विशाल कुमार, स्वाति और भावना वर्मा के साथ 1 जनवरी को मसूरी पहुंचा। ट्रिप का मकसद न्यू ईयर सेलिब्रेशन और दोस्त के जन्मदिन को मनाना था। 2 जनवरी की रात होटल में पार्टी के बाद हर्ष करीब 11 बजे कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह 3 जनवरी को दोस्त उसे नाश्ता देने गए तो शरीर ठंडा पड़ा था। उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट बता दिया।

**मसूरी में होम स्टे में ठहरे थे**

3 जनवरी को सुबह करीब 10:54 बजे एमडीटी-112 के जरिए सूचना मिली कि मसूरी के होम स्टे के रूम नंबर-102 में ठहरे एक युवक की तबीयत खराब है। उसका शरीर अकड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही बालोगंज चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। 108 एम्बुलेंस की मेडिकल टीम पहले से मौजूद थी। युवक को परीक्षण के बाद मृत घोषित किया गया।

## कोलार में दिनदहाड़े सोशल मीडिया क्रिएटर के घर चोरी का खुलासा

# पुलिस ने फुटेज के आधार पर दो आरोपी को पकड़ा कैमरा, नकदी समेत 4 लाख का सामान बरामद

> मुख्य गेट के सेंट्रल लॉक के पास की दीवार उखड़ी और गेट की प्लाई तोड़ी गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया क्रिएटर के सूने घर को निशाना बनाकर आरोपियों ने महज ढाई घंटे में 4 लाख का इलेक्ट्रॉनिक सामान और नगदी उड़ा ली थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब चार लाख रुपए का चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है।

यह घटना 12 दिसंबर 2025 की है। फरियादी रुद्राक्ष श्रीवास्तव सोशल मीडिया क्रिएटर हैं। दोपहर करीब 2:30 बजे अपने मित्र से मिलने अरेरा कॉलोनी गए थे। घर से निकलते समय उन्होंने मुख्य गेट पर सेंट्रल लॉक लगाया था। शाम करीब 4:45 बजे जब वे वापस लौटे तो देखा कि मुख्य गेट के सेंट्रल लॉक के पास की दीवार उखड़ी हुई थी और गेट की प्लाई तोड़कर घर में प्रवेश किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में ऐशबाग के बाग उमराव दुल्हा निवासी 33 वर्षीय अनवर खान और काजी कैंप निवासी 36 वर्षीय अकबर शामिल है।





**लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरीः** फरियादी की शिकायत पर थाना कोलार रोड पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305(ए) और 331(3) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। घर के अंदर से आरोपियों ने सोशल मीडिया क्रिएशन में इस्तेमाल होने वाला कीमती सामान चोरी कर लिया। इसमें एसर कंपनी का लैपटॉप, 27 इंच का मॉनिटर, सोनी कंपनी का कैमरा ए-10, तीन अलग-अलग लेंस, गोडेक्स लाइट, कैमरे की बैटरियां, माइक्रोफोन, चार्जर, दो टाइटन घड़ियां और करीब 5 हजार रुपए नगद शामिल हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग चार लाख रुपए आंकी गई है।

**सीसीटीवी फुटेज से खुला राज**

पुलिस उपायुक्त जोन-4 मयूर खंडेलवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मलकीत सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त अक्षय चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास और आने-जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान की गई।

**कोर्ट ने दोनों आरोपियों को भेजा जेल**

5 जनवरी सोमवार को पुलिस ने संदिग्ध अनवर खान और अकबर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया और दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पासपोर्ट आवेदन में किशोरी ने छिपाई उम्र, दस्तावेज सत्यापन में खुलासा

पासपोर्ट आवेदन के दौरान एक किशोरी द्वारा गलत जानकारी देने व अपनी आयु छुपाने का मामला सामने आया है। दरअसल विदेश जाने के लिए एक नाबालिग ने खुद को वयस्क बताते हुए,पासपोर्ट के लिए आवेदन कर दिया। जब दस्तावेज सत्यापन हुआ तो मामला पकड़ में आ गया। जांच में वास्तविक उम्र 16 वर्ष सामने आने के बाद पासपोर्ट कार्यालय ने आवेदन खारिज करते हुए आवेदक को सख्त चेतावनी दी और फाइल बंद कर दी।जानकारी के अनुसार, पासपोर्ट आवेदन की प्रारंभिक जांच के दौरान अधिकारियों को उम्र को लेकर संदेह हुआ। इसके बाद स्कूल से जुड़े दस्तावेज मांगे गए। रिकॉर्ड मिलान में साफ हुआ कि आवेदन में दर्ज जन्म वर्ष बदला गया था। ताकि, आवेदक वयस्क प्रतीत हो। नाबालिग होने की पुष्टि होते ही पासपोर्ट अदालत ने तत्काल आवेदन निरस्त कर दिया। पासपोर्ट ऑफिस के अनुसार, किशोरी ने मामले में पुलिस को सूचना न देने का आग्रह किया। निर्देश दिए गए कि स्कूल मार्कशीट के अनुसार आधार कार्ड में जन्म तिथि का सुधार कराया जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिग आवेदकों के मामले में माता-पिता की उपस्थिति और आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होते हैं। चेतावनी के बाद किशोरी ने गलती स्वीकार की, जिसके बाद फाइल क्लोज कर दी गई।



संस्कार विद्यालय में हनुमान चालीसा पाठ में उपस्थित अतिथि।

### संस्कार विद्यालय में हनुमान चालीसा का किया पाठ

## जो पीछा छुड़ाकर भागते हैं, मुश्किलें उनके पीछे-पीछे आएगीः रचना जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ किया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय मुख्य अतिथि विवेकानंद केन्द्र, भोपाल की संगठन मंत्री रचना जानी, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव, सौरभ शुक्ला, कमल प्रेमचंदानी ने बच्चों का उत्साह वर्धन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

कार्यक्रम में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने अतिथियों का परिचय देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है अब इसके साथ भगवद् गीता के श्लोको का वाचन भी किया जाता है जिससे लगभग सभी बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ, गीता के श्लोक एवं उसका अर्थ याद होगा।

रचना जानी ने कहा कि जब भी हमारे पास कोई मुश्किल आती है और हम उनसे पीछा छुड़ाकर भागते हैं तो वह हमारे पीछे-पीछे आएगी। यदि हम उनका डटकर सामना करेंगे तो पह स्वयं पीछे हट जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, मृदुला गौतम, सीमा शर्मा, प्रियांशी आडवानी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## माशिमंः 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू

**भोपाल**। माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं कक्षाओं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। इन परीक्षाओं में प्रदेशभर के लगभग 18 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं राजधानी भोपाल में करीब 57 हजार विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन 10वीं का हिंदी और 12वीं का फिजिक्स का पेपर हुआ। भोपाल में कक्षा 10वीं के करीब 30,700 और 12वीं के करीब 27 हजार स्टूडेंट शामिल हुए।

## औबेदुल्लागंज पहुंची किसान जन आंदोलन यात्रा, हुआ भव्य स्वागत

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

किसान कांग्रेस के मार्गदर्शन में आयोजित किसान जन आंदोलन यात्रा मंगलवार को औबेदुल्लागंज पहुंची। यहां स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह गाडरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा, पार्षद हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, ब्लॉक कांग्रेस किसान अध्यक्ष सूरजमल गौर, कांग्रेस नेता अफजल हुसैन आदि ने संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

कांग्रेस नेताओं ने कहा औबेदुल्लागंज में गरीबों के साथ अन्याय हो रहे हैं। वहीं कांग्रेस नेताओं ने कहा भ्रष्टाचार, कमीशन बाजी के कारण नगर में विकास कार्य ठप है। किसानों के साथ अन्याय जारी है। किसान धान की फसल सस्ते भाव में बेचने पर मजबूर हैं। किसानों को खाद नकली मिल रही है। इस पर भाजपा का ध्यान नहीं है। इस अवसर पर दुर्गेश यादव, महेश जैन, नवाब हुसैन, पंकज शर्मा, दीपेश मीणा, आशीष गौर, जसवंत कीर, इरफान दुर्रानी, होशियार सिंह ठाकुर, राकेश मालवीय, दशरथ मीणा, सेंकी मदान, संजय खटीक, कमलेश लोधी, संजय खटीक, आशीष खटीक, संतोष सेन, मनोज खटीक आदि लोग मौजूद थे।



किसान जन आंदोलन यात्रा में शामिल कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी।

### कुख्यात जुबैर मौलाना और साथी को तीन साल की सजा

**भोपाल**। भोपाल के कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना और उसके गुर्गे शुभम राय को भोपाल की एक कोर्ट ने तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने यह फैसला सुनाया है। दोनों ने डांसर युवती को जान से मारने की धमकी देकर बंधक बनाकर अश्लील छेड़छाड़ की थी। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक राजेश सिंह द्वारा पैरवी की गई थी। भीम नगर जहांगीराबाद निवासी युवती विवाह समारोह में डांसर के रूप में काम करती है। वर्ष 2017 में वो एक विवाह समारोह में डांस कर रही थी। इसी दौरान कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना एवं उसके गुर्गों ने जान से मारने की धमकी देकर युवती को बंधक बनाया था।




शिव महापुराण कथा में आरती करते हुए।

## शिव महापुराण कथा में सुनाया द्रौपदी और चंचला का प्रसंग

**औबेदुल्लागंज**। नगर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन मंगलवार को द्रौपदी चरित्र और चंचला की कथा सुनाई। कथा वाचक राजेंद्रशास्त्री महाराज ने बताया शिव महापुराण कथा में महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति भाव से आरती की। अर्जुन नगर भोजपुर मंडल की बहने एवं सदस्य और अनिता पांडे, अर्चना जुगल किशोर तिवारी, अरुण भावसार, आरती यादव, सुनिता सैनी, मल्होत्रा यादव, बबली शर्मा, रुक्मिणी यादव, भगवती साहू, मीना मालवीय, मुन्नी साहू, बचन लोधी, कमलेश लोधी, सुनील सेरिया आदि कथा में शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी रायसेन अल्पसंख्यक विभाग ने की 12 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**औबेदुल्लागंज**। कांग्रेस कार्यालय में विशाल मदान एवं सेंकी मदान के सहयोग से जिला कांग्रेस कमेटी रायसेन (अल्पसंख्यक विभाग) के अध्यक्ष आदिल सिद्धकी सिमराई द्वारा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 12 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें उदयपुरा से अब्दुल खलील मंसूरी, देवरी से जावेद अली, बरेली से आसिफ पठान, भारकच्छ से सोहेल खान, भोजपुर विधानसभा मंडीदीप अनवर बादशाह (सिमराई), चिकलौद से अशरफ खान (मकोड़िया), सुल्तानपुर से रईस खान, सांची से अरवाज खान (बांसखेड़ी), रायसेन शहर से इमरान खान, रायसेन ग्रामीण से अख्तर खान (इमलिया सेहवासनी), सांचेत से अफजल खान (बामनोद), देव नगर से अनस मंसूरी (भूरा) को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### स्थानीय मीडिया हाउस के सदस्यों ने कलेक्टर रायसेन को सौंपा ज्ञापन

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप पर लगे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों पर जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने त्वरित संज्ञान लिया है। मीडिया हाउस द्वारा मंगलवार को कलेक्टर रायसेन को सौंपे गए मांग पत्र में नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं और धांधली का विस्तृत उल्लेख किया गया था, जिस पर कलेक्टर ने रायसेन डूडा (जिला शहरी विकास अभिकरण) अधिकारी को सभी बिंदुओं पर जांच कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि जांच में जहां भी गड़बड़ियां मिलेंगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जांच को प्राथमिकता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।



सड़क खोदी पर नहीं किया मरम्मत।

मांग पत्र में नगर पालिका मंडीदीप को राज्य की सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाली नगरीय निकायों में से एक बताया गया है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कथित गठजोड़ से योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित रह गया है। मीडिया हाउस के सदस्यों ने मुख्य रूप से इन बिंदुओं की जांच की मांग की है।

**होगी कार्रवाई**

मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर गहन जांच के आदेश दिए गए हैं, जो दोषी होंगे उन पर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अरुण कुमार** विश्वकर्मा, कलेक्टर रायसेन।

**यह रहीं ज्ञापन में मांगे**

- अमृत-2 योजना में अनियमितताः 64 करोड़ रुपए की लागत से दाहोद जलाशय से मंडीदीप तक पेयजल आपूर्ति में ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप।
- तहबाजारी वसूली में गोलमालः प्रतिदिन 1000 से अधिक फुटकर दुकानों से 20 रुपए प्रति दुकान वसूली जा रही है, लेकिन नपा में औसत 200 दुकानों की राशि जमा दिखाई जा रही है। शेष राशि का कथित रूप से बंटवारा हो रहा है।
- स्वच्छता विभाग में फर्जी कर्मचारीः नपा के स्वच्छता विभाग के 200 से अधिक कर्मचारियों में से करीब 100 घर बैठे वेतन ले रहे हैं, जिससे नपा पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।
- कायाकल्प योजना में खराब गुणवत्ताः करोड़ों की सड़कें जल्द जर्जर हो रही हैं, कई कार्य अधर में लटके हैं।
- प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधलीः 100 से अधिक हितग्राहियों का पता नहीं, अपात्रों को लाभ दिया गया है।
- सतलापुर बोर्ड कॉलोनी में उपेक्षाः हाउसिंग बोर्ड से 6 .8 करोड़ मिलने के बावजूद सीवर, सड़क और नाली कार्य में भ्रष्टाचार।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

पंजाब से आए रागी जत्थे ने किया कीर्तन श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उमरिया गुरुद्वारे में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया और दीवान सजाया। गुरु गोविंद सिंह महाराज की जयंती पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और अरदास की । इस मौके पर पंजाब से आए रागी जत्था ने कीर्तन किया। सुबह 10 बजे से ही गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं का ताता लगने लगा था। इस दौरान वाहेगुरु वाहेगुरु और जो बोले सो निहाल के जयकारे गूंजते रहे। उसके बाद गुरु का लंगर चखा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और गुरु गोविंद सिंह महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर बधाई दी। प्रधान नरेंद्र सिंह गिल, राजेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, हरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, हरजीत सिंह मंगू, हरजीत सिंह काका, रणजीत सिंह गुलशन, अर्जुन सिंह, गुरपाल सिंह, मनिंदर सिंह, हरदीप सिंह, जसपाल सिंह आदि ने गुरुद्वारे में सेवाएं दी। इस अवसर पर एसडीओपी शीला सुराणा ने भी गुरुद्वारे में मत्था टेका और अरदास की।



गुरुद्वारा में कीर्तन सुनते श्रद्धालु।



रागी जत्था का स्वागत करने के लिए खड़े गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य।

लकी जायसवाल की सोलो पेंटिंग प्रदर्शनी में 22 पेंटिंग्स का प्रदर्शन

# एलियंस फ्रांसिस में सजी 'तिनका' समेत देहाती जीवन की तस्वीरें

**भोपाल।** आर्टिस्ट लकी जायसवाल की पेंटिंग्स में भारतीय गांवों की सादगी, आत्मीयता और देहाती आकर्षण जीवंत रूप में दिखाई देती है। मंगलवार को एलियंस फ्रांसिस में उनकी चर्चित पेंटिंग "तिनका" समेत कुल 22 सोलो पेंटिंग्स प्रदर्शित की गईं। यह प्रदर्शनी भोपाल में पहली बार आयोजित की गई है।


प्रदर्शनी में चित्रों को निहारते दर्शक।


चारपाई की पेंटिंग को देखती युवतियां।

### गांव की आत्मा को कैनवास पर उतारने का प्रयास

*मिट्टी, लकड़ी और घास-फूस को दर्शाता है ये ग्रामीण जीवन की सरलता और संसाधन शीलता का प्रतीक हैं, गांव का चित्रण नहीं करतीं, बल्कि उसकी भावना को कैनवास पर लाने का प्रयास हैं। जिसमें सादगी, अपनापन और जीवंत संस्कृति बसती है। लकी की पेंटिंग्स दर्शकों को शहरी जीवन की भागदौड़ से निकालकर गांव की शांत और आत्मीय दुनिया में ले जाती हैं।*

### चारपाई बनी आकर्षण का केंन्द्र


प्रदर्शनी में लगी चारपाई की पेंटिंग।

*मशहूर आर्टिस्ट लकी जायसवाल ने अपनी पेंटिंग्स में ग्रामीण जीवन की पहचान मानी जाने वाली देहाती चारपाई को बेहद बारीकी और संवेदनशीलता के साथ कैनवास पर उकेरा है। मोटी-पतली लकड़ियों, रस्सियों और पारंपरिक बनावट को जिस तरह दर्शाया गया है, वह दर्शकों को गांव की मिट्टी से जोड़ता है।*

### एक पेंटिंग में लगते हैं 8 से 9 महीने

लकी ने बताया कि एक पेंटिंग को पूरा करने में लगभग 8 से 9 महीने का समय लगता है। उनकी पेंटिंग्स 6 बाई 4 फीट के कैनवास पर एक्रेलिक रंगों से बनाई जाती हैं। प्रत्येक पेंटिंग की कीमत लाखों रुपये में है, जो उनकी मेहनत और कला की गहराई को दर्शाती है।

मैंने हमेशा से एक पेड़ में पूरा संसार देखा है...

## मिट्टी, रंग, गांव की आत्मा जीवन की सादगी और कला से लगाव, बचपन से है...

**भोपाल।** लकी जायसवाल ने बताया कि मैं शुजालपुर से हूं। मैने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शुजालपुर में प्राप्त करने के बाद 2014 में शासकीय ललित कला संस्थान, इंदौर में प्रवेश लिया और 2020 में एमएफए की डिग्री हासिल की तब से मै लगातार पेंटिंग बना रहा हूं। मेरी चित्रकला की मूल प्रेरणा भारतीय से गांव आती हैं।



मैंने हमेशा से एक पेड़ में पूरा संसार देखा है। जब भी चारपाई की बुनावट को देखता था तो कुछ नए तिनका मेरे मन में फूटता था। कैनवास पर गांव केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभव बनकर उभरता है। मिट्टी के घर, दीवारों की दरारें, घास-फूस, लकड़ी के ढांचे और समय से जूझती ग्रामीण वास्तु कला उनकी कृतियों में जीवन की कहानियां कहती हैं।

### रंगों की सधी हुई धड़कन

*मिट्टी के रंगों और सौम्य पेस्टल टोन के बीच उभरते चटख रंग उनकी कला को विशेष पहचान देते हैं। सूखी झाड़ियों, धूल भरे मैदान और चमकीले रंग ग्रामीण जीवन की अनकही सुंदरता को उजागर करते हैं। भावना का सशक्त दस्तावेज मेरी पेंटिंग्स गांव के सार सादगी, सहनशीलता और जीवंत संस्कृतिको संवेदनशीलता से कैनवास पर उतारती हैं, मेरा कोई रोलमॉडल नही है, बचपन से ही रंगो से खेलने का शौक रहा है बाद में ईसी रोजगार बनाया।*

---

टीमें करेंगी गुलाब बगीचों का मुआयना

## गुलाब प्रदर्शनी में गुलाब बगीचा श्रेणी में सामने आईं 65 प्रविष्टियां



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

गुलाब उद्यान में 9 जनवरी से आयोजित होने वाली गुलाब प्रदर्शनी के गुलाब बगीचा इवेंट में शहर से 65 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग की 6 संयुक्त टीम इन गुलाब बगीचों का 7 और 8 जनवरी को मुआयना करेंगी। आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविन्द दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश फूलों के उत्पादन में देश में द्वितीय स्थान पर है। राज्य सरकार द्वारा फूलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

### 9-11 जनवरी तक किया जाता है प्रदर्शनी का आयोजन

प्रतिवर्ष गुलाब उद्यान में गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया जाता है। गुलाब के प्रति आम लोगों के रूझान को देखते हुए गुलाब उत्पादकों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है। दुबे ने बताया कि शहर और उसके आसपास लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र में विकसित किये गये गुलाब उद्यानों की 65 प्रविष्टियां इस प्रतियोगिता में शामिल की गई हैं।

प्रतिभागियों को मिलेंगे 5 लाख तक के इनाम

## आरएनटीयू में दो दिनी सम्मेलन का आयोजन होगा 6 फरवरी से

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) द्वारा शोध एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'शोध शिखर 2026' का आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों तथा स्नातक-स्नातकोत्तर छात्रों को अपने शोध प्रस्तुत करने के साथ-साथ नवाचार, विज्ञान संचार और सतत विकास से जुड़े विचारों के आदान-प्रदान का मंच प्रदान करेगा।

### एक टीम में 4 छात्र

डिप्लोमा, यूजी एवं पीजी छात्र इस श्रेणी में भाग ले सकेंगे। एक टीम में अधिकतम चार छात्र एवं एक शिक्षक शामिल हो सकते हैं। एक संस्थान से अधिकतम पांच प्रोजेक्ट स्वीकार किए जाएंगे। आइडिया कॉमर्शियलाइजेशन कैटेगरीपेटेंट के लिए तैयार किसी भी उत्पाद के साथ भाग लिया जा सकता है।

11 जनवरी को होगा कायस्थम- 26 का भव्य आयोजन


## कायस्थम टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा सोनिया, शोभिता को देगा कायस्थ गौरव सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 11 जनवरी को कायस्थम-26 के समारोह में कायस्थ समाज की उभरती हुई टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव को फिल्म एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कायस्थम का यह आयोजन रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 4 बजे से होगा। कार्यक्रम में अनेक विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे, जिनमें श्री चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज और महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय मप्र के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश भी शामिल हैं।




इन टीवी अभिनेत्रियों का होगा सम्मान।

---

## स्थानीय खेल समाचार

छोटी झील में 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप शुरू

## मेजबान मप्र ने स्वर्ण पदक के साथ अपने अभियान की शुरुआत की


विजेता टीम के साथ मंत्री सारंग, महापौर राय व अतिथि।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

राजधानी के छोटे तालाब पर 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप मंगलवार को प्रारंभ हो गई है। मेजबान मध्यप्रदेश ने स्वर्ण पदक के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है।

**सीनियर और जूनियर वर्ग में कुल 27 इवेंट होंगे**

मप्र ने सीनियर 10 मिक्स इवेंट में यह पहली सफलता प्राप्त की है। महाराष्ट्र ने रजत तथा पंजाब ने कांस्य पदक जीता। राजधानी के छोटे तालाब में कड़ाके की ठंड के बीच भी राष्ट्रीय ड्रैगन बोट के जोरदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। मंगलवार को भी सुबह से खिलाड़ियों का जमावड़ा रहा। पहले दिन दो किमी की रेस आयोजित हुई। डी-10 सीनियर मिक्स के फाइनल मुकाबले में 9:46.267 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महाराष्ट्र 9:56.146 समय के साथ दूसरे तथा पंजाब 9:56.555 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय व एशियन कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सचिव मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग मयंक ठाकुर ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो किलोमीटर के बचे हुए फाइनल व 500 मीटर की हिट्स फाइनल रेस आयोजित होगी।

### खेलमंत्री सारंग ने किया शुभारंभ

खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने चैंपियनशिप का उद्घाटन और सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मप्र में खेलो एमपी की शुरुआत 12 जनवरी से होने जा रही है, इसी के आधार पर मप्र टीमों का चयन किया जाएगा। हमारा यह प्रयास है कि देश में हमारे इस मॉडल को अपनाया जाए। इसकों लेकर हमने जोरदार तैयारी की है। उन्होंने भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाह के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने भी सभी मेहमान खिलाड़ियों का स्वागत किया और सभी को भोपाल भ्रमण करने व बड़े तालाब पर शिकारों का लुत्फ उठाने की बात कही। छात्रा दिव्या मिश्रा ने भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर भारतीय ड्रैगन बोट के चेयरपर्सन दिलीप सिंह चौहान, मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, सचिव मयंक ठाकुर,आदि मौजूद थे।

**स्वर्ण पदक विजेता मप्र टीम**

*अजय चौहान, सौरभ सेन, सुमित सविता, आदित्य गुर्जन, सुजल वर्मा, शुभम यादव, मनमीत कुमार, चेरी पुंधिर, पलक यादव, स्नेहा दिसोरिया, सरजू देवी, आरती नाथ व पायल।*


ड्रैगन बोट रेस का शुभारंभ करते मंत्री सारंग व महापौर राय।

पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आजमाए हाथ, लगाए बेहतरीन एक से बढ़कर एक शॉट

## महर्षि मैत्री छठवीं श्रृंखला के दूसरे दिन 6 मुकाबलों में दिखा रोमांच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

महर्षि मैत्री छठवीं श्रृंखला क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले गए। सभी मैच 8-8 ओवर के निर्धारित प्रारूप में आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों ने सीमित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे दिन मैदान पर खेल भावना, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा।

आज के कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा स्वयं मैदान पर पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद किया, पिच पर उतरकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया तथा चौके-छक्के लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।


टूर्नामेंट में शॉट लगाते पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा।


विजेता टीम के साथ आयोजक व अतिथि।

### आज के मुकाबलों के परिणाम

| टीम | विजेता |
|---|---|
| नीलकंठ विरुद्ध ब्रह्मवेद उज्जैन- | नीलकंठ |
| राज राजेश्वरी विरुद्ध मां वैष्णो धाम- | मां वैष्णो धाम |
| सिद्धपुर सीहोर विरुद्ध रुद्र यज्ञ सेना- | रुद्र यज्ञ सेना |
| काशीनाथ रायसेन विरुद्ध एलबीएस-संस्कृत विद्यालय दिल्ली | एलबीएस |
| याज्ञिक एकादश विरुद्ध महाकाल वॉरियर- | याज्ञिक एकादश |

### संस्कृत में कॉमेंट्री रही आकर्षण का केंद्र

प्रतियोगिता की एक विशेष पहचान मैचों की कमेंट्री संस्कृत भाषा रही, जिसे सुनकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। कॉमेंट्री के माध्यम से प्राचीन भाषा और आधुनिक खेल का अनूठा संगम देखने को मिला।

### इन्होंने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पं. पुष्पेंद्र मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, श्री श्री 1008 पीठाधीश्वर बृजमोहन दास महाराज, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विवि, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. शिवम दुबे, कर्मचारी नेता अशोक पांडे, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, नीरज शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

पहला मैच आज उज्जैन के विरुद्ध खेलेगी टीम, आलिफ करेंगे उपकप्तानी

## ओजस की कप्तानी में खेलेंगे अंडर-18 गायकवाड़ ट्रॉफी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

भोपाल। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने पहले मैच के लिए अंडर -18 बॉयज टीम की घोषणा की, टीम का पहला मैच 7 से 10 जनवरी को ओएफसीए मैदान भोपाल में उज्जैन के विरुद्ध खेलेगी। टीम का कप्तान ओजस शुक्ला और उप कप्तान-आलिफ़ हसन को बनाया गया है। टीम के बल्लेबाजी कोच अभय गोस्वामी, गेंदबाजी कोच प्रत्युश चटर्जी, सहायक कोच अक्षय दुबे (सीहोर) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने खिलाड़ियों को किट वितरित की एवं सभी बीडीसीए के पदाधिकारी गण ने टीम को शुभकामनाएं दी।


चयनित टीम के साथ बीडीसीए के पदाधिकारी।

### टीम इस प्रकार है

ओजस शुक्ला (कप्तान) आलिफ़ हसन (उपकप्तान), हर्षित शर्मा (विकेटकीपर), जय रघुवंशी (विकेट कीपर), कुश राजपूत,कनिष्क गौतम, सिद्धांत परिहार, मलय श्रीवास्तव, रिदय माहेश्वरी, रुद्र प्रताप सिंह तोमर, रबजीत सिंह मल्ही, अंजेश पाल, दिव्यांश बंडोलिया,दीपेश सेन, अर्णव पुंडीर शामिल हैं। वहीं अतिरिक्त खिलाड़ियों में द्रोण श्रीवास्तव, शिवांश त्रिपाठी, मुजैब्र खान,अब्दुल्ला नईम, नयन अतुलकर और अभय सिंह चौहान हैं।

31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में चल रहे रोमांचक मुकाबले

## राज एक्सप्रेस, न्यूज अटल प्रदेश की टीम जीती, रोमांचक रहा मैच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

ओल्ड कैम्पियन मैदान पर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को राज एक्सप्रेस ने स्वदेश ज्योति को 31 रन से पराजित कर पहली जीत दर्ज की। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में न्यूज अटल प्रदेश ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को एक रन से हरा दिया। राज एक्सप्रेस ने तय 18 ओवर में सात विकेट खोकर 117 रन बनाए। जवाब मे स्वदेश ज्योति की टीम 16.3 ओवर में 86 रन पर ही बना सकी। वहीं, दूसरे मुकाबले में अटल न्यूज ने तय 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए। जवाब में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पांच विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी।


टूर्नामेंट में मैच खेलते खिलाड़ी।

| आज के मैच | समय |
|---|---|
| पीपल्स बनाम प्रदेश टुडे- | सुबह 9 बजे से |
| जनसंपर्क बनाम वर्टेक्स रॉयल- | दोपहर 12 बजे से |

उत्तरप्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट घोषित

# प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता, पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम कटे

## चुनाव आयोग ने वेबसाइट पर मतदाताओं के नाम अपलोड किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में एसआईआर की पहली प्राथमिक सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता है। पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी नाम कट गए। 6 जनवरी से दावे-आपत्तियां की जा सकती हैं। जिनके भी नाम पहली ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। ताकि उनका नाम जोड़ा जा सके। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

*6 जनवरी से दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गईं*

*6 फरवरी तक आवेदन दे सकेंगे पात्र हितग्राही*

*6 मार्च को जारी होगी चुनाव आयोग की अंतिम सूची*



### आयोग ने हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया

दावे और आपत्तियां मुफ्त हैं। आयोग ने हेल्पलाइन नंबर- 1950 जारी किया है, जहां सहायता ली जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में कम सहयोग को देखते हुए आयोग ने विशेष कैंप लगाने की योजना बनाई है।

### एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म दें

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। एक अक्टूबर से जो एलिजेबल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं। जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। छह मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। रिणवा ने बताया कि आप वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। 27 अक्टूबर 2025 से प्रक्रिया शुरू हुई। 4 नवंबर से पहला चरण शुरू हुआ। उस वक्त 15 करोड़ 30 हजार 92 मतदाता थे। सभी का गणना प्रपत्र प्रिंट आउट लिया था। प्रपत्र घर-घर जाकर दिए गए। पहले एक सप्ताह के लिए समय बढ़ाया गया। फिर 11 दिसंबर को गणना चरण समाप्त होना था। 2.97 लाख नाम हट रहे थे, इसके लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया।*

### इस तरह देखें नाम

- चुनाव आयोग की वेबसाइट (**https://voters.eci.gov.in/download-eroll**) पर जाएं।
- राज्य और जिला चुनें। इसके बाद अपना विधानसभा क्षेत्र सेलेक्ट करें।
- अपना बूथ सेलेक्ट करें और ड्राफ्ट सूची डाउनलोड कर लें।



### शिफ्ट वोटरों की संख्या 2.17 करोड़

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 करोड़ के ऊपर जो मतदाता थे उसमें उन्होंने खुद या परिवार के किसी ने हस्ताक्षर करके दिया वह थे। पुरानी मतदाता सूची का लगभग 81 प्रतिशत लोगों ने साइन करके वापस किया और जिन्होंने नहीं दिया वह लगभगत 18 प्रतिशत हैं। जिन्होंने नहीं दिए वापस फॉर्म उनके कई कारण थे। मृतक वोटरों की संख्या 46.23 लाख थी और स्थांतरित, यानि शिफ्ट करके जो वोटर चले गए हैं उनकी संख्या 2.17 करोड़ है। वहीं जो एक से ज्यादा स्थान पर नाम दर्ज पाए गए 25.47 लाख थे। जिनका नाम ड्राफ्ट में नहीं आया वह कुल 2.89 करोड़ हैं।*

### वाराणसी में एसआईआर के बाद 18% मतदाताओं के नाम कटे

यूपी में एसआईआर के बाद 12.55 करोड़ मतदाताओं की आज रफ सूची आ गई बात की जाए वाराणसी की तो यहां 18 प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटे है हालांकि उनके पास अभी फॉर्म 6 विकल्प है। वे संपूर्ण प्रपत्रों के साथ नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जांच- पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। लोग दावा-आपत्तियां उचित तरीके से कर सकते हैं।

### 27 फरवरी तक किया जाएगा निराकरण

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि सूचना जारी करने का चरण, मतगणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 6 जनवरी से 27 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अंकिता के पिता से मिल जांच तय करेंगे: धामी

**देहरादून।** अंकिता भंडारी केस एक बार फिर चर्चा में है। लोगों की मांग है कि इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। इस पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वो इस मसले पर अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे जिसके बाद ही फैसला होगा। अंकिता के माता-पिता की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिया जाएगा। अभी फैसला नहीं किया गया है।



### केरल में 4.5 लाख छात्र सीखेंगे रोबोटिक्स

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा विभाग की तकनीकी इकाई केआईटीई ने राज्य भर के सभी कक्षा 10 के छात्रों के लिए रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। अधिकारियों ने इसे सरकारी शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी क्रांति का एक नया अध्याय बताया है। इसका उद्देश्य सभी स्कूलों के 4.5 लाख छात्रों को तकनीक सिखाना है।



### मनसे को झटका, संतोष भाजपा में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संतोष धुरी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने अपने ही वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया और मुंबई नगर निगम चुनावों में सीट बंटवारे के दौरान वार्ड शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को दे दिए। मनसे को झटका लगा है।



### भगदड़ मामले में एक्टर विजय 12 को पेश हों

**चेन्नई।** इन दिनों थलापति विजय अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' को लेकर चर्चा में हैं। यह 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इससे पहले ही अभिनेता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें करूर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई ने नोटिस जारी किया है। 12 जनवरी को दिल्ली स्थिति सीबीआई हेडक्वार्टर में पेश होना है। उनसे भगदड़ मामले में पूछताछ होगी।



### प्रधानमंत्री के लेख को अविमुक्तेश्वरानंद ने सराहा

**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमनाथ मंदिर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखे गए लेख की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्ष पहले मंदिर को तोड़ने का पहला प्रयास किया गया था, लेकिन आज भी सोमनाथ अडिग खड़ा है। प्रधानमंत्री ने लेख के माध्यम से उस पीड़ा, संवेदना और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया है।



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 'बड़ी समस्या' पर शीर्ष अदालत सख्त


# वायु प्रदूषण पर सीएक्यूएम को फटकार आयोग कर्तव्य निभाने में रहा 'नाकाम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कर्तव्य निभाने में विफल रहने पर फटकार लगाई है। वहीं सीएक्यूएम की दिल्ली की सीमाओं पर मौजूद टोल प्लाजा को हटाने या अस्थायी रूप से बंद करने की मांग को ठुकरा दिया है। मंगलवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या हटाने के मुद्दे पर 2 महीने का समय मांगा था। जिस पर फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को ठुकरा दिया और कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करेगा। इसी के साथ दो हफ्ते में विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

आयोग को समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश | दिल्ली में टोल प्लाजा को हटाने या बंद करने की मांग ठुकराई

### मुख्य कारणों पर रिपोर्ट जमा की जाए



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्य बागची की पीठ ने आयोग को दो हफ्ते में एक्सपर्ट्स की एक मीटिंग बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि क्या आप प्रदूषण के कारणों की पहचान कर पाए हैं? इन सभी दिनों में बहुत सारा मटेरियल पब्लिक डोमेन में आ रहा है, एक्सपर्ट्स आर्टिकल लिख रहे हैं, लोगों की राय है, वे हमें मेल पर भेजते रहते हैं।

### टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश

पीठ ने कहा कि भारी वाहन इसमें बड़ा योगदान दे रहे हैं। पहला सवाल यह है कि हम इससे कैसे निपटें। हमें आपकी बात मंजूर नहीं है। आयोग ड्यूटी निभाने में नाकाम हो रहा है। कोर्ट ने सीएक्यूएम को लंबे समय के समाधानों पर विचार करना करने, हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश दिया है।

## *कुत्ते की गिनती मामले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा*

### शिक्षा मंत्री बोले- जनता से माफी मांगें केजरीवाल

दिल्ली में विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में सत्ता पक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। कुत्ते की गिनती मामले को लेकर मंत्री एवं भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। इसके चलते सुबह का सत्र दो बार स्थगित करना पड़ा। उधर, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पत्र लिखकर अरविंद केजरीवाल को भ्रम फैलाने के लिए सरकार एवं दिल्ली की जानता से माफी मांगने को कहा। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने केजरीवाल से माफी मंगवाने की मांग करते हुए हंगामा किया। विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे भाजपा विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लगभग आधे घंटे चले प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विधानसभा सत्र शुरू हुआ, लेकिन भाजपा विधायक एक बार फिर केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए माफी की मांग करने लगे।



### गिनती प्रकरण की होगी जांच: स्पीकर

दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आवारा कुत्तों की गणना के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखा गया। इससे सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी झूठ फैलाकर सरकार को बदनाम कर रहे हैं। ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है। मामले पर विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने मामले की जांच शिक्षा संबंधी स्थायी समिति से कराने की बात कही है।

बाहरी दिल्ली में हीटर से हादसा

# डीएमआरसी इंजीनियर का परिवार जिंदा जला, बेड पर मिले 3 शव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली में आदर्श नगर के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित मेट्रो अपार्टमेंट्स में सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में हीटर फटने के बाद लगी आग में डीएमआरसी के इंजीनियर अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम और 10 वर्षीय बेटी जान्हवी की जलकर मौत हो गई।

उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 2.39 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। सोसाइटी के इन-हाउस फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

### तलाशी के बाद मिले शव

दमकल कर्मियों ने फ्लैट में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मास्टर बेडरूम से तीनों के जले हुए शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी 38 वर्षीय पत्नी नीलम और 10 साल की बेटी जान्हवी के रूप में हुई। मृतक इंजीनियर की पत्नी की पहचान शव पर चिपके कपड़े से हुई है।

### उज्जैन के मूल निवासी थे अजय

मूलतः उज्जैन के रहने वाले थे असिस्टेंट इंजीनियर हादसे में मारे गए अजय मूल रूप से मध्य प्रदेश के उज्जैन के रहने वाले थे। वह 15 वर्ष पूर्व दिल्ली आ गए थे। यहां दिल्ली मेट्रो में असिस्टेंट सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात थे। मौके पर मौजूद उनकी बहन ऊषा ने बताया कि वे तीन बहन और दो भाई हैं। अजय छोटा भाई था। बड़े भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

### क्राइम और फोरेंसिक टीम ने की जांच

पुलिस ने बताया कि अजय विमल डीएमआरसी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। मौके पर क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि रूम हीटर में धमाके के बाद आग लगी, जिससे कमरे में आग तेजी से फैल गई। आग के दौरान कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो जाने के कारण परिवार के सदस्यों को समय पर बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

बंगाल में डीजीपी की कुर्सी पर महासंग्राम

# यूपीएससी ने ममता सरकार को दिया बड़ा झटका, सूची लौटाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति पर समस्या खड़ी हो गई है। मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो रहा है, लेकिन उत्तराधिकारी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। यूपीएससी ने ममता सरकार को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने भेजी गई आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट को वापस लौटा दिया है। यूपीएससी ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से परमिशन लेनी चाहिए। इसके निदेशक नंद किशोर कुमार ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को चिट्ठी लिखकर यह सख्त सलाह दी है।



### यह रही समस्या की जड़

इसकी असली जड़ दिसंबर 2023 के फैसलों में छिपी है। तब तत्कालीन डीजीपी मनोज मालवीय रिटायर हो रहे थे। सरकार को उनके जाने से पहले ही नए डीजीपी का पैनल तैयार करना था, लेकिन ममता सरकार ने उस समय राजीव कुमार को 'कार्यवाहक डीजीपी' बना दिया था। यूपीएससी को यह तरीका पसंद नहीं आया। आयोग ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है।

मानहानि मामले में बोले प्रियांक

# आरएसएस को बताया देश के विकास में सबसे बड़ा बाधक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने आरएसएस को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। खरगे ने एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में एक विशेष अदालत ने उन्हें और राज्य के साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है। संघ प्रमुख पर भी निशाना साधा है।



### कठपुतलियों से दर्ज करवा रहे मामले

उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों का समूह अपने कठपुतलियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ मामले दर्ज करवा रहा है, सिर्फ इसलिए कि हम आरएसएस पर जायज सवाल उठा रहे हैं। आरएसएस राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के दिए गए दान से चलता है। इस दावे के संबंध में कई जायज सवाल उठते हैं। ये स्वयंसेवक कौन हैं और इनकी पहचान कैसे होती है?

## स्केटिंग का लुत्फ



शिमला। मंगलवार को शिमला में एक बर्फीली सुबह में स्केटर्स आइस रिंक पर स्केटिंग कर रहे हैं।

नवनीत राणा के बयान पर बोले ओवैसी

# मेरे 6 तो बच्चे हैं, तुम 8 पैदा करो आपको तो कोई रोक ही नहीं रहा?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भाजपा नेता नवनीत राणा के ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले बयान के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा है। ओवैसी ने कहा कि उनके 6 बच्चे हैं और उन्होंने सवाल किया कि तुम्हें 8 बच्चे पैदा करने से कौन रोक रहा है? महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली में ओवैसी ने कहा कि मेरे 6 बच्चे हैं और मेरी दाढ़ी सफेद हो रही है। किसी ने कहा कि 4 बच्चे होने चाहिए। 4 ही क्यों? 8 बच्चे पैदा करो, तुम्हें कौन रोक रहा है? यह बयान पर पलटवार माना जा रहा है।



### कम से कम 4 बच्चे पैदा करें

भाजपा नेता नवनीत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि कुछ लोगों की कई पत्नियां और कई बच्चे होते हैं, जिससे उनकी आबादी बढ़ती रहती है और इसे रोकने के लिए, हिंदुओं को भारत की रक्षा के लिए कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करने चाहिए। भाजपा नेता राणा ने कहा था कि मैं सभी हिंदुओं से अपील करती हूं। सुनिए, ये लोग खुलेआम कहते हैं कि उनकी 4 पत्नियां और 19 बच्चे हैं। ओवैसी ने कहा मेरा सुझाव है कि हमें कम से कम 4 बच्चे पैदा करने चाहिए।

शिक्षा मंत्री प्रधान ने देश की प्राचीन भाषाओं पर कहा

# ये प्राचीन भाषाई परंपराओं व विरासत को संरक्षित करेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण और प्रसार को समर्पित कुल 55 महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया। 6 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय भाषाई ग्रंथों व साहित्य को लेकर यह पहल की गई।इस अवसर पर केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के अंतर्गत शास्त्रीय कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये कृतियां भारत की प्राचीन भाषाई परंपराओं और उनकी विद्वतापूर्ण विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। इन पुस्तकों का विमोचन इसलिए किया गया ताकि शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और भाषा-प्रेमियों को समृद्ध एवं प्रमाणिक सामग्री उपलब्ध हो सके।



### 13 पुस्तकों और 45-एपिसोड का लोकार्पण भी किया

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान द्वारा विकसित 13 पुस्तकों और तिरुक्कुरल पर आधारित 45-एपिसोड की भारतीय सांकेतिक भाषा में व्याख्यात्मक श्रृंखला का भी लोकार्पण किया गया। तिरुक्कुरल का यह सांकेतिक भाषा संस्करण श्रवण-दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल इस महान तमिल कृति को अधिक समावेशी और सबके लिए सुलभ बनाती है।

### इससे नई पीढ़ी तक पहुंच आसान होगी

मंत्रालय के अनुसार यह पहल भारत की शास्त्रीय भाषाओं की निरंतरता, उनके अकादमिक विस्तार और नई पीढ़ी तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम ने न केवल साहित्यिक धरोहर को नई ऊर्जा प्रदान की, बल्कि भाषा-अध्ययन को तकनीक और नवाचार से जोड़कर उसे आधुनिक समय के अनुरूप भी बनाया। प्रधान ने कहा कि आज 5 शास्त्रीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न संस्थानों की 55 दुर्लभ और मूल्यवान साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया गया।

### भाषाएं बनी समाज को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम

प्रधान ने कहा कि भारत की भाषाएं समाज को एक सूत्र में पिरोती हैं। देश में 1,000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और भाषाई संपदा का प्रमाण हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को भी दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की सभी भाषाएं ही राष्ट्रीय भाषाएं हैं, क्योंकि हर भाषा इस देश की आत्मा और पहचान को अत्यंत समृद्ध करती है। प्रधान ने भारतीय भाषाई धरोहर के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण के प्रति संकल्प का क्षण बताया।

क्यूबा के राजदूत जुआन बोले

# स्थिर भविष्य और भू-राजनैतिक संतुलन के लिए दुनिया को भारत की जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका ने रविवार तड़के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को काराकस में स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क में मादक पदार्थ-आतंकवाद के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है।



जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा

*भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है*

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई आतंकवादी कृत्य

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होने का आग्रह किया

## संप्रभु देश के खिलाफ अमेरिका ने की एकतरफा कार्रवाई

*एगुइलेरा ने कहा कि कोई अकेला देश अमेरिका को ऐसे एकतरफा कदम उठाने से रोक नहीं सकता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका के पागलपन का सामना करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। राजदूत ने कहा कि मेरे विचार में, अमेरिकी सैन्य आक्रमण वेनेजुएला के खिलाफ एक अपराध है। यह एक आतंकी कृत्य है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून में निहित सभी सिद्धांतों का उल्लंघन है। यह एक संप्रभु देश के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई है।*

### भारत एक बड़ी शक्ति

क्यूबा के राजदूत ने वैश्विक भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारत की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि दुनिया को भारत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ी शक्ति के रूप में जरूरी संतुलन बना सकता है और सभी देशों के लिए एक स्थिर भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। राजदूत ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की भूमिका भविष्य में लगातार मजबूत होती जाएगी। हमें भारत की आवश्यकता है ताकि हम वह संतुलन बना सकें जो दुनिया को चाहिए।

### आपसी सम्मान, सद्भावना पर टिका रिश्ता

*एगुइलेरा ने भारत के साथ क्यूबा के संबंधों का आधार साझा सम्मान, सद्भावना और सहयोग को बताते हुए कहा, दोनों देश अपने द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंधों की 66वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत ने अमेरिका की पाबंदियों के खिलाफ लाए गए क्यूबा के प्रस्ताव को 33 वर्षों से अधिक समय तक अपना समर्थन प्रदान किया।साथ ही हाल ही में तूफान के बाद राहत के रूप में वित्तीय मदद और दवाओं के लिए अनुदान भी दिया है। उन्होंने अमेरिका के नेताओं के ताजा बयानों की भी निंदा की। जिसमें उन्होंने कहा है कि वाशिंगटन सार्वजनिक रूप से लैटिन अमेरिका को अपने घर का पिछवाड़ा समझता है और क्षेत्र में ऐसी सरकारों के गठन को अपना अधिकार समझता है। जो अमेरिका के हितों के पक्ष में हों।*

### वैश्विक एकता जरूरी

क्यूबा के राजदूत ने अमेरिकी शुल्क युद्ध, ईरान को धमकियां और सैन्य हमलों का उल्लेख करते हुए वैश्विक एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्हों ने कहा कि मुझे लगता है कि कोई भी अकेले अमेरिका को रोक नहीं सकता, न ही रोक पाएगा। सभी को एक साथ आना चाहिए। यह एकता का समय है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्रवाई से दुनिया को एक खतरनाक संकेत मिला है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और ब्रिक्स को मजबूत करने पर जोर दिया।

---

## खबर संक्षेप

### इजराइल का लेबनान पर हवाई हमला, इमारत ध्वस्त

**सिडोन।** इजराइल की वायुसेना ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के लेबनान के सिडोन समेत दक्षिणी एवं पूर्वी इलाकों पर हमले किए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे हुए एक हमले में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में तीन मंजिला एक वाणिज्यिक इमारत ध्वस्त हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही दिन बाद लेबनान के सेना प्रमुख इजराइल के साथ लगती सीमा वाले इलाके में चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के निरस्त्रीकरण के अपने मिशन के बारे में सरकार को जानकारी देने वाले हैं। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने निंदा की।



### जापान में भूकंप के तेज झटके से कांपी धरती

**टोक्यो।** मंगलवार तड़के पश्चिमी जापान में कई भूकंप आए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.2 थी। इनका केंद्र शिमाने प्रांत और पड़ोसी तोटोरी प्रांत में था। पहला भूकंप सुबह 10:18 बजे (जेएसटी) आया, जिसकी तीव्रता 6.2 थी और यह लगभग 6 मील की गहराई पर केंद्रित था। जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर इसकी तीव्रता 5 से ऊपर दर्ज की गई। इसके तुरंत बाद दूसरा भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5 से नीचे दर्ज की गई। भूकंप के बाद लंबे समय तक कंपन महसूस किया गया।



### पिता बोले- निकिता का रूममेट था अर्जुन

**चंडीगढ़।** अमेरिका के कोलंबिया में कत्ल की गई डेटा और स्ट्रैटेजी एनालिस्ट निकिता गोडिशला के पिता आनंद गोडिशला ने चंडीगढ़ के आरोपी युवक को लेकर नया खुलासा किया है। पिता ने कहा कि चंडीगढ़ का अर्जुन शर्मा उनकी बेटी का बॉयफ्रेंड नहीं था। वह सिर्फ उसका रूममेट था। रुपयों के लेन-देन को लेकर उनकी बेटी की हत्या की गई है। निकिता की चचेरी बहन सरस्वती गोडिशला ने भी आरोप लगाया युवक ने निकिता के अकाउंट से 3500 अमेरिकी डॉलर (3.16 लाख रुपए) निकलवाए थे। जो उसने वापस नहीं लौटाए। इसी को लेकर विवाद हो रहा था।



---

सोशल मीडिया पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव, गोली मारने के आदेश, भारत में भी बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें।

■ कर्फ्यू के बीच काबू में हालात

जिला प्रशासन कार्यालय, परसा ने तनावपूर्ण स्थिति के बीच कर्फ्यू मंगलवार शाम 6 बजे तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने कर्फ्यू का वक्त दोपहर एक बजे तक बढ़ाया था।

बता दें, बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था।

इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई।

*कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश*



बीरगंज में प्रदर्शन करती भीड़

### कर्फ्यू के बीच सशर्त रियायत भी मिलेगी

*प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्फ्यू की अवधि के दौरान सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक सेवाओं में रियायत देने के निर्देश दिए गए हैं। कर्फ्यू की अवधि में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, शव वाहन, स्वास्थ्यकर्मियों के वाहनों, मीडिया कर्मियों, पर्यटकों की गाड़ियों, मानवाधिकार और राजनयिक मिशनों के वाहनों और वैध टिकट के साथ यात्रा के लिए एयरपोर्ट जा रहे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।*

### लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह

प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलने की विवशता होने पर निकटतम सुरक्षाकर्मी से संपर्क करें। मोबाइल से 100 पर कॉल करें। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सभा जुलूस प्रदर्शन प्रतिबंधित**

*परसा जिला कार्यालय के मुख्य अधिकारी भोला दहाल द्वारा हस्ताक्षरित एक नोटिस के अनुसार शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा करने, जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। बस पार्क, नागवा, इनारवा (पूर्व), सिरसिया नदी (पश्चिम), गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट (दक्षिण) को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है।*

### ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

नेपाल में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है। यह चुनाव 25 जनवरी को होना है। राष्ट्रीय सभा में कुल 59 सदस्य होते हैं। इनमें से हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। इस बार 4 मार्च को 18 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इन्हीं खाली होने वाली सीटों को भरने के लिए चुनाव कराया जाएगा।



नेपाल में तीन पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड (बाएं), केपी शर्मा ओली (मध्य) और शेर बहादुर देउबा

---

बेकाबू होते बांग्लादेश के हालात...

# अज्ञात हमलावरों ने की हिंदू दुकानदार चक्रवर्ती की हत्या



अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

18 दिन वक्त के भीतर पड़ोसी देश में किसी हिंदू अल्पसंख्यक के रूप में हुई शरत मणि की हत्या, छठी घटना के रूप में सबके सामने है। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्या के इन तमाम मामलों पर फिलहाल मूक दर्शक की भूमिका में ही नजर आ रही है। जिसका प्रमाण किसी भी मामले में अब तक दोषियों की गिरफ्तारी से लेकर उन्हें किसी तरह की कोई कठोर सजा न दिए जाने के रूप में सबके सामने है। औपचारिकता के रूप में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया गया है। बांग्लादेश में अगले महीने 12 फरवरी को आम चुनाव कराने की घोषणा की गई है। जिसे लेकर भारत ने पहले ही समावेशी आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने पर जोर दिया है।

### बढ़ती हिंसाओं को लेकर फेसबुक पर लिखा था

बीते सोमवार रात बांग्लादेश के पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे शरत मणि चक्रवर्ती पर अचानक अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया और उसके बाद वो फरार हो गए। स्थानीय लोग आनन-फानन में शरत को अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस फिलहाल मामले की तफ्तीश कर रही है। चक्रवर्ती ने पिछले साल के दिसंबर महीने की 19 तारीख को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर एक पोस्ट की थी। जिसमें बांग्लादेश समेत अपने स्थानीय इलाके में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनाओं पर चिंता प्रकट की थी।



### सुरक्षा देने में नाकाम यूनुस सरकार

विदेश मंत्रालय ने बताया था कि पड़ोसी देश में पिछले साल अगस्त महीने में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन की वजह से जबरन देश छोड़ने पर मजबूर हुईं तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामले के बाद से लेकर आज तक वहां पर अल्पसंख्यकों और उसमें भी मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कुल करीब 2 हजार 900 मामले सामने आ चुके हैं। दो दर्जन से ज्यादा हिंदू हिंसा की इन घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत ये भी साफ कर चुका है कि बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी मोहम्मद यूनुस की सरकार की है।

---

अमेरिकी लॉबी फर्म का दावा

# भारत के कई शीर्ष अधिकारियों और ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच कराई बहुत बैठकें

**सभी बैठकें पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के कालखंड में आयोजित हुई**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका की एक लॉबी फर्म द्वारा किए गए हालिया फाइलिंग्स ने नई दिल्ली के राजनयिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज़ कर दिया है। इन दस्तावेज़ों में फर्म ने दावा किया है कि उसने बीते एक वर्ष के दौरान भारत के कई शीर्ष अधिकारियों और ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच बैठकों की व्यवस्था की थी। सभी बैठकें पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर के कालखंड में आयोजित हुईं। फाइलिंग्स के अनुसार, जिन भारतीय अधिकारियों के नामों का उल्लेख किया गया है, उनमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर, और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा का नाम शुमार है।



### फर्म की भूमिका पर उठे सवाल

अमेरिका से इन खुलासों के बाद दिल्ली के राजनयिक समुदाय में कई सवाल उठने लगे हैं, विशेषकर इस बात को लेकर कि एक निजी अमेरिकी लॉबी फर्म की भूमिका भारत-अमेरिका के आधिकारिक कूटनीतिक संवाद में किस हद तक रही है। जानकारों का कहना है कि इस तरह के दावे संवेदनशील माने जाते हैं, क्योंकि भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक संपर्क सामान्यतः संस्थागत और सरकारी चैनलों के माध्यम से संचालित होते हैं।

### भारत ने नहीं दी प्रतिक्रिया

बता दें, अमेरिकी कानून के तहत लॉबी फर्मों को अपने कार्यों और संपर्कों का विवरण सार्वजनिक रूप से दर्ज कराना होता है। हालांकि, किसी बैठक की व्यवस्था किए जाने का दावा यह आवश्यक नहीं दर्शाता कि उन बैठकों में नीति-निर्धारण या औपचारिक समझौते भी हुए हों। फिलहाल भारत सरकार या संबंधित अधिकारियों की ओर से इन दावों पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। जानकारों का मानना है कि ऐसे खुलासे भारत-अमेरिका संबंधों की पारदर्शिता और प्रक्रियाओं को लेकर नई बहस को जन्म दे सकते हैं।

---

भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली

# लक्जमबर्ग के पीएम से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर फ्रांस और लक्जमबर्ग की छह दिन की यात्रा पर हैं। वह मंगलवार को लक्जमबर्ग पहुंचे और यहां उन्होंने मंगलवार पीएम ल्यूक फ्रीडेन से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के पीएम ल्यूक फ्रीडेन को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत रिश्तों के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उनकी यात्रा से भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली है।



पीएम ल्यूक फ्रीडेन और जयशंकर

### आईईए के कार्यकारी निदेशक से की मुलाकात

*सोमवार को जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के कार्यकारी निदेशक फतीह बिरोल से मुलाकात की और तेल बाजारों, परमाणु ऊर्जा समेत वैश्विक ऊर्जा मुद्दों पर उनसे चर्चा की। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के उनके आकलन और भारत के विकास में उनके समर्थन की सराहना करता हूं।*

---

## जेएनयू छात्रों ने पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे लगाए

इस संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया

# जेएनयू सुरक्षा विभाग ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने दिया पत्र

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ सोमवार रात को साबरमती हॉस्टल के बाहर कथित तौर पर आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी की गई। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया है। इस मामले पर जेएनयू सुरक्षा विभाग ने वसंत कुंज (नॉर्थ) थाना एसएचओ को मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायत पत्र दिया है।

उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के खिलाफ जताई नाराजगी



### जेएनयू में हिंसा की बरसी बनाने एकत्रित हुए थे

इस मामले पर जेएनयू सुरक्षा विभाग द्वारा एसएचओ को लिखे पत्र के अनुसार साबरमती हॉस्टल के बाहर जेएनयू छात्र संघ से जुड़े छात्रों की ओर से गुरिल्ला ढाबा पर प्रतिरोध की रात शीर्षक के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य 5 जनवरी 2020 को जेएनयू में हुई हिंसा की छठी वर्षगांठ मनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत के समय ऐसा लगा कि छात्र सिर्फ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ही आए थे। लेकिन जानबूझकर ये छात्र सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली दंगे मामले में आरोपी जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के खिलाफ नाराजगी और आक्रोश व्यक्त करने के लिए जुटे थे। छात्रों की ओर से कथित आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी की गई।

### तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा

*जेएनयू प्रशासन ने परिसर में हुई नारेबाजी को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि इसमें शामिल छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि किसी भी तरह की हिंसा, गैरकानूनी आचरण या राष्ट्रविरोधी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जेएनयू की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विश्वविद्यालय नवाचार और नए विचारों के केंद्र होते हैं, लेकिन उन्हें नफरत की प्रयोगशालाओं में बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रशासन ने दो टूक कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कानून और संस्थागत मर्यादाओं का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। जेएनयू का माहौल अकादमिक विमर्श और रचनात्मक बहस के लिए है, न कि विभाजन और उकसावे के लिए।*

### घटना निंदनीय, राष्ट्र के खिलाफ

दिल्ली के मंत्री आशीष सूद एवं मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस घटना की निंदा की। कहा कि जेएनयू में शरजील इमाम और उमर खालिद का समर्थन किया गया। वहां जो हुआ है, वह निंदनीय है और राष्ट्र के खिलाफ है। आप नीतिगत मुद्दों पर लड़ सकते हैं, लेकिन लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### सभी नारे वैचारिकः मिश्रा

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और वे किसी पर व्यक्तिगत हमला नहीं थे। वे किसी को लक्ष्य करके नहीं लगाए गए थे।

---

यूएई यात्रा के दौरान बोले जनरल द्विवेदी

# क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भारत-यूएई मजबूत सहयोग करें

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इन दिनों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के अधिकारियों को संबोधित किया। सेनाप्रमुख ने भारत के इस मित्र देश में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की नेतृत्व भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सहजीवी परिणाम हासिल करने और उसके साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक शांति और सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए भारत, यूएई व अन्य क्षेत्रीय भागीदारों के बीच मजबूत द्विपक्षीय-बहुपक्षीय रक्षा सहयोग की आवश्यकता है। जनरल द्विवेदी ने तेजी से विकसित हो रहे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य और आधुनिक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। साथ ही आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी के महत्व को भी उन्होंने प्रमुखता के साथ रेखांकित किया।



सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# हेड और स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 134 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज श्रृंखला के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।

हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। इससे पहले उनका इस श्रृंखला में उच्चतम स्कोर 61 रन था, जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था।

### स्मिथ का टेस्ट करियर का 37वां

स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं।

### एशेज : ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट में पहली पारी में 7 विकेट पर बनाए 518 रन





### दर्शकों ने किया उस्मान का तालियों से स्वागत

हेड जब आउट होकर पवेलियन लौट रहे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया लेकिन वह उस्मान ख्वाजा थे जिनके लिए दर्शकों ने सबसे अधिक तालियां बजाई। ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। ख्वाजा पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस मैच के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय दर्शकों ने उनका भी खड़े होकर अभिवादन किया।

### हेड बने एशेज में 3 शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

हेड ने 105 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज श्रृंखला में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अपनी पारी में 24 चौके और एक छक्का लगाया। हेड को 121 रन के निजी योग पर उस समय जीवनदान मिला जब विल जैक्स ने ब्रायडन कार्स की गेंदबाजी पर उनका आसान कैच छोड़ा। उन्होंने कुछ समय के लिए अपनी रन-रेट धीमी कर दी। नाइटवॉचमैन माइकल नेसर (24) के कार्स की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट होने के बाद उन्होंने अपनी रन-रेट बढ़ा दी। नेसर के आउट होने से तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी समाप्त हो गई। हेड ने पारी का पहला छक्का लगाया और फिर एक और चौका लगाकर 150 रन का आंकड़ा पार किया, जिससे उनका कुल स्कोर 152 गेंदों में 153 रन हो गया। वह दिन के दूसरे सत्र में आउट हुए।

## खबर संक्षेप



### मिस्र की मलिका को हराकर अनाहत की फाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है।

### खब्बू बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे फिलिप्स



**नई दिल्ली।** भारत में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप की तैयारी कर रहे न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि बाए हाथ की उनकी बल्लेबाजी में सुधार से भविष्य में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें काफी मदद मिल सकती है। लीक से हटकर खेलने के अंदाज के लिए मशहूर फिलिप्स ने पिछले मंगलवार को ' सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ' के खिलाफ ' न्यूजीलैंड सुपर स्मैश ' मुकाबले में ' ओटागो ' के लिए नाबाद 90 रन की पारी से प्रभावित किया।

### पांच बच्चियों ने महिला क्रिकेट टीम के साथ बिताए यादगार पल



**विशाखापत्तनम।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कोलकाता के 'उदयन एनजीओ' की पांच युवा लड़कियों के लिए एक विशेष 'मीट एंड ग्रीट' का आयोजन किया। एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम में आयोजित इस कार्यक्रम ने इन बच्चियों को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ आमने-सामने बातचीत करने का एक दुर्लभ और प्रेरणादायक अवसर प्रदान किया। इनमें सुपर्णा महतो (9), एंजेल बाउरी (10), रोशनी कर्मकार (10), मिनाती बास्के (10) और अनुराधा मांडी (11) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कुछ सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों, जिनमें हरमनप्रीत कौर, स्नेह राणा, शेफाली वर्मा और हरलीन देओल शामिल थीं, के साथ एक यादगार दिन बिताया। बीसीसीआई द्वारा सुलभ कराए गए इस मंच पर इन बच्चियों ने दिग्गज क्रिकेटरों के साथ प्रैक्टिस नेट्स में भी कदम रखा।

## विजय हजारे ट्रॉफी : श्रेयस ने की फिटनेस साबित, 53 गेंद में बनाए 82 रन

# अय्यर की जबरदस्त वापसी, उड़ाई आतिशी फिफ्टी, 155 की स्ट्राइक रेट से बनाए रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रेयस अय्यर ने चोट से उबरने के बाद जोरदार वापसी की है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ जबरदस्त अर्धशतक लगाया। श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर उतरकर 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। इसमें 10 चौके व तीन छक्के शामिल रहे। श्रेयस ने 155 की स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। वे इस मुकाबले में मुंबई की कप्तानी भी संभाल रहे हैं।

शार्दुल ठाकुर के चोटिल होने की वजह से उन्हें यह जिम्मा मिला है। श्रेयस को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोट लग गई थी। फील्डिंग के दौरान उनकी स्प्लीन में चोट आई थी। इसके बाद उन्हें सिडनी में आईसीयू में रखा गया था। तब से वे खेल से दूर रहे। रिकवर होने के बाद वे बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गए और वहां रिहैब के बाद अब खेलने उतरे हैं। उन्होंने मुंबई की तरफ से खेलते हुए भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज को लेकर फिटनेस से जुड़े संदेहों को भी दूर कर दिया।



### श्रेयस ने की तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी

श्रेयस मुंबई की पारी के आठवें ओवर में बैटिंग के लिए उतरे। तब टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था। इसके बाद मुशीर खान के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। मुशीर 51 गेंद में 73 रन बनाने के बाद आउट हुए। उनके जाने के बाद श्रेयस और सूर्या साथ आए। इनके बीच 63 रन की पार्टनरशिप हुई। श्रेयस ने 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। तब तक वे चार चौके व तीन छक्के लगा चुके थे। पांचवें विकेट के रूप में 221 के कुल स्कोर पर श्रेयस आउट हुए।



### पडिक्कल 5वें शतक से चूके सीजन में बनाए 600 से ज्यादा रन

**अहमदाबाद।** देवदत्त पडिक्कल का विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म जारी है। उन्होंने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ छह पारियों में 5वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। हालांकि वह छह मैचों में 5वें शतक से चूक गए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर मानव सुथार के खिलाफ कर्नाटक के ओपनर पडिक्कल 91 रन पर आउट हो गए। 34 पारियों में उनके 13 शतक पहले से ही एक शानदार उपलब्धि है। वह सिर्फ महाराष्ट्र के अंकित बावने (99 मैचों में 15) और ऋतुराज गायकवाड़ (57 मैचों में 14) से भी पीछे है।



### अमन ने ठोका दोहरा शतक जड़े 12 चौके और 13 छक्के

**राजकोट।** अमेरिका में जन्में अमन राव ने बड़े शॉट खेलने के अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में नाबाद दोहरा शतक लगाया, जिससे हैदराबाद ने बंगाल के खिलाफ पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

### विष्णु विनोद ने 84 गेंद में खेली शतकीय पारी खेली

केरल के बल्लेबाज विष्णु विनोद ने विजय हजारे ट्रॉफी के छठे राउंड में तूफानी पारी खेली। उन्होंने नाबाद 162 रन की पारी खेली और केरल को पुडुचेरी के खिलाफ आठ विकेट की बड़ी जीत दिलाई। विनोद ने चौथे नंबर पर आकर 84 गेंद में 13 चौकों व 14 छक्कों से शतकीय पारी खेली। इससे केरल ने 248 रन के लक्ष्य को 29 ओवर में ही हासिल कर लिया। विनोद ने अपनी पारी से नए रिकॉर्ड बनाए। वे लिस्ट ए क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज 150 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने 81 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। वे वैभव सूर्यवंशी (59) और दिनेश कार्तिक (80) से पीछे रहे। विनोद की पारी में 14 छक्के शामिल रहे। इससे उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 100 सिक्सेज की उपलब्धि भी हासिल की।

### गिल का नहीं चला बल्ला

**जयपुर।** विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब की तरफ से ओपनिंग करते हुए शुभमन गिल का बल्ला नहीं चला। गोवा के खिलाफ जयपुर में खेले जा रहे मुकाबले में शुभमन गिल 11 रन बना सके।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

### हरमनप्रीत ने लगाई छलांग शीर्ष से खिसकी दीप्ति

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद जारी आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम



रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई। भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर 30 दिसंबर को समाप्त हुई श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत को इस मैच में 43 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह इस पारी के बाद रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है।

### श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़ी

दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गईयी है। पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गई।

## ऑकलैंड ओपन

# 45 साल की उम्र में वीनस का कोर्ट में जुझारू प्रदर्शन

खेला अपना 1101वां मैच




एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया लेकिन आखिर में वह मंगलवार को यहां ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं।

वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। यह मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

■ पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हारी

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा। ऑकलैंड में खेला गया यह मैच वीनस का पिछले साल अगस्त में अमेरकी ओपन के पहले दौर में कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 5-1 से हारने के बाद पहला एकल मैच था। वीनस ने इससे पहले ऑकलैंड ओपन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना के साथ मिलकर सोमवार को युगल मैच खेला था, जिसमें उन्हें इवा जोविक और एलेक्जेंड्रा एला से 7-6 (7), 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

## 18 जनवरी से टूर्नामेंट की शुरुआत, पुरस्कार राशि में 16 फीसदी की बढ़ोतरी

# ऑस्ट्रेलियन ओपन की प्राइज मनी 6 अरब 75 करोड़ रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2026 के लिए खिलाड़ी तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ी वार्म अप मैच खेल रहे हैं। इसके बीच ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि को लेकर बड़ी अपडेट आई है।

पिछले साल की तुलना में राशि में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस ग्रैंडस्लैम की इनामी राशि रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 6 अरब 75 करोड़ 47 लाख रुपए के करीब है।



### 16 प्रतिशत अधिक

यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष सिंगल्स में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 25 करोड़ रुपए के करीब मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। पिछले सीजन यानकि सिनर और मैडिसन की ने खिताब जीता था।

### पहले राउंड में हारने वाले को एक करोड़

टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने इस राशि के बंटवारे में खास तौर पर शुरुआती राउंड में हारने वाले खिलाड़ियों और क्वालिफायर्स को टारगेट किया है। मेन ड्रॉ के पहले राउंड में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को अब एक करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि क्वालिफाइंग के पहले राउंड में बाहर होने वालों को साढ़े 24 लाख रुपए मिलेंगे।

### प्राइज मनी में अब तक 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी

टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने कहा कि यह 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हर लेवल पर टेनिस करियर को सपोर्ट करने की हमारी कमिटमेंट को दिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि 2023 से क्वालिफाइंग प्राइज मनी को 55 प्रतिशत बढ़ाने से लेकर खिलाड़ियों के फायदों को बेहतर बनाने तक हम यह पक्का कर रहे हैं कि प्रोफेशनल टेनिस सभी खिलाड़ियों के लिए जीवित रहे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और एक फरवरी को इसका फाइनल खेला जाएगा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र 35 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — जबलपुर दिनांक 01/01/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _472576_pack1 | जिला शिक्षा कार्यालय जबलपुर के पुराने भवन डी. ओ. ऑफिस में एडीशन / आल्ट्रेशन कार्य, पार्किंग शेड प्लिंथ प्रोटेक्शन एवं यूरेनियल आर.सी.सी. ड्रेन, वाटर प्रूफिंग कार्य। | प्रथम | 49.26 | 49300.00 | 5000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _472577_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत, वेंटीलेटर ग्रिल एवं एल्युमिनियम मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 17.60 | 36000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _472579_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत चेम्बर का निर्माण सीवर लाईन, सेप्टिक टेंक एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.60 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _472580_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत एम. पी. एम. डी. आर. -37-10 सी. सी. मार्ग कि.मी. 3 से 5 ज्वाइंट ग्रोव्स विथ एक्सपॉक्सी मोर्टार, क्रेक फिलिंग, स्पलिंग, स्टिचिंग,स्लेब ज्वाइंट आदि मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB _472581_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत कटंगी सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2026_PWDRB _472585_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत मंझौली सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2026_PWDRB _472586_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत पनागर सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2026_PWDRB _472587_pack1 | एम.एम.व्ही. सेक्शन अंतर्गत एन.सी.सी. बिल्डिंग में एडीशन अल्ट्रेशन एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 18.80 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2026_PWDRB _472588_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत कंडोमेनियम बिल्डिंग में क्लब हाऊस की मरम्मत, स्वीमिंग पूल गार्डन विस्तार एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2026_PWDRB _472590_pack1 | एन.सी.सी. ऑफिस अंतर्गत अशोक हॉस्टल अंतर्गत आरती यूनिट में एडीशन, अल्ट्रेशन एवं रेनोवेशन कार्य। | प्रथम | 19.71 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2026_PWDRB _472591_pack1 | एम.एम.व्ही. सेक्शन सिटी सेक्शन अंतर्गत विशेष मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य । | प्रथम | 19.98 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2026_PWDRB _472592_pack1 | एन.सी.सी. ऑफिस अंतर्गत अशोक हॉस्टल अंतर्गत नोवल यूनिट में एडीशन अल्ट्रेशन एवं रेनोवेशन कार्य । | प्रथम | 11.50 | 24000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2026_PWDRB _472593_pack1 | धनपुर 1 / 4 से उमरिया मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य । | द्वितीय | 256.45 | 256500.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2026_PWDRB _472594_pack1 | उमरिया ( टिकरियाटोला ) से लहसर मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य । | द्वितीय | 361.62 | 362000.00 | 15000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2026_PWDRB _472595_pack1 | कुण्डम-इमलई-चीरापानी-सकरी-बरेला निवास मार्ग, चौरई-कउझर-मोहानी मड़ई-मकरार-उमरिया मार्ग लंबाई 32.00 कि.मी. कार्य की लंबाई 24.00 कि.मी. का सुदृढीकरण का कार्य । | प्रथम | 484.86 | 484900.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2026_PWDRB _472596_pack1 | कुण्डम-कुबराघाट-तितहाकला-ददरगवां-ख मरवानी से कटनी उमरिया मार्ग, चौरई-हरदुली-भाईन्सवाही-झिरिया-महेशपुरी-देवहरा से निवास - शहपुरा मार्ग कुल लंबाई 16.00 कि.मी., कार्य की लंबाई 12.00 कि.मी. एवं धनपुरी-मलारा-तिलहरी मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य । | प्रथम | 469.09 | 469100.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2026_PWDRB _472613_pack1 | देवरी ( पटपरा) मेन रोड से टोला पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 293.18 | 293180.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | कुल योग | | 2121.42 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/01/2026 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स ), संभाग क्र 1 जबलपुर

G-24020/25 "स्वच्छता ही सेवा"




# नगर के जर्जर हो चुके आवासों का रिनोवेशन नहीं करवा रहा बीडीए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भोपाल विकास प्राधिकरण शहर में एक दर्जन से ज्यादा आवासीय प्रोजेक्ट के रिनोवेशन में देरी कर रहा है। दरअसल अधिकांश आवासीय क्षेत्र 30 से 35 साल पुराने हो चुके हैं। इंद्रपुरी के अजंता काम्प्लेक्स के आवासों से तो आए दिन छज्जे और प्लास्टर गिरने के मामले में प्रकाश में आते हैं। इसके बावजूद आवासों का न तो मेंटेनेंस हो रहा है न रिकंडीपिफकेशन का काम। जिम्मेदारों का इस मामले को लेकर कहना है कि इसे लेकर सरकार से चर्चा चल रही है, जबकि रहवासी परेशान हैं। बीडीए का इंद्रपुरी में अजंता कॉप्लेक्स 30 साल से ज्यादा पुराना है। इसकी तरह अन्य आवासीय प्रोजेक्ट भी करीब 35 साल पुराने हो चुके हैं। कंस्ट्रक्शन कमजोर हो रहा है। प्लास्टर और छज्जे गिरते हैं। सबसे अधिक दहशत में रहवासी बारिश के मौसम में होते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा इंतजामों को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

*आवास हो रहे जर्जर, गिरने की कगार पर, हादसे की आशंका रहवासी कर रहे हैं शिकायत, लेकिन कोई सुध नहीं ले रहे बीडीए प्रशासन*


इंद्रपुरी स्थित जनता कॉम्प्लेक्स जर्जर हालत में।

*35 साल से ज्यादा पुराने हो चुके हैं आवास अजंता काम्प्लेक्स, अंकुर आवास, होशंगाबाद रोड सहित शहर के अन्य क्षेत्र*

**लोगों का तर्क**

### हमारी समस्या कोई नहीं सुन रहा

अंकुर, अंजता काम्पलेक्स सहित अन्य आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि बीडीए के आवास काफी पुराने हो चुके हैं। बारिश में तो कई बार छज्जे गिरने की घटनाएं तक हो रही हैं। लोग दशहत के बीच रहने को मजबूर हैं, लेकिन बीडीए आवासों का मेंटेनेंस करवाना तो दूर मौके पर लोगों की समस्याएं तक नहीं देख रहा है।

टेक्निकल अधिकारी धर्मेंद्र कटहल कार्यालय में लोगों को नहीं मिलते। लोग उनके पास शिकायतें लेकर तो पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बिना मिले ही लौटना पडता है। बीडीए के अधिकारी हैदर का कहना है कि बीडीए ने अपने पुराने हो चुके आवासों के रिनोवेशन की योजना बनाई है। इस मामले को लेकर शासन से चर्चा भी चल रही है। शासन से मंजूरी के बाद रिनोवेशन का काम होगा।

# शराब पीने पर मां ने समझाइश दी तो युवक ने खुद को फूंका, मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

बैरागढ़ इलाके में मां की समझाइश से नाराज होकर एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। नौ दिन तक चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक संजीव नगर में रहने वाला 21 वर्षीय अंकित माझी मजदूरी करता था।

बीती 29 दिसंबर की रात उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां कल देर रात उसकी मौत हो गई। मृत्यु से पूर्व हुए बयानों में युवक ने


फाइल फोटो

पुलिस को बताया कि रोजाना अपने दोस्तों के साथ शराब पीता था। इस बात को लेकर उसकी मां ने समझाइश दी थी, तो वह गुस्सा होकर बाहर चला गया था। जहां उसने गुस्से में आकर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। अस्तपाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### चलती बस से गिरने से अधेड़ की मौत

ऐशबाग पुलिस ने बताया कि 55 वर्षीय दिनेश बीती रात कैपीटल पेट्रोल पंप के पास चलती बस से नीचे गिर गए थे। आसपास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। उधर गौतम नगर में कैंसर की सर्जरी से पहले 37 वर्षीय सुनील यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**मध्यप्रदेश में राज्य पुलिस सेवा के 64 अफसरों के ट्रांसफर**

# चूनाभट्टी भोपाल की एसीपी अंजली रघुवंशी का तबादला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मंगलवार को गृह विभाग ने राज्य पुलिस सेवा के 64 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। इसमें एक दर्जन से अधिक अफसरों को फील्ड पोस्टिंग से हटाते हुए भोपाल पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। देर शाम जारी आदेश अनुसार,पन्ना जिले के गुन्नौर एसडीओपी मानसिंह टेकाम को पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है।

इसी तरह, 24वीं वाहिनी जावरा रतलाम के सहायक सेनानी रामबाबू पाठक को 25वीं वाहिनी भोपाल पदस्थ किया गया। इंदौर जिला पुलिस के एसपी यातायात जोन- 2 मनोज खत्री को पीटीआरआई मुख्यालय, डीएसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल सुभाष सिंह को डीएसपी साइबर सेल पीएचक्यू, विसबल ग्वालियर 14वीं वाहिनी के सहायक सेनानी दिलीपचंद्र छारी को सहायक सेनानी 7वीं वाहिनी भोपाल, थांदला झाबुआ के डीएसपी नीरज नामदेव को डीएसपी पुलिस अकादमी भौंरी, भोपाल स्थानांनतरित किया गया है।

### विवादित अधिकारियों को भी फील्ड से हटाया

आज जारी तबादला सूची में कई विवादित अधिकारियों को भी फील्ड से हटाया गया। चुरहट के एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी, आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर, घाटीगांव जिला ग्वालियर के एसडीओपी शेखर दुबे, चूना भट्टी नगरीय क्षेत्र भोपाल की एसीपी अंजली रघुवंशी,डीएसपी महिला सुरक्षा बुरहानपुर प्रीतम सिंह ठाकुर व बीना एसडीओपी नीतेश पटेल को भी पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है।

**14 फरवरी तक चलेगी सुनवाई, मतदाता पेश कर रहे जन्म का प्रमाण**

# आधे वोटर्स को बांटे नोटिस, 12 हजार ने पेश किए दस्तावेज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे चरण में पांच जनवरी से नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई का काम जारी है। जिसके तहत अब तक 10 हजार 233 मतदाताओं ने नोटिस मिलने के साथ ही बीएलओ एप में जन्म के दस्तावेज अपलोड करा दिए हैं, जबकि 1864 मतदाताओं ने दो दिन में वार्ड और तहसील दफ्तरों में जाकर दस्तावेज पेश कर दिए हैं। दस्तावेज पेश करने वाले मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा जाएगा। जबकि



दस्तावेज पेश नहीं करने पर 23 फरवरी को जारी होने वाली फाइनल वोटर लिस्ट से नाम काट दिया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि बैरसिया, हुजूर तहसील सहित नगर निगम क्षेत्र के 85 वार्डों में एईआरओ द्वारा नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है।

**मांगों पर निर्णय नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन और भूख हड़ताल की चेतावनी**

# शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग, डीपीआई पहुंचे अभ्यर्थियों ने पढ़ा हनुमान चालीसा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

प्रदेश में शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग को लेकर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी राजधानी भोपाल पहुंचे। इस दौरान अभ्यर्थी रैली निकालते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के सामने प्रदर्शन किया।

अभ्यर्थियों ने इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। हालांकि इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। अभ्यर्थियों का कहना है कि मप्र शासन द्वारा जारी राजपत्र के अनुसार 27 दिसंबर 2024 तक माध्यमिक शिक्षकों के करीब 99,197 और प्राथमिक शिक्षकों के लगभग 1,31,152 पद रिक्त हैं।

इसके बावजूद वर्तमान भर्ती प्रक्रिया


प्रदेश में शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी ।

में माध्यमिक शिक्षकों के सिर्फ 10,800 और प्राथमिक शिक्षकों के 13,089 पदों पर ही नियुक्ति की जा रही है। अभ्यर्थियों ने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन और भूख हड़ताल जैसे चरण में बदला जाएगा।

### यह हैं अभ्यर्थियों की मांगे

अभ्यर्थियों ने मांग की कि शिक्षक भर्ती वर्ग-2 के सभी विषयों में कम से कम 3-3 हजार पदों की वृद्धि, प्राथमिक शिक्षक भर्ती (वर्ग-3) में पदों की संख्या बढ़ाकर 25 हजार और द्वितीय काउंसिलिंग जल्द शुरू की जाए। इसके साथ ही जब तक शिक्षक भर्ती 2025 पद वृद्धि के साथ पूरी नहीं हो जाती, तब तक नई पात्रता परीक्षा आयोजित न की जाए।

**शराब दुकान से धोखाधड़ी**

# कर्मचारियों ने हड़पे 2.3 लाख, शराब ठेकेदार की शिकायत पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी में शराब दुकान से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दुकान के ठेकेदार की शिकायत के आधार पर कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया गया है।

मामला 2 लाख 31 हजार रुपए से जुड़ा हुआ है। शहजहानाबाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कर्मचारी मयूर श्रीवास को गिरफ्तार भी किया है। कंपनी की रकम न जमा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 2025 अक्टूबर में शराब बिक्री में धोखाधड़ी की गई। पेटियों के हिसाब से शराब सप्लाई होती है। बिक्री के बाद रकम को खाते में नहीं जमा किया था।

ठेका मैनेजर योगेश सिंह चौहान की आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पुलिस ने पूछताछ भी की हुई है। इसके अलावा अन्य गड़बड़ियों के मामले में पुलिस जांच कर रही है। शराब ठेके में यह अंदरूनी धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है फिलहाल पुलिस को कई और कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल है।

# एफआईआर दर्ज न करने पर हाईकोर्ट ने 4 अफसरों को भेजा नोटिस, डीजीपी को भी किया तलब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश में पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। प्रायः थानों में अपराध दर्ज करने में जबर्दस्त हीला हवाली की जाती है। ऐसी बेशुमार शिकायतों के बावजूद पुलिस विभाग कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहा है। गंभीर मामलों में भी एफआईआर दर्ज कराने के लिए पीड़ित यहां से वहां भटकते रहते हैं।

ऐसे ही एक केस में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय (एमपी हाईकोर्ट) ने सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने एफआईआरदर्ज नहीं करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस के 4 अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

इनमें डीजीपी भी शामिल हैं। कोर्ट द्वारा वरिष्ठतम अधिकारी को नोटिस जारी किए जाने के बाद विभाग में खलबली मची है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में थाना सीमा क्षेत्र को लेकर प्रभावित को भटकाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने कोर्ट को बताया कि थानों की सीमा का जिक्र करते हुए पुलिस अधिकारी एक थाने से दूसरे थाने भेजते रहे, लेकिन कहीं भी फरियादी की बात सुनकर एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

### केस दर्ज कराने इधर-उधर भटका रहे टीआई

याचिका में विजय नगर पुलिस स्टेशन, राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन और लसुड़िया पुलिस स्टेशन के टीआई पर केस दर्ज करने के लिए इधर-भटकाने का आरोप लगाया गया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में कहा कि सीमा विवाद के कारण उनका केस दर्ज नहीं किया गया है। फरियादी को अभी भी एक पुलिस स्टेशन से दूसरे पुलिस स्टेशन में भेजा जाता है।

# महापौर मालती राय ने किया बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

महापौर मालती राय ने मंगलवार को अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसिर में निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया।



उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट की पर्याप्त ऊंचाई, खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चेंजिंग रूम, टॉयलेट आदि निर्माण आदि सहित पूरी कार्य योजना के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य की गति बढ़ाकर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त हर्षित तिवारी सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।




**बीसीसीआई के रेफरी पहुंचे भोजपुर क्लब, क्रिकेट की नर्सरी देख हुए अभिभूत**

# विराट और रोहित क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के लिए योग्य: निषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय खेलों में से एक क्रिकेट की शोहरत दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। और बढ़े भी क्यों ना, अपने तीनों फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी-20 के रूप में यह खेल दिन और रात दोनों समय में आकर्षक बन गया है। बहरहाल, अब तक हमने कमेंटेटर, खिलाड़ी और दर्शकों के नजरिए से क्रिकेट को जाना और समझा है।



दरअसल, बीते रोज इंटरनेशनल क्रिकेट कमेटी (आइसीसी) के मैच रेफरी निषित पुंजा अपनी पत्नी के साथ ओमान से भोजपुर क्लब पहुंचे और यहां चल रही क्रिकेट की नर्सरी को देख अभिभूत हो गए। उन्होंने यहां की स्पोर्ट्स फैसिलिटी को लेकर एएस सिंहदेव (एसपीजी चेयरमैन) से चर्चा की और कहा- इस तरह के क्लब से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का निकलना रोचक है। उनका इशारा कीर्ति गौड़, अनिकेत वर्मा, मोहनिश मिश्रा, समय श्रीवास्तव, अयान मो. खान जैसे खिलाड़ियों की ओर था। क्रिकेट को लेकर उन्होंने खास चर्चा में बताया कि आज के समय में भोजपुर क्लब जैसे संस्थान खेलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों को लेकर कहा कि उनका खेल श्रेष्ठ है।

शुभमन गिल, तिलक वर्मा, अभिषेक और खासकर अंडर-19 की टीमों के वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ियों की क्रिकेट तो बेहतरीन हैं। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम को लेकर कहा कि गजब की टीम है। विश्व कप विजेता बनना भी बड़ी उपलब्धि है और फिर यह ज्यादा मायने रखता है कि केवल बड़े शहरों या राज्यों ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों व कस्बों से भी खिलाड़ी टीम हैं। मप्र से भी क्रांति गौड़ और आयुषी शर्मा टीम में हैं। यह बड़ी बात है। वहीं, विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर कहा कि दोनों आज भी क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलने के योग्य हैं और टी-20 के लिए भी डिजर्व करते हैं।

### मप्र में क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है: मोहनीश

क्रिकेट और मध्यप्रदेश का रिश्ता काफी पुराना है। यहां से न केवल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी निकले हैं, बल्कि खेल के बाद भी उन्होंने क्रिकेट से जुड़े रहकर युवाओं के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक का काम किया है। खास बात यह है कि यहां से अब महिला क्रिकेट खिलाड़ी भी उभर रही हैं। मोहनीश न केवल अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि अपने हुनर से वह आज भी नई पौध को सींच रहे हैं। मोहनीश अभी मप्र की अंडर-19 टीम के कोच हैं। मोहनीश ने बातचीत में बताया कि मप्र ने शुरू से ही क्रिकेट को बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं। एक ओर नरेंद्र हिरवानी, राजेश चौहान, अमय खुरासिया जैसे खिलाड़ियों ने देश के लिए खेलकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया, वहीं रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर, जैसे खिलाड़ी हमारे भविष्य हैं। फिर अनिकेत वर्मा, आशुतोष, मंगेश यादव, शिवांश कुमार जैसे खिलाड़ियों में काफी संभावनाएं भी दिखाई देती है। वहीं एमपीएल को लेकर मोहनीश ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से नए चेहरे सामने आते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930